आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शनिवार 29 जून 2024 ■ आषाढ़ कृष्ण पक्ष-8 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-092 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 30 जून 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

संक्षेप

अमिताभ जैन राज्य नीति आयोग के उपाध्यक्ष

रायपुर,29 जून। सीएस अमिताभ जैन को राज्य नीति आयोग के उपाध्यक्ष का अतिरिक्त दायित्व सौंपा गया है। उपाध्यक्ष पद पर अजय सिंह काबिज थे जो कि कुछ दिन पहले राज्य निर्वाचन आयुक्त बनाए गए हैं। जारी आदेश में लिखा है...राज्य शासन एतदद्वारा अमिताभ जैन, भा.प्र.से. (1989), मुख्य सचिव, छत्तीसगढ़ शासन को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ उपाध्यक्ष, राज्य नीति आयोग, छत्तीसगढ़ का अतिरिक्त प्रभार सौंपता है।

नेता का बच्चा राजनीति नहीं करेगा तो क्या खेतीबाड़ी करेगा : लवली आनंद

पटना ,29 जून। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार की राजनीति में आने की चर्चा के बीच प्रदेश में सियासत गर्म हो गयी है। इस बीच, जदयू की सांसद लवली आनंद ने इस निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि ऐसी कोई बात उन्होंने सुनी नहीं है, लेकिन वे राजनीति में आते हैं तो स्वागत योग्य बात है। उन्होंने कहा कि पॉलिटिशियन का बच्चा पॉलिटिक्स नहीं करेगा तो क्या खेतीबाड़ी करेगा। इस बयान को राजद ने किसानों का अपमान बताया है। जदयू की सांसद लवली आनंद ने कहा, डॉक्टर का बच्चा डॉक्टर होता है, वकील का बच्चा वकील और इंजीनियर का बच्चा इंजीनियर होता है। अगर पॉलिटिशियन का बच्चा पॉलिटिक्स में गया तो क्या गलत है? जदयू की सांसद लवली आनन्द के बयान पर राजद के प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने पलटवार करते हुए इसे देश के किसानों का अपमान बताया है। उन्होंने कहा कि लवली आनंद को किसानों से माफी मांगनी चाहिए।

निर्माणाधीन मकान की दीवार गिरने से आठ बच्चे दबे, तीन की मौत

ग्रेटर नोएडा ,29 जून । ग्रेटर नोएडा में एक बड़ी दुर्घटना हुई है। भीषण बारिश के चलते निर्माणाधीन एक मकान की दीवार गिर गई। इसके नीचे आठ बच्चे दब गए। इनमें से तीन बच्चों की मौत हो गई। बाकी बच्चों का अस्पताल में उपचार चल रहा है। मौके पर राहत व बचाव टीमें मौजूद हैं। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक थाना सूरजपुर क्षेत्रान्तर्गत खोदना गांव में निर्माणाधीन मकान की दीवार गिर गई है। इस घटना में आयशा (16), आहद (4) , हुसैन (5), आदिल (8), अलफ़िजा (2), सोहना (12), वासील (11) और समीर (15) दब गए। मकान मालिक सगीर के मकान की दीवार गिरने से उनके ही परिवार और रिश्तेदारों के आठ बच्चे उसके नीचे दब गए। इसमें आहद, आदिल व अलफिजा की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई।

4,029 यात्रियों का दूसरा जत्था जम्मू से रवाना

जम्मू ,29 जून। पवित्र अमरनाथ यात्रा आज यानी 29 जून से शुरू हो चुकी हैं। भारी सुरक्षा के बीच तीर्थयात्रियों का दूसरा जत्था जम्मू से रवाना हुआ। अधिकारियों ने बताया कि 4,029 यात्रियों का दूसरा जत्था 200 वाहनों के दो सुरक्षा काफिलों में जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से कश्मीर घाटी के लिए रवाना हुआ। अधिकारियों ने कहा, इनमें से 1,850 यात्री सुबह 4 बजे 104 वाहनों में बालटाल बेस कैंप के लिए रवाना हुए, जबकि 2,179 यात्री 96 वाहनों में सवार होकर सुबह 4.30 बजे पहलगाम के नुनवान बेस कैंप के लिए रवाना हुए। अधिकारियों ने बताया, दोनों काफिलों को सुरक्षा प्रदान की जा रही है। 52 दिनों तक चलने वाली अमरनाथ यात्रा आज से शुरू हो चुकी है और यह 19 अगस्त को समाप्त होगी। यात्री या तो 48 किलोमीटर लंबे पारंपरिक पहलगाम रूट से या फिर 14 किलोमीटर लंबे बालटाल रूट से यात्रा करते हैं।पहलगाम मार्ग से जाने वालों को मंदिर तक पहुंचने में चार दिन लगते हैं.

एनआईए ने आधा दर्जन स्थानों पर की छापेमारी

मोबाइल, नगदी और आपत्तिजनक दस्तावेज के साथ 2 गिरफ्तार, माओवादियों से जुड़ा है मामला

कांकेर,29जून। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने देर रात कांकेर जिले में छापेमारी की है. एनआईए की टीम ने आधा दर्जन स्थानों पर दबिश देकर गहन तलाशी ली. इस दौरान एनआईए ने दो लोगों की गिरफ्तारी की है. साथ ही मोबाइल, प्रिंटर, नगदी और आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किया है. यह पूरा मामला नक्सल मामले से जुड़ा है. जानकारी के अनुसार, एनआईए ने शुक्रवार की रात को माओवादियों की गिरफ्तारी और हथियार बरामदगी मामले में छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में कई स्थानों पर तलाशी ली. इस दौरान कांकेर जिले के आधा दर्जन स्थानों सुदूरवर्ती गांवों मुजालगोंडी, कलमुच्चे, आमाबेड़ा और जिवालमारी में तलाशी कर कई मोबाइल फोन, एक प्रिंटर और 39,100 रुपये की नकदी के साथ ही आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए. एनआईए मामले की जांच जारी रखे हुए है, जिसे स्थानीय पुलिस ने 5 फरवरी 2024 को दर्ज किया था और 22 फरवरी को एनआईए ने अपने कब्जे में ले लिया था. प्रारंभिक जांच में मामले में दो व्यक्तियों की गिरफ्तारी हुई.

नदी में अचानक आ गया सैलाब अभ्यास कर रहे पांच जवानों की मौत

लेह,29 जून। लद्दाख में सेना के जवानों के एक अभ्यास के दौरान बेहद दर्दनाक हादसा हो गया। नदी में टैंक के साथ जवान अभ्यास कर रहे थे तभी अचानक जलस्तर बढ़ गया तेज बहाव में पांच जवान बह गए। जानकारी के मुताबिक एक शव ही बरामद किया जा सका है। वहीं बाकी के जवानों के शव भी अब तक नहीं मिले हैं। नदी से टी-72 टैंक को निकाला गया है। घटना एलएसी के पास ही न्योमा चुशुल इलाके की है। बताया गया कि रक्षा अधिकारी टैंक को नदी पार कराने की एक्सरसाइज कर रहे थे। तभी अचानक नदी में सैलाब आ गया। पांच जवानों की मौत के अलावा

कई के घायल होने की भी सूचना है। सेना के अधिकारियों का कहना है कि लद्दाख के दौलत बेग ओल्डी इलाके में यह नदी है जिसमें अभ्यास से पहले पानी ज्यादा नहीं था। अधिकारीयों का कहना है कि राहत और बचाव का काम तत्काल शुरू कर दिया गया है। बाकी चार जवानों के शवों का भी तलाशी अभियान चलाया गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस हादसे पर दुख जताते हुए कहा, लद्दाख में नदी पार करते समय टैंक पर सवार सेना के पांच जवानों की मौत होने की घटना से गहरा दुख हुआ है। हम अपने बहादुर जवानों की अनुकरणीय सेवा को कभी नहीं भूलेंगे। बीते साल लद्दाख में सेना का एक वाहन खाई में गिर गया था। इसमें नौ जवानों की मौत हो गई थी। बताते चलें कि पहाड़ी नदियों में कई बार बादल फटने या फिर भूस्खलन होने की वजह से अचानक जल स्तर बढ़ जाता है। ऐसे में बड़ा हादसा हो जाता है। जानकारी के मुताबिक मारे गए जवानों में एक जेसीओ शामिल है। जिस टैंक से जवान अभ्यास कर रहे था उनकी संख्या सेना के पास 2400 है। भारतीय सेना लंबे समय से इन टैंकों का इस्तेमाल करती आ रही है। वहीं लद्दाख में चीन की चुनौती की वजह से एलएसी के पास सेना की तैनाती रहती है।

नकली होलोग्राम मामले में ढेबर व त्रिपाठी यूपी पुलिस की रिमांड पर

लखनऊ,29 जून। नकली होलोग्राम मामले में कारोबारी अनवर ढेबर और पूर्व आबकारी सचिव अरुणपति त्रिपाठी को उत्तरप्रदेश एसटीएफ ने तीन दिन की रिमांड पर लिया है। दोनों आरोपित मेरठ जेल में बंद थे। कोर्ट में आवेदन के बाद दोनों को 28 से 30 जून तक रिमांड में सौंपा गया है। सभी आरोपितों से अब एसटीएफ की टीम पूछताछ करेगी। नोएडा और छत्तीसगढ़ के कनेक्शन के बारे में पूछताछ करेगी। मामले में जल्द ही अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी होगी। बतादें कि यूपी एसटीएफ ने एक सप्ताह पूर्व अनवर को मेरठ कोर्ट में पेश किया था। कोर्ट ने अनवर को 10 दिन की न्यायिक रिमांड पर वहां की जेल भेज दिया। यूपी एसटीएफ ने पूछताछ के लिए रिमांड मांगी थी। जिसके बाद कोर्ट ने तीन दिन की रिमांड दी है।

एसटीएफ के अनुसार कारोबारी अनवर ढेबर राजनीतिक रूप से काफी सक्रिय था। उसने तत्कालीन आइएएस अनिल टुटेजा, निरंजनदास, पूर्व आबकारी सचिव अरुणपति त्रिपाठी और अन्य लोगों के साथ मिलकर आबकारी में सिंडीकेट चलाया।

राजकोट एयरपोर्ट में भी गिर गई छत

राजकोट,29 जून। भारी बारिश की वजह से दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट (आईजीआई) पर शुक्रवार को छत का एक हिस्सा टूटकर गिर गयाजिसमें एक कैब ड्राइवर की मौत हो गई। इस हादसे के एक दिन बाद गुजरात में ÷ठीक ऐसा ही हादसा हुआ है। गुजरात के राजकोट एयरपोर्ट की छत का एक हिस्सा गिर गया है। समाचार एजेंसी पीटीआई ने इसकी जानकारी दी। भारी बारिश के कारण एयरपोर्ट टर्मिनल के बाहर पैसेंजर पिकअप और ड्रॉप एरिया में कैनोपी (छतरी)

गिर गई। जुलाई 2023 में इसका लोकार्पण हुआ था। फिलहाल घटना में किसी के हताहत होने या नुकसान की जानकारी नहीं मिली है। दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 की छत गिरने से एक कैब ड्राइवर की जान चली गई थी। हादसे में छह लोग भी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। एयरपोर्ट की छत का एक हिस्सा अचानक गिर गया। जिसकी चपेट में आकर कई कारें दब गईं। हादसे के प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसे के समय जब कारों पर लोहे के बीम गिरे तो अफरातफरी मच गई और लोग मदद के लिए चिल्लाते हुए नजर आए। मध्य प्रदेश के जबलपुर में भारी बारिश के बीच पानी जमा होने के कारण गुरुवार को डुमना एयरपोर्ट के परिसर में कपड़े की छतरी का एक हिस्सा ढह गया जिसके कारण नीचे खड़ी एक कार दब गई। एयरपोर्ट के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुबह करीब 11.30 बजे हुई इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। हाईकोर्ट के डायरेक्टर राजीव रत्न पांडे ने पीटीआई से कहा, कपड़े की छतरी ड्रॉप एंड गो क्षेत्र को सुंदर बनाने के लिए लगाई गई थी। बारिश के कारण इसपर पानी जमा हो गया। पानी के भार से यह फट गई और पानी वहां खड़ी एक कार पर जोरदार तरीके से गिरा।

कोचिंग व्यवस्था की पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष ने की तारीफ

रायपुर,29 जून। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संचालित प्रयास आवासीय विद्यालय एवं यूपीएससी परीक्षा के लिए किए गए कोचिंग व्यवस्था की राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष श्री हंसराज गंगाराम अहीर ने तारीफ किया। श्री अहीर की अध्यक्षता में आज नवा रायपुर स्थित नवीन विश्राम गृह में बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रदेश के मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, पुलिस महानिदेशक श्री अशोक जुनेजा सहित विभिन्न विभागों के आला अधिकारी शामिल हुए। पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष श्री हंसराज गंगाराम अहीर ने राज्य सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में पिछड़े वर्गों के लिए संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में विस्तार से जानकारी लिया तथा उनकी

प्रशंसा की। पिछड़े वर्गों के लिए राज्य सरकार के साथ-साथ केंद्रीय सरकार द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों का समुचित पालन सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि शासकीय संस्थाओं के साथ-साथ निजी संस्थाओं में भी पिछड़े वर्गों के लोगों को आरक्षण के तहत लाभ मिले। राज्य में गठित पिछड़ा वर्ग आयोग की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि इससे संबंधित हितग्राहियों को आय के अन्य स्रोत की व्यवस्थित जानकारी मिल सकेगी। श्री अहीर ने छत्तीसगढ़ राज्य में सूचीबद्ध पिछड़ा वर्ग की संख्या की जानकारी लेते हुए कहा कि राज्य में सूचीबद्ध 95 पिछड़ी जाति में से 67 जातियां केंद्रीय सूची में शामिल है। राज्य की अन्य जातियों को भी केंद्रीय सूची में शामिल करने के लिए राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग को प्रस्ताव भेजा जावे। समीक्षा बैठक में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के सचिव श्री आशीष उपाध्याय, सलाहकार श्री राजेश कुमार, अपर मुख्य सचिव श्री मनोज पिंगुआ, सचिव सामान्य प्रशासन श्री अम्बलगन पी., सचिव कौशल विकास डॉ. एस. भारती दासन, आयुक्त चिकित्सा शिक्षा श्री जनक पाठक, संचालक अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति विभाग श्री नरेन्द्र दुग्गा, संचालक समाज कल्याण श्रीमती रोक्तिमा यादव सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

माना बाल संप्रेषण गृह की खिड़कियां तोड़कर 10 बाल अपचारी भागे

रायपुर,29 जून। राजधानी के माना स्थित बाल संप्रेषण गृह की खिड़कियों में सेंध लगाकर 10 बाल अपचारी फरार हो गए। घटना शनिवार सुबह की है। बताया जा रहा है कि संप्रेषण गृह की खिड़कियां पुरानी थी, जिसे तोड़कर बैरक से बाहर निकले। इसके बाद आज सुबह संप्रेषण गृह की दीवार फांद कर 10 अपचारी फरार हुए हैं। सूचना के बाद माना थाना पुलिस फरार बाल अपचारियों की पतासाजी में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार सभी अपचारी लड़के आदतन अपराधी है। वे सभी अलगअलग गंभीर अपराध को संप्रेषण गृह में बंद थे। यह घटना एक बार फिर से संप्रेषण गृह की सुरक्षा की पोल खोल रही है। आपको बता दें कि माना स्थित बाल संप्रेषण गृह का भवन काफी जर्जर हालत में है। करीब 50 से 60 साल पुराने हो चुके इस भवन में ऐसा पहली बार नहीं हुआ है। इसके पहले भी कई बार खिड़कियां -दीवाल फांद कर बाल अपचारी फरार हो चुके हैं। वहीं पिछली बार गार्ड का गला दबाकर अपचारी फरार हुए थे।

प्रदीप मिश्रा ने राधारानी के सामने दंडवत होकर नाक रगड़कर मांगी माफी

मथुरा,29 जून। अपने कथन पर राधारानी से माफी मांगने बरसाना स्थित राधारानी मंदिर में प्रसिद्ध कथावाचक प्रदीप मिश्रा पहुंचे हैं। प्रदीप मिश्रा का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। जिसमें उन्होंने कहा था कि राधारानी का विवाह भगवान श्रीकृष्ण के साथ नहीं बल्कि मथुरा के छाता कस्बा निवासी अनय घोष के साथ हुआ था। कथावाचक प्रदीप मिश्रा ने राधारानी के सामने दंडवत होकर नाक रगड़ कर माफी मांगी और कहा कि राधारानी मेरी ईष्ट हैं।

कहा था बरसाना उनका पैतृक गांव नहीं है। प्रदीप मिश्रा ये भी कहा था बरसाना उनका पैतृक गांव नहीं है। बरसाना में राधारानी के पिता की कचहरी लगती थी। जिसमें राधारानी अपने पिता के साथ वर्ष में एक बार आती थीं। उनके इस कथन को लेकर ब्रज के साधु और संतों में आक्रोश पनपा था।

वहीं, इस विवाद पर प्रेमानंद महाराज को भी इसकी जानकारी मिली थी जिसपर उन्होंने कहा कि व्यास मंच पर बैठने से पहले किसी भी व्यक्ति को अपने गुरुओं से कथा का रहस्य जानना चाहिए और पूरा ज्ञान प्राप्त करना चाहिए.

बिहार में थमता नहीं दिख रहा पुल-पुलिया गिरने का सिलसिला, सरकार पर उठने लगे सवाल

पटना ,29 जून। बिहार में पुल-पुलिया गिरने या क्षतिग्रस्त होने का सिलसिला जारी है। पिछले 11 दिनों के अंदर पांच पुल गिर चुके हैं। पुल गिरने की घटनाओं के बीच सरकार पर भी अब सवाल उठने लगे हैं। हालांकि सरकार पुल के टूटने या धराशायी होने की घटना की जांच कराने की बात जरूर कर रही है।इधर, पुल-पुलियों के गिरने की घटना के बाद सचेत हुई सरकार अब पुल की कमजोरी को जानने और नए पुल मजबूत बने, इसके लिए सभी ग्रामीण पुलों की स्ट्रक्चरल ऑडिट कराने जा रही है। मकसद यह है कि सरकारी राशि का सदुपयोग हो और जानमाल की सुरक्षा भी की जा सके। ऐसा नहीं कि बिहार में पुल धराशायी या टूटने की घटना इसी सरकार में हो रही है। प्रदेश में सरकार महागठबंधन की रही हो या एनडीए की, पुल गिरते रहे हैं और विपक्ष सरकार पर सवाल उठाता रहा है।बताया जाता है कि बिहार में पुल-पुलियों के रखरखाव को लेकर कोई नीति नहीं है, जिस कारण पुराने पुलों की मॉनिटरिंग नहीं हो पाती है और बन रहे पुल-पुलियों में निर्माण सामग्री में गुणवत्ता का ख्याल नहीं रखा जाता है।हालांकि सरकार अब इस मामले को लेकर सचेत दिख रही है। ग्रामीण कार्य विभाग ने अब पुल-पुलियों की ऑडिट करवाने का निर्णय लिया है। इसके लिए स्थानीय स्तर पर विभागीय अभियंताओं और अधिकारियों की तैनाती होगी। विभागीय ऐप के माध्यम से हर दिन ऑडिट से जुटाई गई जानकारी मुख्यालय भेजी जाएगी। इस आधार पर मुख्यालय स्तर से मॉनिटरिंग होगी।सभी आंकड़े इकट्ठा होने के बाद इसकी दोबारा जांच की भी व्यवस्था की जायेगी। जुटाई गई तमाम जानकारियों के आधार पर पुल का ग्रेड तैयार होगा और इसके बाद पुल के मरम्मत या पूरी तरह से पुनर्निर्माण पर विचार किया जाएगा।उल्लेखनीय है कि 18 जून को अररिया के सिकटी प्रखंड के बकरा नदी पर उद्घाटन के लिए तैयार पुल अचानक भरभराकर गिर गया।

कार ने दूसरी गाड़ी को मारी टक्कर, 6 की मौत

जालना ,29 जून। मुंबई से लगभग 400 किलोमीटर दूर जालना जिले में शुक्रवार देर रात एक बड़ा सड़क हादसा हुआ। जहां मुंबई-नागपुर एक्सप्रेसवे पर हुई दो कारों की भीषण टक्कर में 6 लोगों की मौत हो गई और पांच घायल हो गए। मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। हादसा देर रात करीब 12 बजे हुआ जब एक स्विफ्ट डिजायर कार ईंधन भरवाने के बाद गलत साइड से हाईवे पर घुस गई और नागपुर से मुंबई जा रही अर्टिगा से टकरा गई। दोनों कारों की टक्कर इतनी भीषण थी कि अर्टिगा हवा में उछल गई और राजमार्ग पर लगे बैरिकेड पर जा गिरी।

33वें ओलंपिक खेलों में भारत का दस से अधिक पदक जीतने का लक्ष्य

jasclaudius@gmail.com

स्वर्ण युग के दौर से गुजर रहा है भारतीय खेल जगत

✍ **जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

2020 के टोक्यो ओलंपिक खेलों में भारत के खिलाड़ियों ने अब तक किसी एक आयोजन में सर्वाधिक सात पदक जीते। ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में यह भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है। आधुनिक खिलाड़ियों ने कुल मिलाकर 35 पदक जीते हैं। इसमें से टोक्यो ओलंपिक में एक साथ 07 पदक अर्थात् एक स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य पदक सम्मिलित है। भारत ने ब्रिटिश काल में 1900 से ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में भाग लेना आरंभ किया और 1920, 1924, 28, 32, 36, फिर स्वतंत्रता पश्चात 1948 से 2020 तक लगातार इन खेलों में भाग लिया। अर्थात् भारत ने 30 आयोजनों में से 25 में अपनी दावेदारी प्रस्तुत की है। हमारे हाकी खिलाड़ियों ने सर्वाधिक 12 पदकों पर कब्जा जमाया है जिनमें आठ स्वर्ण, एक रजत जबकि तीन कांस्य पदक शामिल हैं। कुश्ती में सात पदक याने दो रजत व पांच कांस्य पदक, निशानेबाजी में चार (एक स्वर्ण, दो रजत, एक कांस्य) बैडमिंटन में तीन (दो रजत, एक कांस्य) पदक हासिल किया है। इसी तरह मुक्केबाजी में तीन (सभी कांस्य) भारोत्तोलन में दो (एक रजत, एक कांस्य) टेनिस में एक कांस्य पदक, एथलेटिक्स में दो रजत पदक, एक स्वर्ण सहित तीन पदक पर कब्जा जमाया है। पूरी दुनिया में भारत की जनसंख्या को देखते हुए खेल जगत में प्राप्त उपलब्धि को बहुत कम बताया जाता है। वास्तव में हमारे खिलाड़ियों को जितनी सुविधा मिल रही है उस दृष्टि से हमारे खिलाड़ी उपयुक्त प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी बात को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 से अपने कार्यकाल के दौरान खेलकूद को विशेष महत्व दिया। खेल बजट को करीब 500 करोड़ से 2300 करोड़ तक पहुंचा दिया। अधोसंरचना के

निर्माण, खिलाड़ियों के प्रशिक्षण, रहन-सहन, खान-पान आदि पर विशेष ध्यान देने के हिसाब से 2016-17 में खेलो इंडिया कार्यक्रम की शुरुआत की है। 1978 से खेल पत्रकारिता में मेरी भागीदारी रही है परंतु प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पिछले 10 वर्षों के कार्यकाल को भारत के खेलकूद इतिहास का स्वर्ण युग कहा जा सकता है। विगत तीन वर्ष में दो बार राष्ट्रीय खेल 2022 में गुजरात, 2023 में गोवा में सम्पन्न हो चुके हैं जबकि खेलों इंडिया यूथ गेम्स, खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स, खेलो इंडिया विंटर गेम्स, खेलो इंडिया पैरा गेम्स, खेलो इंडिया नार्थ ईस्ट गेम्स आदि का आयोजन प्रतिवर्ष या फिर नियमित अंतराल में किया जा रहा है। इस तरह के खेल आयोजन का सीधे असर यह हुआ कि प्रतिभाशाली खिलाड़ी सामने आ रहे हैं। विशेषकर ग्रामीण, पिछड़े, वनांचल क्षेत्र से उदयीमान खिलाड़ी बालक व बालिका दोनों ही वर्ग से निकलकर आ रहे हैं जिन्हें भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के खेल सेंटर या फिर उनके की देखरेख में संचालित किए जा रह हे खेलो इंडिया खेल अकादमी आदि के द्वारा गहन प्रशिक्षण तथा अत्याधुनिक सुविधाएं देकर तैयार किया जा रहा है। भारत के नवनियुक्त खेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने विगत दिनों भारतीय ओलंपिक संघ के कार्यकाल में ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा व अन्य पदाधिकारियों के साथ बैठक लेकर भारत में केंद्र सरकार, भारतीय ओलंपिक संघ, भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप तैयारी के संबंध में बातचीत की। भारत में खेलकूद को बढ़ावा देने का इस तरह के पिछले 10 वर्षों का ही प्रयास रहा है कि भारतीय खिलाड़ियों ने अब तक सबसे प्रतिष्ठित, कड़े संघर्ष वाले बहुखेल ग्रीष्मकालीन ओलंपिक स्पर्धा टोक्यो 2020 में नये कीर्तिमान के साथ सात पदक पर कब्जा जमाया। इसी तरह आगामी 26 जुलाई से 11 अगस्त 2023 तक पेरिस में खेले जाने वाले ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों के वास्ते कम से कम दस पदक जीतने के लक्ष्य के साथ विभिन्न खेलों में भारतीय खिलाड़ियों को भेजा जा रहा है। इसमें अब तक 16 खेलों के करीब 103 खिलाड़ियों ने इस स्पर्धा में भाग लेने हेतु योग्यता हासिल की है। हम उम्मीद करते हैं कि हमारे खिलाड़ी भारत के लिए अधिक से अधिक पदक जीतकर लाएंगे।

प्रधानमंत्री पर सोनिया गांधी ने लगाया 'संविधान पर हमला' करने का आरोप

नई दिल्ली,29 जून। सोनिया गांधी ने आपातकाल संबंधी टिप्पणी को लेकर प्रधानमंत्री पर 'संविधान पर हमला' का आरोप लगाया। संसद के पहले सत्र में उपसभापति पद और एनईईटी मुद्दे पर सरकार और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक के बीच कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने कहा कि इससे पता चलता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'टकराव को महत्व देते हैं',

भले ही वे 'आम सहमति के मूल्य' का उपदेश देते हों। सोनिया गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी अभी भी लोकसभा चुनाव के नतीजों से उबर नहीं पाए हैं, जिसमें एनडीए कमजोर जनादेश के साथ सत्ता में वापस आया है। राज्यसभा सांसद ने कहा, प्रधानमंत्री ऐसे काम कर रहे हैं, जैसे कुछ बदला ही नहीं है। वे आम सहमति के मूल्य का उपदेश देते हैं, लेकिन टकराव को महत्व देते हैं। उन्होंने आगे कहा, दुखद रूप से 18वीं लोकसभा के पहले कुछ दिन उत्साहजनक नहीं रहे। कोई भी उम्मीद कि हम कोई बदलाव देखेंगे, धराशायी हो गई है।कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष ने कहा कि परंपरा के अनुसार लोकसभा में उपसभापति का पद विपक्ष को दिया जाना चाहिए था। राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति ने संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए आपातकाल का भी जिक्र किया, जहां उन्होंने इसे सबसे काला अध्याय और संविधान पर सीधा हमला कहा। नीट पेपर लीक पर नीट पेपर लीक मामले पर प्रधानमंत्री मोदी की चुप्पी पर निशाना साधते हुए सोनिया गांधी ने कहा कि इस घोटाले ने हमारे लाखों युवाओं के जीवन पर कहर बरपाया है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री जो 'परीक्षा पे चर्चा' करते हैं, वे लीक पर स्पष्ट रूप से चुप हैं, जिसने देश भर में इतने सारे परिवारों को तबाह कर दिया है।

एक नजर

टोनही प्रताड़ना से तंग आकर महिला ने लगाई फांसी

भिलाई, 29 जून। भिलाई टोनही प्रताड़ना के आरोप लगाने से तंग आकर एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी मृतिका ने फांसी लगाने से पहले एक सुसाइडल नोट लिख छोड़ था इसमें उन्होंने टोनही का आरोप लगाकर प्रताड़ित करने वालों के नाम का उल्लेख किया था इस मामले में सुनवाई को बाद न्यायालय ने चार आरोपितों को अधिकतम सात-सात साल कारावास की सजा सुनाई है, जिसमें से तीन आरोपित एक ही परिवार के हैं प्रकरण के मुताबिक ग्राम रीवागहन निवासी जितेंद्र कुमार सपहा ने 18 मार्च 2020 को रानीतराई थाना में सूचना दी कि उसके पड़ोस में रहने वाली कीर्तन बाई साहू ने अपने घर के पीछे स्थित बाड़ी में एक पेड़ में रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की। मृतिका ने आत्महत्या करने से पहले एक कागज में सुसाइडल नोट लिखा था इसमें उसने खोरबाहरा, चंदू, विजय ने टोनहीं के लिए मजबूर किया लिखा था मामले में पुलिस ने मृतिका के पति खेमलाल साहू सहित अन्य लोगों का बयान लिया गया था। पुलिस ने ग्राम रीवागहन निवासी आरोपित विजय साहू (37), चंदूराम साहू (61) खोरबाहरा राम साहू (53) और खपरी निवासी दूजराम साहू के खिलाफ अपराध दर्ज कर प्रकरण सुनवाई के लिए अपर सत्र न्यायाधीश संजीव कुमार टामक के न्यायालय में पेश किया।

ट्रेन से कटकर मौत

भिलाई । सुपेला थाना क्षेत्र एक युवक की टेन से कटकर मौत हो गई पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है सुपेला पुलिस ने बताया कि बोरसी दुर्ग निवासी अभिषेक शर्मा(29 वर्ष) बोरसी दुर्ग निवासी ने प्रियदर्शनी परिसर में टेन से कटकर आत्महत्या कर लिया सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची पंचनामा कर शव को मरच्युरी भेज दिया है आत्महत्या का कारण अज्ञात है।

साक्षर करने मोहल्ले में लगेंगी कक्षाएं, हर घर में होगी किताब

रिसाली। नगर पालिक निगम रिसाली क्षेत्र में ऐसे लोगों की तलाश की जा रही है जो अपना नाम तो लिख लेते हैं, किन्तु शब्दों को जोड़कर वाक्य नहीं बना पाते। ऐसे लोगों के लिए उल्लास कार्यक्रम चलाया जा रहा है। शासन की इस महत्वकांक्षी योजना से निगम क्षेत्र भी जुड़ चुका है। स्लम क्षेत्र से लेकर ग्रामीण परिवेश वाले क्षेत्र में कक्षाएं लगेगी। इसी परिपेक्ष्य में निगम के सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला शिक्षा विभाग की नोडल पुष्पा पुरूषोत्तम ने बताया कि यह अभियान पूरे देश में चल रहा है। अभियान से हर उस व्यक्ति को जोड़ना है जो पढ़ना नहीं जानता। उन्होंने बताया कि उल्लास कार्यक्रम में लोगों की सुविधा के हिसाब से कक्षाएं लगाई जाएगी। अभियान को सफल बनाने और लोगों को पूर्ण साक्षर करने आजीविका मिशन की सी.आर.पी. को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। कार्यशाला में विकासखंड शिक्षा अधिकारी गोविन्द साव, एबीओ जागेश्वरी चंद्राकर व जिला शिक्षा विभाग के घोष उपस्थित थे। उल्लास कार्यक्रम में शिक्षा लेने वालों की विधिवत कक्षा लगेगी। साथ ही परीक्षा भी ली जाएगी। परीक्षाफल के हिसाब से अंकसूची प्रदान किया जाएगा। अगर कोई स्कूल गया है और उसके पास किसी भी कक्षा की अंक सूची नहीं है वह व्यक्ति भी इस कार्यक्रम से जुड़कर परीक्षा दे सकता है। निगम में सफाई कार्य करने वाले ठेका श्रमिकों की संख्या लगभग 200 से अधिक है। इनमें कई ऐसे है जो हस्ताक्षर तो कर लेते है, किन्तु पढ़ नहीं सकते।

बिजली कटौती से किसान, महिलाएं और उपभोक्ता परेशान:वाल्मिकी वर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा,29 जून। बोडला के विभिन्न गांव मे बिजली की अघोषित कटौती,किसानों को सही समय में विद्युत,पंप हेतु स्थाई कनेक्शन,स्थाई लाइन मेन,ग्रामवार निरीक्षण कर खंबा,तार,लंबा स्पंज को ठीक करने सहित अन्य बिंदु को लेकर युवा कांग्रेस ने विद्युत अधिकारी को सौंपा ज्ञापन।

युवा कांग्रेस वि.सभा कवर्धा अध्यक्ष वाल्मिकी वर्मा ने बताया कि बिजली की अघोषित कटौती ने लोगो को परेशान कर दिया,हालात यह कि बिजली कब गुल हो जाए इसका कोई भरोसा नहीं।बिजली की बार-बार कटौती के कारण किसान,दुकानदार,गृहणियों से लेकर उपभोक्ता बेहद परेशान है,रोजाना शहर और गांव में हो रही बिजली कटौती की विभाग द्वारा पूर्व में कोई सूचना भी नहीं दी जाती है।ऐसे में आम जन को पेय जल से लेकर जरूरी कामों

के लिए घंटो बिजली का इंतजार करना पड़ता है गौरतलब रहे की बारिश पूर्व मेंटेनेंस पूर्ण होने के बाद भी रोजाना अघोषित बिजली कटौती की जा रही है।जब से बारिश शुरू हुई है,गावों में बिजली व्यवस्था चरमरा गई है, हालात यह है कि दिन और रात बिजली की बेतहाशा कटौती की जाती है।जब कि गर्मी के दिनों में भी विभाग द्वारा कभी मेंटनेस तो कभी ओवर लोड शैडिंग के नाम पर बिजली बंद कर दी जाती थी। अश्विनी ने कहा की बिजली कंपनी द्वारा प्रति वर्ष बारिश पूर्व प्री मेंटनेंस का कार्य किया जाता है,उसके बाद भी बिजली घंटों तक कटौती की जाती है।लाखों रूपये खर्च भी किए जाते है।ताकि बारिश में भी बिजली सप्लाई में परेशानी न आए और लोगो को बिजली सप्लाई मिलती रहे।इसके बाद भी बार बार बिजली गुल हो रही है।इस कटौती के कारण वैकल्पिक साधन भी चार्ज नहीं हो पाते है,इससे अधेरे में रहना पड़ रहा है। 15 दिवस के भीतर विद्युत समस्या निराकारण नही करने पर उग्र प्रदर्शन किया जायेगा।अघोषित बिजली कटौती के कारण सभी वर्गों में रोष देखा जा रहा है।बार-बार बिजली कटौती के कारण छात्र,महिला,बच्चे सहित अन्य कामों में भी नुकसान उठाना पड़ रहा है । उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित युवा कांग्रेस बोडला ब्लॉक अध्यक्ष रामगोपाल वर्मा,धनराज वर्मा,अजय वर्मा,जलेश बघेल,गजेंद्र वर्मा,कमल वर्मा,गोलू वर्मा,प्रदीप वर्मा,पुरुषोत्तम चंद्रवंशी,मिथुन कश्यप,रामु लांझी,हेमंत वर्मा,रामनारायण वर्मा,अमित चंद्रवंशी,गुरुचरण साहू,भुनेश्वर सिन्हा,लक्ष्मण चंद्रवंशी,परमानंद वर्मा सहित युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कई विभागों में अनियमित कर्मचारियों को नहीं मिल रही है श्रम सम्मान राशि

कवर्धा, 29 जून। कई विभागों में अनियमित कर्मचारियों को श्रम सम्मान राशि नही मिलने से कर्मचारी चिंतित दिख रहे है । विगत दिनों दर्द भरे लहजे में सुबह सुबह कर्मचारी ने कहा की हमे भी नही मिल रहा है ।

पुलिस ने लंबे समय बाद ऑनलाइन सट्टा के खिलाफ की कार्रवाई

भिलाई, 29 जून। भिलाई दुर्ग पुलिस ने लंबे समय बाद आनलाइन सट्टा के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने बिहार के ग्राम गोड़ान आरा में संचालित सट्टा के तीन ब्रांच को ध्वस्त किया है। पुलिस ने वहां से कुल 10 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। वहीं इस सट्टे का मास्टर माइंड भिलाई का रहने वाला है, जो अभी फरार है। पुलिस ने मौके से सात लैपटाप, 23 मोबाइल और 70 से अधिक बैंक खाते जब्त किए हैं आरोपितों के खिलाफ संशोधित जुआ अधिनियम और धोखाधड़ी की धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है एएसपी (शहर) सुखनंदन राठौर और एएसपी (क्राइम) रिचा मिश्रा ने बताया कि बिहार में संचालित आनलाइन सट्टा के तीन पैनल रेड्डी अंन्ना 250, लेजर 21 और लोटस 33 पर छापा मारा गया है। हास्पिटल सेक्टर निवासी ओम सिंह तीनों पैनलों का संचालक है वह बिहार के आरा में वहीं के रहने वाले अभिषेक कुमार सिंह के साथ मिलकर आनलाइन सट्टे का संचालन कर रहा था अभिषेक दो दिन पहले ओम सिंह से खाता लेने के लिए उतई बस स्टैंड के पास आया था। पुलिस को ओम सिंह पर पहले से संदेह था, इसलिए उसके नंबर को ट्रेस कर रही थी इसी से पता चला कि वह किसी को खाता देने के लिए उतई जा रहा है पुलिस ने उतई में घेराबंदी की, लेकिन ओम सिंह को घेराबंदी की भनक लगने से वह फरार हो गया खाता लेने के लिए उतई आए अभिषेक कुमार सिंह - को पुलिस ने पकड़ा पूछताछ में उसने ग्राम गोड़ाम आरा रोड बिहार बिहार में किराए के मकान में आनलाइन सट्टा संचालित करने की जानकारी दी जिस पर एसीसीयू और उतई पुलिस की संयुक्त टीम बिहार पहुंची और तीनों ब्रांच को ध्वस्त किया। पुलिस ने अभिषेक कुमार सिंह समेत 10 आरोपितों को गिरफ्तार किया और उन्हें लेकर भिलाई पहुंची है इन आरोपितों को पुलिस ने किया गिरफ्तार अभिषेक कुमार निवासी विंदगावा पोस्ट बंदु छपरा आरा, रजनेश सिंह निवासी बड़हारा पोस्ट बंदु छपरा आरा, बड़हारा भोजपुर, रवि कुमार राय निवासी ग्राम दुधवा पोस्ट दौलतपुर जरा मुफस्सिल, शिशुपाल सिंह निवासी श्रीपालपुर कोईलवर भोजपुर, शंकर यादव निवासी वेलवानिया आयर, अमित कुमार सिंह निवासी सरैया बड़हारा भोजपुर, अविनाश कुमार निवासी माथीलिया मुफस्सिल भोजपुर, ऋषभ कुमार सिंह निवासी केशवपुर बड़हारा, प्रिंस कुमार सिंह निवासी सेमरिया बड़हारा भोजपुर बिहार और रिशांत सिंह निवासी बखोरापुर बड़हारा भोजपुर बिहार को गिरफ्तार किया गया है

उक्त कार्यवाही में एसडीओपी आशीष बंछोर, प्रभारी एसीसीयू तापेश्वर नेताम उतई टीआई विपिन रंगारी उप निरीक्षक कमल सिंह सेंगर, आरक्षक छगन साहू एवं एंटी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट से सउनि चंद्रशेखर सोनी, शमित मिश्रा, प्र.आर. संतोष मिश्रा, विजय शुक्ला, आरक्षक रिंकू सोनी, पंकज चतुर्वेदी, जी रवि, शौकत हयात, सनत भारती, राकेश अन्ना, भावेश पटेल, गुनित निर्मलकर, विक्रान्त कुमार की सराहनीय भूमिका रही

कलेक्टोरेट दुर्ग में पदस्थ 4 महिला कर्मी सेवानिवृत्त

दुर्ग 29 जून । दुर्ग जिला कलेक्टोरेट कार्यालय में पदस्थ 04 महिला कर्मचारी आज अपनी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित बिदाई समारोह में कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने सेवानिवृत्त महिला कर्मचारियों को शॉल, श्रीफल, मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया। साथ ही सेवानिवृत्त कर्मचारियों को ग्रेच्युटी एवं पेंशन स्वीकृति का आदेश भी प्रदान किया। सेवानिवृत्त महिला कर्मचारियों में श्रीमती सरोज चन्द्राकर स्टेनो ग्राफर वर्ग-2 कुल सेवा अवधि 41 वर्ष, श्रीमती शशिकला चौरे सहायक ग्रेड-2 कुल सेवा अवधि 40 वर्ष, श्रीमती युगल वर्मा सहायक ग्रेड-2 कुल सेवा अवधि 34 वर्ष और श्रीमती विजयालक्ष्मी सहायक ग्रेड-2 कुल सेवा अवधि 34 वर्ष शामिल है। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि वे अपने को सेवानिवृत्त कर्मचारी न समझे, आपके अनुभवों का लाभ आगे भी मिलता रहेगा। बिदाई समारोह में डिप्टी कलेक्टर श्रीमती लता युगल उर्वशा, वरिष्ठ लिपिक श्री नरसिंग पटेल ने भी सेवानिवृत्त कर्मचारियों के कार्यों के संबंध में विचार व्यक्त किये।

खेल में बेहतर प्रदर्शन करने वाले स्कूली बच्चे होंगे सम्मानित: बीईओ

पाटन। विकास खण्ड स्तर पर आयोजित व्यायाम शिक्षकों के साथ पूर्व माध्यमिक विद्यालय व सेजेस के संस्था प्रमुख के बैठक में विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रदीप महिलांगे ने वार्षिक खेल कैलेंडर पर समीक्षा कर उनके द्वारा किया जा रहा कार्य की सराहना करते हुए उन प्रत्येक स्कूली बच्चों को जो खेल में विशेष उपलब्धि हासिल किए हैं को विकास खण्ड स्तर पर सम्मानित किया जायेगा। साथ ही उनके खेल प्रशिक्षक, व्यायाम शिक्षक, क्रीड़ा प्रभारी को भी सम्मानित किया जायेगा। इस आशय की कवायद आज ही सभी पूर्व माध्यमिक विद्यालय के संस्था प्रमुख को, खेल नोडल शिक्षक/प्रभारी का चयन करने हेतु निर्देश जारी किया गया। साथ ही शनिवार को स्पोर्ट्स की विशेष मॉनिटरिंग हो हेतु कार्य निर्धारित कराया गया। बैठक में शामिल सभी व्यायाम शिक्षकों को खेल में विशेष प्रदर्शन करने वाले बच्चों की नाम सूची 6 जुलाई के पूर्व जमा करने निर्देशित किए। बैठक में क्रीड़ा प्रभारी देवदास मैडम, जयंत वर्मा, संतोष यादव, हिमांशु साहू, सनत साहू, मोहित साहू, नरेश साहू, संजय निषाद, उषा श्रीरंगे, नीता सोनी, अंजु चेलक, जीनत साहू, केशरी बेन्द्रे, चंद्रकला साहू, पुनीत राम साहू आदि शामिल रहे।

यह पृथ्वी एक परिवार है और इसका केवल एक ही भविष्य है: सेल अध्यक्ष

भिलाई, 29 जून। स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश को स्वीडन में एंगेजिंग इंडिया एट अल्मेडालेन के 5वें संस्करण में विशिष्ट वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया था। अमरेंदु प्रकाश ने 25 जून को उप्साला विश्वविद्यालय कैंपस गोटलैंड, विस्बी, स्वीडन में आयोजित सेमिनार में भारत से उद्योग विशेषज्ञ के रूप में पैनल चर्चा में भाग लिया। उन्होंने जलवायु परिवर्तन सम्बंधित विभिन्न विषयों पर वैश्विक सहयोग बढ़ाने के लिए विविध रणनीतियों पर अपनी बहुमूल्य अंतर्दृष्टि साझा की। पैनल चर्चा के दौरान अपने संबोधन में सेल के चेयरमैन अमरेंदु प्रकाश ने कहा कि जलवायु परिवर्तन एक ऐसी चीज है जो आपके चेहरे के रंग को नहीं देखती, इसकी कोई सीमा नहीं है। यदि वैश्विक तापमान बढ़ रहा है तो इसका असर यूरोप, भारत, मध्य पूर्व और अफ्रीका पर भी पड़ेगा। जलवायु परिवर्तन

अप्रत्याशित है और यह सभी को प्रभावित करेगा, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि इसके लिए हमने अतीत में क्या किया या हम भविष्य में क्या करने जा रहे हों। मानवता के लिए सामूहिक रूप से इस चुनौती से निपटने का यह सही समय है। डीकार्बोनाइजेशन कंपनी की प्राथमिकता सूची में नहीं है, बल्कि हमारी कंपनी सेल में डीकार्बोनाइजेशन को अस्तित्व का प्रश्न घोषित किया गया है। अमरेंदु प्रकाश ने कहा, यह अस्तित्व का प्रश्न है, व्यवसाय की प्राथमिकता नहीं। यही कारण है कि हम एक-दूसरे के साथ सहयोग करने और चर्चा करने के लिए यहां आए हैं, क्योंकि यही आगे बढ़ने का एकमात्र तरीका है। सबसे पहले, डीकार्बोनाइजेशन को परिभाषित करने की जरूरत है और विशेष रूप से इस्पात उद्योग के संबंध में, इसके लिए सबसे पहले हमें ऊर्जा की खपत को कम करने और नई तकनीकों का उपयोग करने के तरीकों की तलाश करने की जरूरत है, ताकि केवल व्यवसायीकरण न किया जाए बल्कि इसे सभी के साथ साझा भी किया जा सके। जिससे जलवायु परिवर्तन की वैश्विक चुनौती से सामूहिक रूप से निपटा जा सके क्योंकि यह एक पृथ्वी, एक परिवार है और इसका केवल एक ही भविष्य है। इस कार्यक्रम में विचारोत्तेजक पैनल चर्चाएं, क्लाइमेट एक्शन इनोवेशन पर प्रस्तुतियां शामिल थीं। जिसमें दोनों देशों के थॉट लीडर्स, उद्योग विशेषज्ञ और शिक्षाविद् शामिल थे। स्वीडन में 5वें एंगेजिंग इंडिया एट अल्मेडालेन सेमिनार में प्रतिष्ठित वक्ताओं में स्वीडन और लातविया में भारत के राजदूत तन्मय लाल, भारत में स्वीडन के राजदूत जान थेस्लेफ का संबोधन सेमिनार में सुनाया गया। मंत्री के राज्य सचिव (जलवायु और उद्यम मंत्रालय, स्वीडन) डैनियल वेस्टलेन, अध्यक्ष (थर्मैक्स लिमिटेड) श्रीमती मेहर पुदुमजी तथा अन्य सम्मानित व्यक्ति शामिल थे। कार्यक्रम में अमरेंदु प्रकाश की उपस्थिति ने न केवल सेल के पहलुओं को प्रदर्शित किया बल्कि ग्रीन एंड मोर सस्टेनेबल फ्यूचर के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने में भारत की अहम भूमिका को और भी मजबूत किया है। प्रकाश की भागीदारी इस्पात उद्योग में सस्टेनेबल प्रैक्टिस के प्रति भारत की प्रतिबद्धता और वैश्विक जलवायु लक्ष्यों में इस्पात उद्योग के योगदान देने के प्रयासों

जिला शिक्षा अधिकारी ने 10 विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण

दुर्ग, 29 जून । जिला शिक्षा अधिकारी अरविन्द कुमार मिश्रा के द्वारा आज धमधा विकासखण्ड के सेजेस हिन्दी/अंग्रेजी माध्यम धमधा, शा. हाई स्कूल पथरिया, पू.मा.शा. पथरिया, प्रा.शाला पथरिया, शा.उ.मा.वि मेड़ेसरा, पू.मा.शा. कोड़िया, प्रा.शा. कोड़िया एवं उ.मा.वि. कोड़िया) 10 विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शा.उ.मा. विद्यालयों को सत्र के प्रारंभ से ही सैद्धांतिक अध्यापन के साथ-साथ प्रायोगिक कक्षाएं प्रारंभ करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान शा.प्रा.शाला, पथरिया में विद्यार्थियों को मध्यान्ह भोजन में अनुपात से कम मात्रा में भोजन उपलब्ध कराया जाना पाया गया।

भादसं की जगह अब भारतीय न्याय संहिता

भिलाई, 29 जून। नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में 1 जुलाई से नए कानून को लेकर जानकारी दी गई। आपराधिक कानून को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए पुलिस विभाग द्वारा नगर निगम भिलाई के अधिकारी एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें कुछ व्यावहारिक रूप से जो कानून में बदलाव किये गये है उसके बारे में बताया गया। भारतीय दण्ड संहिता आई.पी.सी. को अब भारतीय न्याय संहिता के नाम से जाना जायेगा। तीन नये कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम के तहत देश के कानूनों का परिपालन किया जायेगा। व्यवहारिक रूप से आम जनता को जानने वाली प्रमुख जानकारी बताते हुए पुलगांव थाना टी.आई. पुष्पेन्द्र भटट ने बताया कि हिट एण्ड रन केस में मानवीय पहलू को जोड़ते हुए संशोधन किया गया है कि यदि किसी व्यक्ति के वाहन से दुर्घटना हो जाती है व्यक्ति घायल सड़क पर पड़ा है, दुर्घटनाकर्ता को डर लगता है कि रूक कर मदद करूंगा तो पब्लिक हमे मारेगी। वह वहां से भागकर वह निकटतम थाने में जाकर सूचित कर देता है कि मेरे द्वारा दुर्घटना हो गई है। प्रथम सूचना थाने में देता है तो मानवीय दृष्टि से उसे सजा में कम हो सकती है। यदि दुर्घटना करके वह सीधे भाग जाता है तो अपराध बड़ा होगा। पुलिस के समक्ष यदि कोई अपराधी या नागरिक बयान देता है तो उसकी वीडियो रिकॉर्डिंग होगी, जो मान्य होगा। यदि ब्यान देने वाला न्यायालय में जाकर मुकर जाता है तो पुलिस के समक्ष पूर्व वीडियो के रूप में दर्ज ब्यान को ब्यान के आधार पर आगे की कार्यवाही निर्धारित होगी। पूर्व ब्यान से अब वह मुकर नहीं पायेगा। पुलिस एवं न्यायालय को भी समय सीमा निर्धारित की गई है।

राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष ने किया भिलाई का दौरा

भिलाई, 29 जून। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष हंसराज गंगाराम अहीर ने छत्तीसगढ़ राज्य के दो दिवसीय आधिकारिक दौरे के दौरान 28 जून को भिलाई का दौरा किया। हंसराज अहीर के साथ सलाहकार राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग राजेश कुमार ने भिलाई निवास में निदेशक प्रभारी सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र अनिर्बान दासगुप्ता, कार्यपालक निदेशकगण और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण नीतियों के कार्यान्वयन और स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) व अन्य संगठनों में अन्य पिछड़े वर्गों (ओबीसी) का प्रतिनिधित्व

सुनिश्चित करने के लिए किए गए कल्याणकारी उपायों के विषय पर बैठक की। हंसराज अहीर की अध्यक्षता में हुई बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य सरकार का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ अधिकारियों में, सीईओ (जिला पंचायत, दुर्ग) अश्विनी देवांगन, डिप्टी कमिश्नर (छत्तीसगढ़ आदिम जाति और अनुसूचित जाति विभाग) प्रज्ञान सेठ, सहायक आयुक्त (छत्तीसगढ़ आदिम जाति और अनुसूचित जाति विभाग) हेमंत सिन्हा, निदेशक (औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, दुर्ग) आशुतोष पाण्डेय शामिल हैं। बैठक में बीएसपी प्रबंधन की तरफ से कार्यपालक निदेशक अजय कुमार चक्रबर्ती, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक बी के गिरी उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र और सेल-चंद्रपुर फेरो अलॉय संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारियों में, मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर, सेफी के चेयरमैन और अध्यक्ष ओए एन के बंछोर, महासचिव परविंदर सिंह, मुख्य महाप्रबंधक (एफ एंड ए-सेल-सीएफपी, चंद्रपुर) बीएम मोहरकर, मुख्य महाप्रबंधक (एचआर- सीएफपी, चंद्रपुर) विश्वनाथ बी, महाप्रबंधक (एचआर-आईआर एंड सीएलसी) जे एन ठाकुर, महाप्रबंधक (बीई) एम के दुबे, महाप्रबंधक शिवराजन नायर, महाप्रबंधक (एचआर-ईडी, सचिवालय) एच शेखर, महाप्रबंधक (एचआर-डीआईसी, सचिवालय) अतुल नौटियाल बैठक में उपस्थित थे।

संविधान की दुहाई देने वाली कांग्रेस देश में आपातकाल की जननी: रोहित साहू

■ आपातकाल में पुरुषों का जबरदस्ती नशबंदी करने का पाप कांग्रेस ने किया : खेमलाल साहू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

उतई, 29 जून। भारतीय जनता पार्टी मध्यमण्डल पाटन के द्वारा आपातकाल को काला दिवस के रूप में मनाया गया द्य 25 जून 1975 से 21 मार्च 1977 तक का 21 महीने की अवधि में भारत में आपातकाल घोषित गया था। तत्कालीन राष्ट्रपति फ़ख़रुद्दीन अली अहमद ने तत्कालीन भारतीय प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी के कहने पर भारतीय संविधान की अनुच्छेद 352 के अधीन आपातकाल की घोषणा कर दी। स्वतंत्र भारत के इतिहास में यह सबसे विवादास्पद और अलोकतांत्रिक काल था। आपातकाल में चुनाव स्थगित हो गए तथा नागरिक अधिकारों को समाप्त करके मनमानी की गई। इंदिरा गांधी के राजनीतिक विरोधियों को कैद कर लिया गया और प्रेस पर प्रतिबंधित लगा दिया गया। प्रधानमंत्री के बेटे संजय गांधी के नेतृत्व में बड़े पैमाने पर पुरुष नसबंदी अभियान चलाया गया। जयप्रकाश नारायण ने इसे

भारतीय इतिहास की सर्वाधिक काली अवधि कहा था ।

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व एवं जिला संगठन के निर्देशानुसार मध्य मंडल पाटन में संगोष्ठी आहूत किया गया। उक्त संगोष्ठी में मुख्य वक्ता रोहित साहू जिला मंत्री दुर्ग ने सम्बोधित कर कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान लोकतंत्र की हत्या कर आपातकाल लगाने का कृत्य किया गया, जिसमे व्यक्ति की अभिव्यक्ति पर पाबंदी लगाई गई। आपातकाल के विषय में प्रत्येक बूथ में आम जनमानस को जानकारी होना चाहिए। जिसमे साठ लाख से अधिक हिन्दुओं को नसबंदी कराया गया। प्रदेश कार्यकारिणी एवं जिला पंचायत सदस्य हर्षा चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस की तत्कालीन प्रधानमंत्री ने जो भ्रस्टाचार मे डूब गई थी उनके खिलाफ जननायक जयप्रकाश नारायण ने पूरे भारत में जन आंदोलन किया । न्याय पालिका ने तत्कालीन कांग्रेस के मुखिया के खिलाफ निर्णय प्रफन किया, उक्त निर्णय को अस्वीकार कर अपने पद जाते देखा तो 25 जून 1975 की मध्य रात्रि को आपातकाल की घोषणा किया और 21 महीने तक आतातई कर राज किया। मध्य मंडल अध्यक्ष खेमलाल साहू ने कहा कि 25 जून 1975 को तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने आपातकाल लगाकर आम नागरिकों को जेल में बंद करने का कार्य किया गया। समाचार एवं पत्रकारिता पर पाबंदी लगा दिया गया। विपक्ष के नेताओं को चुन चुनकर जेल के सलाखों के अंदर डाला गया। ऐसा अत्याचार अंग्रेजों से भी बढ़कर आतातई तत्कालीन कांग्रेस की सरकार द्वारा किया गया। लोकतंत्र की दुहाई देने वाले कांग्रेस अपने गिरेबान को झांककर देखे, लोकतंत्र को तोड़ने का कार्य इनके ही शासन काल में हुआ है। अतः इनकी काली करतूतों को आम मतदाताओं को पहुँचाने बूथ स्तर पर जानकारी देने आह्वान किया। इस अवसर पर रोहित साहू जिला मंत्री, खेमलाल साहू अध्यक्ष मध्य मंडल, लोकमणि चंद्राकर अध्यक्ष उत्तर मंडल, शरद बघेल अध्यक्ष पूर्व संयुक्त मंडल, हर्षा चंद्राकर सदस्य जिला पंचायत दुर्ग, सुलेन साहू वरिष्ठ भाजपा , निशा सोनी महिला मोर्चा अध्यक्ष, अजय बघेल पूर्व जिला पंचायत सदस्य, योगेश निक्की भाले नेता प्रतिपक्ष पाटन, हरप्रसाद आडिल जिला उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा, डेहर लाल साहू, हरिशंकर साहू महामंत्री,होरीलाल देवांगन अध्यक्ष पाटन नगर भाजपा, अखिलेश मिश्रा मंत्री, कुणाल शर्मा अध्यक्ष युवा मोर्चा, शीतल साहू जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा, रामनारायण साहू अध्यक्ष किसन मोर्चा, पारखत साहू अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा, दामोदर चक्रधारी जिला उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग, केवल देवांगन जिला उपाध्यक्ष भाजयुमो, भागवत सिन्हा, छबीश्याम देवांगन, वागेश वाशाशंकर, राधे यादव, अनिकेत मिश्रा, दिलीप सिन्हा, कैलाश साहू, लखन वर्मा, मिलन देवांगन,छत्रपाल राजपूत, लक्षमण यादव, देवानंद निषाद,गोविंद सिन्हा, टिकेंद्र यादव, रामलाल साहू, यशवंत साहू,देवेंद्र साहू,कामता पटेल,बलदाऊ पटेल,अजय यादव,राधेलाल साहू,कमल पटेल,गिरवर पटेल,संजय शुक्ला,संतोष सिन्हा, हिरेन्द्र सिन्हा, आदित्य सावर्णी,मोहित साहू,मनेंद्र दास वैष्णव, अजय वैष्णव, जयराम सिन्हा,दिनेश निषाद,टीकाराम देवांगन,संतोष वर्मा,कन्सराम साहू,गजेंद्र सिन्हा,यतेश्वर गोस्वामी, मोहन आदिल,कृष्ण कुमार वर्मा, नारायण पटेल,सुखचैन साहू, गुनेश्वर साहू,रामकृष्ण निर्मल,गोवर्धन बिजौरा,भोजराम यादव,अतिस सपहा, जयप्रकाश देवांगन,ओम साहू,भास्कर वर्मा, सूजान सिंह वर्मा,ध्रुवकुमार वर्मा, टुकेश निर्मल,ओंकार साहू सहित भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में बैठक सम्पन्न हुआ।

निधन



उतई। ग्राम मचांदुर वार्ड क्रमांक 10 बजरंग पारा निवासी भाजयुमों अध्यक्ष उतई मंडल व पंच ग्राम पंचायत मचांदुर प्रवीण यदु, के बड़े पिता जी व ननकू यदु, पतिराम यदु, खेदू यदु,मनहरण यदु,मनोहर यदु,के बड़े भाई दुबेश यदु,दिलीप यदु जी के पिता जी श्री ढेलुराम यदु उम्र 68 वर्ष का आज स्वास्थ्य ख़राब के चलते आकस्मिक निधन आज रात 11 बजे हो गया हैं । उनका अंतिम संस्कार दिनाँक 29 जून दिन शनिवार दोपहर 12 बजे स्थानीय मुक्तिधाम मचांदुर में किया जायेगा ।

माइनिंग विभाग सुस्त, रेत माफिया चुस्त

- जिले के समस्त विकासखंडों में शिकायत के बाद ब्लॉक स्तरीय राजस्व टीम कर रही कार्रवाई
- नदी किनारे लगे समस्त गांवों में जिला कलेक्टर के संपूर्ण नियंत्रण की उठने लगी मांग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगढ़ 29 जून। डोंगरगढ़ धर्मनगरी से लगभग 5 किलो मीटर की दूरी में ग्राम मुड़पार से 800 ट्रिप रेत के मामले ने सियासत को गर्म कर दिया है कांग्रेसियों ने इसे मुद्दा बनाते हुए जिले भर में प्रदर्शन करते हुए दोषियों पर कार्यवाही की मांग की है तो दूसरी और नदी किनारे ग्राम पंचायत के ग्राम प्रमुख सहित जागरूक ग्रामीणों ने रेत के इस अवैध उत्खनन पर माइनिंग के अलावा जिला कलेक्टर से अवैध रेत उतख्रन पर पूर्ण नियंत्रण करने की मांग की गई है ।

डोंगरगढ विकासखण्ड क्षेत्र के ग्राम पंचायत चिद्दो, कल्याणपुर, भण्डारपुर, गाजमर्रा, भोथली, मुड़पार, जामरी, पारागाँव कला, पारागाँव खुर्द कलकसा सहित आरबीरा के ग्राम प्रमुख व जागरूक ग्रामीणों ने बताया कि प्रमुख दोनों राजनैतिक पार्टियों से संबन्ध रखने वाले सफेदपोश माफियाओं की आपसी सांठगांठ से नदी से रेत निकालने का कार्य किया जाता है वही गाँव के छोटे रेत माफिया भी अपने मजदूर लगाकर अवैध रूप से रेत का भंडारण परिवहन कर रेत तस्करी करते है जिससे पिछले कुछ वर्षों से गांव में पानी की समस्या होने लगी है यदि नदी नाले और स्टाप डैम से रेत उत्खननको नही रोका गया तो आने वाले वर्ष में मुड़पार सहित आस पास के गांव में पेयजल की भीषण समस्या खड़ी हो जाएगी ।

शीतला शांति के नाम से होता है खेल

गाँव के लोगों ने बताया कि गाँव की नदी की रेत निकालने के लिए गाँव में प्रधानमंत्री आवास योजना में रेत मुहेयाँ करवाने 1000/- प्रति टेक्टर निर्धारित की गई थी और गांव से बाहर विक्रय के लिए 4000/- रु प्रति टेक्टर व 23000/- प्रति हाइवा बिक्री की जाती है। वही शीतला समिति के नाम पर लाखों रु की नीलामी रकम समिति के सदस्यों के बीच जमा कर नदी से रेत निकालने का गाँव स्तर पर अवैध परमिशन दे दिया जाता है जो कि पूर्णतः गलत है जिससे माइनिंग विभाग के अधिकारियों पर कार्यवाही नही करने के नाम पर कई प्रकार के सवाल खड़े होते है।

नये एसडीएम के द्वारा मुड़पार की अवैध रेत व ईटभट्टो पर कार्यवाही की प्रशंसा करते हुए ग्राम मुड़पार सहित आस पास के ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से मांग की है कि शिकायत के बाद माइनिंग विभाग के सुस्त रवैये की वजह से रेत माफियाओ के हौसले सातवे आसमान पर थे जिसके कारण रेत माफिया सड़क किनारे रेत का भंडारण बिना किसी खौफ के करे जा रहे थे जिससे ग्रामीणों को भरी गर्मी में पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा था ग्रामीणों ने परेशान होकर एसडीएम कार्यालय में अवैध रेत भंडारण पर कार्यवाही की मांग की थी जिसको एसडीएम द्वारा गम्भीरता से लेते हुए तत्काल अपनी राजस्व टीम और पुलिस प्रोटेक्शन के साथ ग्रामीणों की परेशानी को दूर करने का निश्चय कर कार्यवाही की गई ।।

मुड़पार व आसपास के ग्रामीणों को अवैध रेत उत्खननको लेकर परेशानीयो का सामना करना पड़ रहा है जिस पर ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर से गुहार लगाते हुवे रेत उत्खनन पर पूर्ण पाबंदी व हस्तक्षेप कर कार्यवाही सहित ग्रामहित में हित में कार्य करने की मांग रखी है जिससे रेत माफियाओं के हौसले पस्त हो व रेत के दामो में गिरावट लाई जा सके व मुड़पार सहित आसपास के प्रधानमंत्री आवास का लाभ लेने वाले गरीब ग्रामीणों को सस्ते दामों पर आवास योजना के लिए रेत उपलब्ध कराई जा सके।

ग्रामीणों को ही ऊंची दर पर रेत बेच कर असंतोष उत्पन्न करने में लगे है रेत माफिया राशि जमा नहीं होने पर पीएम आवास के हितग्राही की भवन सामग्री को रेत सप्लायर ने जप्त कर लिया मुड़पार के 9 हितग्राही का पीएम आवास स्वीकृत हुआ है पीएम आवास, शेष 77 लोग प्रतीक्षा सूची में पीएम आवास के हितग्राहियों को निशुल्क रेत उपलब्ध शासन प्रशासन द्वारा कराई जाए - सरपंच प्रतिनिधि ग्राम मुड़पार क्षेत्र के सक्रिय दो दर्जन से अधिक रेत माफियाओं के द्वारा नदी का सीना चीर रेत निकाल शासन को करोड़ों का नुकसान पहुंचाया है। वही ग्रामीणों सहित गरीब पीएम आवास के हितग्राहियों को भी ऊंची दर पर रेत का विक्रय कर आर्थिक लाभ कमा रहे है । पीएम आवास के गरीब हितग्राही द्वारा पैसा जमा नहीं करने की स्थिति में उनकी भवन सामग्री को रेत सप्लायर द्वारा जप्त कर पैसे की वसूली भी की गई। जिसकी पुष्टि पीएम आवास के हितग्राही द्वारा समाचार पत्र के प्रतिनिधि से चर्चा के दौरान की है । पीएम आवास के हितग्राहियों ने बताया कि यदि कोई भी ग्रामीण अपने निजी उपयोग के लिए गांव में स्थित नदी नाले से रेत का उत्खनन करता है तो उसकी शिकायत रेत माफिया गिरोह के सदस्य राजस्व विभाग के निजी सहयोगी से करते हैं और उनके माध्यम से ग्रामीणों पर दबाव बनाया जाता है। अर्थात रेत माफियाओं के अलावा गांव का कोई भी अन्य व्यक्ति रेत का निजी उपयोग अथवा संग्रहण नहीं कर सकता।

रेत का क्रय ऊंचे दर पर रेत सप्लायर से करना पड़ रहा है : नाम प्रकाशित न करने की शर्त पर पीएम आवास के अनेक हितग्राहियों ने बताया कि भवन निर्माण के लिए रेत का क्रय ऊंचे दर पर रेत सप्लायर से करना पड़ रहा है। राशि नहीं होने की स्थिति में रेत सप्लायर द्वारा भवन निर्माण के लिए रखी गई सामग्री को उठवा लिया जाता है। गांव में ही निकलने वाली रेत का संग्रहण चुनिंदा लोग ही कर सकते हैं। अन्य कोई भी ग्रामीण यदि रेत का संग्रहण करता है तो उसे रेत माफियाओं से आर्थिक लाभ लेने वाले राजस्व विभाग के अधिकारी अथवा कर्मचारी द्वारा धमकाया जाता है।

पुलिस की उपस्थिति में बनी थी आम सहमति : ग्राम मुड़पार के सरपंच प्रतिनिधि ईश्वर दिन ठाकरे ने बताया कि कुछ वर्ष पूर्व रेत के संग्रहण, उत्खनन संग्रहण एवं विक्रय को लेकर रेत सप्लायर एवं ग्रामीणों के मध्य बढ़ते विवाद के चलते ग्राम प्रमुखों द्वारा पुलिस में शिकायत की गई थी। तत्कालीन थाना प्रभारी नासिर बाठी के द्वारा गांव में बैठक कराकर समझौता कराया गया था कि, निजी उपयोग के लिए ग्रामीणों को कम दर पर रेत का विक्रय किया जाए ।कुछ समय तक यहां स्थिति बनी रही। लेकिन आज स्थिति जस की तस हो गई है।

पीएम आवास के हितग्राहियों को निशुल्क रेत उपलब्ध कराए शासन: सरपंच प्रतिनिधि ईश्वर दिन ठाकरे ने बताया कि सीईओ सुश्री दिव्या ठाकुर ने आश्वस्त किया है कि प्रतीक्षा सूची के 77 हितग्राहियों के लिए पीएम आवास की स्वीकृति शीघ्र ही की जानी है। वर्ष 2022 - 23 में 9 ग्रामीणों का पीएम आवास स्वीकृत हुआ था। जिसमें से आठ का आवास बन चुका है।शासन प्रशासन से आग्रह है कि पीएम आवास के हितग्राहियों को गांव से निकलने वाली रेत निशुल्क उपलब्ध कराई जाए। ताकि पी एम आवास के हितग्राहियों का आर्थिक भार कम हो सके।

एक नजर

एमिटी यूनिवर्सिटी में अनियमितताओं की जांच के लिए कमेटी गठित

रायपुर 29 जून। लगातार रायपुर ज़िला एनएसयूआई छात्रो की विभिन्न समस्याओं को लेकर एमिटी विश्विद्यालय ख़रोरा का घेराव करते आयी है घेराव के पश्चात भी माँग पूरी न होने की स्थिति में ज़िला अध्यक्ष प्रशांत गोस्वामी ने विभिन्न विभागों में एमिटी विश्विद्यालय में व्याप्त अनियमिताओं की शिकायत की जिसके परिणाम स्वरूप एमिटी यूनिवर्सिटी में व्याप्त अनियमितताओ के संबंध में छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग ने सक्त कदम उठाते हुए जांच कमिटी गठित की है उक्त विषय / प्रकरण की जाँच हेतु आयोग द्वारा गठित जॉच समिति की बैठक दिनांक 01/07/2024 समय 03:00 बजे आयोग कार्यालय में आयोजित है। रायपुर ग्रामीण जिलाध्यक्ष प्रशांत गोस्वामी ने उक्त प्रकरण के संबंध में हुए जांच संबंधी निर्णय में देरी होने पर अपनी असंतुष्टि व्यक्त की!

आगम सागर ससंघ का 30 जून को होगा डोंगरगढ़ में भव्य मंगल प्रवेश

डोंगरगढ़ 29 जून। संत शिरोमणि 108 आचार्य श्री विद्यासागर महाराज जी के आज्ञानुवर्ती शिष्य 108 मुनि श्री आगम सागर जी, 108 मुनि श्री पुनीत सागर जी एवं 105 एलक श्री धैर्य सागर जी महाराज जी कि मंगल अगवानी 30 जून 2024 को डोंगरगढ़ में संभावित है। दिनांक 28/06/2024 को श्री दिगम्बर जैन समाज डोंगरगढ़ के अध्यक्ष श्री अनिल कुमार जैन, कोषाध्यक्ष श्री जय कुमार जैन एवं सचिव श्री यतीश कुमार जैन,श्री राजेन्द्र जैन,श्री सुशील जैन, श्री आलोक जैन और जागृति महिला मंडल के द्वारा महाराज जी ससंघ को डोंगरगढ़ आगमन हेतु श्रीफल चढ़ाकर निवेदन किया। दिनांक 28/06/2024 को महाराज जी ससंघ कि आहार चर्या सालेकसा में हुई। महाराज जी द्वारा 8 से 16 वर्ष के बच्चों का उपनयन संस्कार श्री दिगम्बर जैन चंद्रगिरी अतिशय तीर्थ क्षेत्र में दिनांक 11/07/2024 को होगा। उक्त जानकारी निशांत जैन (निशु) द्वारा दी गयी है।

सट्टा पट्टी लिखने वाले के खिलाफ की गई कार्रवाई

राजनांदगांव 29 जून। पुलिस अधीक्षक महोदय मोहित गर्ग के निर्देशन एंव अति पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा ,नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदशन मे अवैध रूप से शराब बिक्री जुआ ,सट्टा पर अंकुश लगाने व कड़ी कार्यवाही करने के मार्गदर्शन व निर्देश पर थाना प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक सत्यनारायण देवांगन द्वारा तत्काल टीम गठित कर मुखबीर की सुचना पर बसंतपुर महामाया चौक के पास आरोपी बलराम साहू पिता ननकु राम साहू उम्र 42 वर्ष साकिन तेलीपारा वार्ड नं 46 बसंतपुर जिला राजनांदगांव को अपने पान ठेला में अवैध रूप से धन अर्जित करने हेतु कागज के टुकडो पर अंको के सामने रूपये पैसो का दांव लगाकर सटटा पटटी नामक जुआ लिखते पकडा जिसके कब्जे से नगदी रकम 1250 /- रूपयें व 02 नग सट्टा पट्टी व 01 डाट पेन जप्ती किया गया । आरोपी के विरूद्ध थाना बसंतपुर मे अप0क्र0 287/2024 धारा 6 छ0ग0 जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत कार्यवाही किया गया । उक्त् कार्यवाही मे निरीक्षक सत्यनारायण देवांगन, सहायक उप निरीक्षक डेजलाल मांडले , प्र0 आर0 991 दीपक जायसवाल एवं चालक आरक्षक क्रमांक 1168 जामिन्द्र कुमार वर्मा की भूमिका सराहनीय रही।

नगर निगम ने सेवानिवृत्ति पर किया सम्मानित

रायपुर 29 जून। दिनांक 30 जून 2024 को सेवानिवृत्त होने जा रहे रायपुर नगर पालिक निगम मुख्यालय भवन के प्रेस विभाग के मशीन हेल्पर श्री पृथ्वीराज यदु को 29 जून पंचम शनिवार एवं 30 जून रविवार के अवकाश दिवस होने पर आज सप्ताह के अंतिम कार्यालयीन दिवस पर 40 वर्षो तक निरंतर नगर निगम को सेवाएं देकर सेवानिवृत्ति के अवसर पर उनकी सेवाओं का निगम अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा सम्मान किया गया । इस अवसर पर निगम प्रेस विभाग पहुंचकर उपायुक्त सामान्य प्रशासन श्रीमती कृष्णा खटीक ने सेवानिवृत्ति पर मशीन हेल्पर श्री पृथ्वीराज यदु को 1 लाख रू. का चेक प्रदत्त किया । जनसम्पर्क अधिकारी मिलिंद खेर, प्रेस विभाग के कर्मचारी सर्वश्री पियूष अग्रवाल, अशोक भट्ट, ईश्वर साकार, सैय्यद जाहिद अली, ओम सच्चिदानंद बंजारे, राजेन्द्र देवांगन, जोशी देवांगन, अर्जुन वर्मा, संजय ठाकुर, प्रमोद ठाकुर ने सेवानिवृत्ति पर मशीन हेल्पर श्री पृथ्वीराज यदु का बुके देकर सम्मान किया। उन्हें श्रीफल, शॉल, स्मृति चिन्ह प्रदत्त किया गया। उपायुक्त सामान्य प्रशासन श्रीमती कृष्णा खटीक ने सेवानिवृत्ति पर मशीन हेल्पर श्री पृथ्वीराज यदु को सुखी, स्वस्थ, दीर्घायु जीवन की शुभकामनाएं दी ।

युवाओं को खेलो हेतु प्रोत्साहित करने नगर निगम रायपुर की अभिनव पहल

रायपुर 29 जून। रायपुर नगर पालिक निगम द्वारा राजधानी शहर में पंडरी और तेलीबांधा फ्लाई ओव्हर के नीचे युवाओं के खेलो हेतु प्रोत्साहित करने क्रिकेट बैडमिंटन बास्केट बॉल की प्रैक्टिस हेतु सुरक्षित स्थान शीघ्र उपलब्ध करवाने की तैयारी राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की समाज हितकारी मंशा के अनुरूप रायपुर जिला प्रशासन के सहयोग से की जा रही है। पंडरी एवं तेलीबांधा फ्लाई ओव्हर के नीचे के स्थलो पर सुरक्षित रूप से युवाओ के हित में बॉक्स बैडमिंटन कोर्ट बनाने का कार्य तेजी के साथ करवाया जा रहा है। इसी प्रकार महानगरो की तर्ज पर राजधानी शहर रायपुर नगर निगम क्षेत्र में प्रारंभिक तौर पर 15 - 17 भिन्न स्थलों को बॉक्स बैडमिंटन कोर्ट हेतु चिन्हित किया गया है। वहां पर तेलीबांधा और पंडरी फ्लाई ओव्हर के नीचे बनाये गये बॉक्स बैडमिंटन कोर्ट की सफलता के बाद बॉक्स बैडमिंटन कोर्ट बनाने का कार्य करवाया जाना प्रस्तावित है।

शिवसेना ने किया ओवैसी का पुतला दहन, सौंपा ज्ञापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

मोहला 29 जून। असदुद्दीन ओवैसी हैदराबाद से चुने गए सांसद और संसद भवन पर सांसद पद का शपथ ग्रहण कर फिलिस्तीन जिन्दाबाद जय घोष का नारा लगाए जो, भारतीय संवधान के अनुच्छेद 103 के तहत विदेश राज्य के प्रति निष्ठा रखने वाले किसी भी चुने हुवे जनप्रतिनिधि को अनुच्छेद 102(4) के तहत चुने हुवे सदस्य को अयोग्य ठहराने का नियम है, जिसे शिवसेना छत्तीसगढ़ का प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार जी ने ओवैसी जैसे विदेशी निष्ठा रखने वाले हो, सभी पर संविधान के अनुसार उचित कार्यवाही करने कि मांग को लेकर छत्तीसगढ़ के सभी जिलों पर ओवैसी का पुतला दहन कर राष्ट्रपति एंव प्रधान मंत्री के नाम ज्ञापन सौपने का आदेश जारी किये, जिसे पुरे जिला का शिवसैनिको ने जिला मुख्यलयों मे निर्देशनुसार कार्यक्रम किया, वही दिनेश ताम्रकार शिवसेना प्रदेश सचिव ने सभी जिला मुख्यालयों मे ओवैसी का पुतला दहन कराने लगातार फोन एंव सोशल मिडिया वाटशाप के जरिये जिला अध्यक्षों को आदेश जारी किये, जिसे लेकर जिला राजनांद गाँव, जिला खैरागढ़- छुईखदान- गंडई, जिला मोहला- मानपुर- अम्बागढ़ चौकी का मुख्यलयों मे दिनांक28-06-2024 दिन शुक्रवार को ज्ञापन सौपा गया वही मोहला मे खुद उपस्थित होकर असदुद्दिन ओवैसी का पुतला फुके और उची पैजामा गोल टोपी, ओवैसी मुर्दाबाद का नारा लगाकर आम जनता को राष्ट्रीयता को अपना कर आतंगियों के समर्थक का पुर जोर विरोध करने आह्वान किये, ज्ञात हो कि मोहला-मानपुर- अम्बागढ़ चौकी जिला का मोहला दुर्गा चौक बाजार पर एंव गोटाटोला चौक पर पुतला दहन कर महामहिम राष्ट्रपति एंव माननीय प्रधान मंत्री के नाम पर ज्ञापन मोहला तहसीलदार को दिए कार्यक्रम पर मुख्यरूप से उपस्थित शिवसैनिक जिला अध्यक्ष शोभाशंकर त्रिपाठी, जिला संगठन अध्यक्ष ज्ञान चंद लोढ़ा, चार जिला प्रभारी मनीष तिवारी, खुज्जी विधान सभा का जिला उपाध्यक्ष चंदेश बघेल, हेमंत सोनी, तपसी यादव, भूषण ठाकुर, तोरण यादव, नारायण सोनी, ईश्वर यादव,भूपत यादव, बिसाहू यादव, खिलेश यादव, दिलीप निर्मलकर एंव मोहला- मानपुर- अम्बागढ़ चौकी जिला का सैकड़ो शिवसैनिक उपस्थित रहे।

प्रेग्नेंसी इंड्यूस्ड हाइपरटेंशन से ग्रसित महिला को मिला मातृत्व सुख

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव , 29 जून । किसी भी महिला का सबसे बड़ा सपना मां बनना होता है । विवाहित महिला को इसी सुख को पाने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था । अपने पांच बच्चों को प्रसव से पूर्व ही खो देने वाली महिला को अंततः कुमुद मोहबे मेमोरियल हॉस्पिटल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सुरभि मोहबे ने मातृत्व सुख प्रदान कर उसके सपनों को साकार कर दिखाया । डॉ. सुरभि ने बताया कि उक्त महिला लाखों में एक को होने वाली एक विशेष बीमारी से पीड़ित थी ।

नगर के कुमुद मोहबे मेमोरियल हॉस्पिटल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.सुरभि मोहबे ने एक बार फिर वह काम कर दिखाया है जिसके लिए आमजन डॉक्टर को भगवान का दर्जा दिया करते हैं । ÷ प्रेग्नेंसी इंड्यूस्ड हाइपरटेंशन ÷ नामक बीमारी से ग्रसित महिला की पूरे नौ माह तक गंभीरता पूर्वक देखभाल करते हुए डॉ.मोहबे ने उसे मां बनने का सुख प्रदान किया । प्रसूता श्रीमती सीमा भारती ने बताया कि उसका पहला बच्चा पांच माह में ही पेट में मर गया था । जब दूसरी बार वह गर्भवती हुई तो वह बच्चा भी आठ महीने में पेट में खराब हो गया । मां बनने का सपना लिए जब वह तीसरी , चौथी और पांचवी बार गर्भवती हुई तब भी उसके बच्चे 7 और 8 माह में पेट में खराब हो गए । जब भारती डॉ. सुरभि के पास पांचवीं बार पहुंची ,तब उसके पेट में बच्चा मर चुका था और बी पी भी बढ़ा हुआ था । छठवीं बार जब ऐसा अवसर आया तो वह डॉ.सुरभि मोहबे के संपर्क में आई और पूरी केस हिस्ट्री उन्हें बताई । डॉ. मोहबे ने सारी जांच प्रक्रिया के बाद बीमारी को पकड़ा और छठवीं बार गर्भवती होने पर 22 जून को स्वस्थ बच्चे का जन्म कराया । अपने स्वस्थ एवं जीवित बच्चे को पाकर श्रीमती सीमा भारती की खुशी का ठिकाना न रहा और उसने डॉक्टर को भगवान का दर्जा देते हुए हृदय से धन्यवाद दिया । डॉ. सुरभि का कहना है कि बच्चा और उसकी मां पूर्ण रूप से स्वस्थ हैं । उन्होंने यह भी बताया कि जन्म के समय बच्चे का वजन 3 किलोग्राम था ।

आयुक्त ने वर्षाजनित बीमारी की रोकथाम के लिए आवश्यक तैयारी के लिये अधिकारियों को दिये निर्देश

राजनांदगांव 28 जून। वर्षा ऋतु में वर्षा जनित बीमारियों के रोकथाम हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने निगम के स्वास्थ्य एवं तकनीकि अधिकारियों को निर्देश दिये है। आयुक्त श्री गुप्ता ने स्वास्थ्य अधिकारी एवं जल विभाग के अधिकारी को वर्षाजनित बीमारियों तथा डेंगू, मलेरिया के रोकथाम हेतु आवश्यक कार्यवाही करने कहा है। जिसके तहत पानी टंकीयों की सफाई, पाईप लाईन लिकेज की मरम्मत, नलो एवं हैण्ड पंपो के आस पास पर्याप्त सफाई, जन जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल के उपयोग हेतु अपील करते हुये क्लोरिन टेबलेट का वितरण करने कहा है तथा पानी की प्रतिदिन जॉच करना है। उन्होंने साफ सफाई के तहत नालियों की नियमित रूप से सफाई कर कचरा उठाने डोर टू डोर कचरे का संग्रहण, पानी भरान वाले क्षेत्र में नाले नालियो की नियमित सफाई, गड्ढे में पानी भरने पर कच्ची नाली खोद कर पानी की निकासी कराने के अलावा पेयजल स्थलों पर ब्लीचिंग आदि का छिड़काव एवं सड़े गले पदार्थो का विक्रय पर नियंत्रण सुनिश्चित करने अधिकारियों को निर्देशित किये है। आयुक्त श्री गुप्ता ने नागरिकों से भी अपील करते हुये कहा है कि वर्षा जनित बीमारी डेगू मलेरिया से बचने आवश्यक सावधानी बरते, बीमारी के लक्षण दिखने पर नजदीकि स्वास्थ्य केन्द्र में सम्पर्क कर ईलाज करावे। उन्होंने कहा कि घरों में ज्यादा दिनों तक पानी जमा न होने दे कुलर का पानी खाली करे, ताकि मच्छर न पनप पाये।

कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक संपन्न

जल जीवन मिशन के तहत कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समय-सीमा में करें पूरा : कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 29 जून । कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रहे कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में कार्यरत ठेकेदारों द्वारा कार्य समय पर पूर्ण नहीं करने पर अर्थदंड अधिरोपित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों, स्वास्थ्य केन्द्रों, पंचायत भवन, शासकीय स्कूलों सहित अन्य शासकीय भवनों में पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करें और इसके लिए स्थायी जल स्रोत बनाएं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन अंतर्गत घर तक नल के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति अनवरत होती रहे, इसके लिए प्रत्येक गांव से एक महिला एवं एक पुरूष को कौशल विकास उन्नयन के अंतर्गत इलेक्ट्रिशयन, प्लंबर एवं पंप आपरेटरों का प्रशिक्षण देने कहा। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संरक्षण एवं भू-जल स्तर को बढ़ाने के लिए अधोसंरचना का निर्माण करें, ताकि पेयजल की समस्या नहीं हो। उन्होंने यह भी कहा कि जल संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश प्रत्येक ग्रामीण तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा, ताकि इस दिशा में बेहतर कार्य हो सकें। कलेक्टर ने अधिकारियों को जल जीवन मिशन के कार्यों को गंभीरता से पूर्ण करने एवं गुणवत्ता पर विशेष रूप से ध्यान के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी श्री समीर शर्मा, जिला जल एवं स्वच्छता समिति के सदस्य कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती गुरूप्रीत कौर, उप संचालक कृषि श्री नागेश्वर लाल पाण्डेय, जिला शिक्षा अधिकारी श्री अभय जायसवाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

समाचार संक्षेप

गोपलिनचुवा शाला परिसर में धूमधाम से शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया

मोहला 29 जून। विकासखंड अंबागढ़ चौकी के अंतर्गत संकुल गोपलिनचूवा प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला, हाई स्कूल, गोपलिनचूवा मे शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया, जिसमें 120 से भी ज्यादा छात्र-छात्राओं वह ग्रामीणों ने हिस्सा लिया व तीन शालाओं के एस. एम. सी. सदस्यों व अध्यक्षों ने भी हिस्सा लिया नव प्रवेशी बच्चों को किताबें व ड्रेस वितरण एवं बच्चों को तिलक लगाकर मिठाई वितरण किया गया। गोपलिनचूवा पंचायत के सूरज रावटे जी द्वारा तीनों शालाओं के छात्र-छात्राओं के लिए न्यूनतम भोजन का आयोजन वह वितरण करवाया गया, शाला परिवार के सभी शिक्षकों व शिक्षिकाओं एवं प्राचार्य श्रीमती शारदा रामटेके, प्रधान पाठक लोचन दास हिरवानी, व प्रधान पाठक अजय अनुप रामटेके द्वारा सरपंच सूरज रावटे एस.एम.सी.के सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया।

शैलेन्द्र सिंह की पुस्तक का विमोचन

राजनांदगांव, 29 जून। राजनांदगांव के रियासत कालीन इतिहास को अगली पीढ़ी के लिए पन्नों में समेटने वाले डॉ. शैलेन्द्र सिंह की कृति का विमोचन विधानसभा अध्यक्ष एवं राजनांदगांव के विधायक डॉ. रमन सिंह ने अपने निवास मौल श्री बिहार में किया। राजनांदगांव रियासत का इतिहास नामक पुस्तक को डॉ. रमन सिंह ने संग्रहणीय कृति बताया। लेखक डॉ. शैलेन्द्र सिंह शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में इतिहास विभाग के विभागध्यक्ष है। उन्होंने इतिहास के प्रति अपने समर्पण को पुस्तक प्रकाशन के द्वारा सिद्ध कर दिखाया है। विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह द्वारा अपने निवास मौली श्री विहार में 'राजनांदगांव रियासत का इतिहास' पुस्तक का विमोचन किया गया। उक्त पुस्तक के शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. शैलेन्द्र सिंह हैं। उक्त पुस्तक में राजनांदगांव रियासत के राजाओं के कार्यकाल, उनका प्रशासन, उनके समय की सामाजिक, आर्थिक स्थिति, शिक्षा, साहित्य, धार्मिक स्थिति का विस्तृत वर्णन किया गया है। साथ ही रियासत में होने वाले राष्ट्रीय आंदोलन का प्रभाव, मिल मजदूर आंदोलन एवं ठाकुर प्यारेलाल सिंह का योगदान, जंगल सत्याग्रह के साथ-साथ स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का जीवन परिचय का उल्लेख किया गया है। पुस्तक के प्रकाशन पर डॉ. रमन सिंह ने बधाई दी तथा कहा कि इससे राजनांदगांव रियासत की जानकारी प्राप्त होगी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ इतिहासकार डॉ. रमेंनद्रनाथ मिश्रा भी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि यह पुस्तक शोधार्थी एवं इतिहास में रूचि रखने वालों तथा जनता के लिए काफी उपयोगी है। दिग्विजय महाविद्यालय के इतिहास विभाग के प्रोफेसर हिरेंन्द्र बहादुर ठाकुर भी उपस्थित थे। पुस्तक का प्रकाशन अध्ययन पब्सिर नई दिल्ली द्वारा किया गया है।

निगम ने ठेला, गुमटी, ढाबा, रेस्टोरेंट में गंदगी मिलने पर 23 स्थानों पर 10200 का ठोका जुर्माना

रायपुर, 29 जून। नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा के आदेशानुसार एवं जोन 8 जोन कमिश्नर श्री अरूण ध्रुव के निर्देशानुसार जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री गोपीचंद देवांगन, कार्यसहायक श्री रवि घृतलहरे, श्री हेमंत दास की उपस्थिति में जोन 8 के बाजार क्षेत्र में ठेला गुमटी, ढाबा, रेस्टोरेंट की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण जनशिकायत मिलने पर किया गया। जनशिकायत सही मिलने एवं गंदगी मिलने पर संबंधित 23 स्थानों पर दुकानदारों से उन्हें भविष्य के लिये चेतावनी देते हुए 10200 रू. का जुर्माना किया गया एवं जनशिकायत का जोन के स्तर पर त्वरित निदान किया गया।

संपादकीय

सेंगोल की जगह संविधान का मतलब क्या है...

राजनीति में उस मुद्दे का बड़ा महत्व होता है जिस मुद्दे से राजनीतिक दल को बड़ा फायदा होता है और भविष्य में भी राजनीतिक फायदा होने की उम्मीद रहती है। कांग्रेस व इंडी गठबंधन को संविधान के मुद्दे पर पिछले लोकसभा चुनाव में उम्मीद से ज्यादा फायदा हो गया। भले ही यह फायदा कुछ ही राज्यों में हुआ हो..इससे कांग्रेस की ताकत दोगुनी हो गई तो यूपी में सपा को अब तक की सबसे बड़ी सफलता मिली।इससे दस साल बाद विपक्ष दो सौ के पार हुआ है।विपक्षी गठबंधन के लिए संविधान ऐसा ही मुद्दा साबित हुआ है।सविधान के मुद्दे पर विपक्ष राजनीतिक रूप से मजबूत हुआ है , इसलिए वह इसे अगले पांच साल विपक्ष का प्रमुख मुद्दा बनाए रखना चाहता है। यही वजह है कि संसद में सेंगोल की जगह संविधान की प्रति रखने की मांग की गई। सपा के सांसद रूपकुमार चौधरी ने लोकसभा अध्यक्ष को पत्र लिककर मांग की है कि संसद में सेंगोल की जगह संविधान की प्रति रखी जाए। इस पर भाजपा व विपक्ष के सांसदो के बीच विवाद शुरू हो गया है। भाजपा की तरफ से कहा गया है कि सेंगोल तो भारतीय संस्कृति का प्रतीक है। इसे हताने की मांग करना महान तमिल संस्कृजि का अपमान है। वहीं विपक्ष के लोगों का कहना है कि देश में राजतंत्र नहीं है, इसलिए संसद में राजदंढ रखने की जरूरत नहीं है. इसे तो संग्रहालय में रखा जाना चाहिए। यानी कि विपक्ष चाहता है सेगोल को जहां से लाया गया था वहीं वापस रख दिया जाए। संसद का नया भवन बना था तो पीएम मोदी ने सेंगोल की खोज करवा कर उसे संसद में स्थौपित किया था कि हमारी भारतीचय परंपरा में जब सत्ता हंस्तातरण होता था तो सत्ता ग्रहण करने वाले को सेगोल दिया जाता था. माना जाता है कि जब अंग्रेजों ने सता का हस्तांतरण किया था सेंगोल पीएम जवाहर लाल नेहरू को सौंपा था। कालांतर में सेंगोल को संग्रहालय मे रखु दिया गया और इसे भुला दिया गया। सेंगोल को संसद में इसलिए स्थापित किया गया है कि इससे हमें याद रहे कि अब देश में सत्ता हमारी है. देश में सत्ता जनता की है।संविधान से भी हमें यही एहसास होता है कि इस देश में हमारा कानून चलता है। यहा हमारा शासन है।देखा जाए तो संगोल भी वही याद दिलाता है जो संविधान हमें याद दिलाता है। लेकिन कुछ लोग सेंगोल का विरोध इसलिए कर रहे है कि इसे पीएम मोदी ने संसद में मंगाकर स्थापित किया है। मोदी विरोधी जब भी इसे देखेंगे तो उन्हें याद आएगा कि इसे तो पीएम मोदी ने संसद में स्फापित किया था।इसलिए वह संसद में सेंगोल की हटाने की मांग कर रहे हैं और खुद को संविधान का सबले बड़ा रक्षक बताने के लिए सेंगोल की जगह संविधान का प्रति रखने की मांग कर रहे हैं। राहुल गांधी व विपक्ष को मोदी को संविधान विरोधी बताने से चुनाव में फायदा हुआ है, इसलिए वह सोचते हैं कि अगले पांच साल मोदी को संविधान विरोधी प्रचारित कर उनकी लोकप्रियता कम की जा सकती है। यही वजह है कि संसद में शपथ लेते वक्त विपक्षी दलों के सांसद हाथ में सविधान की प्रति लिए हुए थे। ताकि वह देश को संदेश दे सकें कि संविधान के रक्षक हम है और पीएम मोदी संविधान के विरोधी हैं। पीएम मोदी विपक्ष की इस चाल को समझ गए और 25 जून को इमरजेंसी की बरसी पर आपातकाल की याद देश को दिलाई और देश के लोगों को याद दिलाया कि देश में संविधौन का जितना अपमान कांग्रेस ने किया है, किस ने नहीं किया है।उन्होंने देश को यह भी याद दिलाया कि देश के नेताओं व लोगों के साथ आपातकालमें कितने अत्याचार किए गए थे। कांग्रेस ने सोचा नहीं था कि संविधान के मुद्दे पर पीएम मोदी इस तरह पलटवार कर सकते हैं कि कांग्रेस को कुछ कहते न बने। संसद में लोकसभा अध्यक्ष ने जब आपातकाल के विरोध में निंदा प्रसताव पेश किया तो यह भी कांग्रेस के लिए अप्रतयाशित था क्योंकि वह हल्ला करने के अलावा कुछकर नहीं सकत थी, आपातकाल का विरोध करने पर वह खुद ही संसद में एक्सपोज हो गई कि कांग्रेस तो आपातकाल का विरोध नहीं करती है। इस देश में जो भी आपातकाल का विरोध नहीं करता है, वह संविधान विरोधी माना जाता है। कुल मिलाकर पीएम मोदी ने आपातकाल के मुद्दे को उठाकर साबित किया संविधान की रक्षक होने का कांग्रेस नाटक कर रही है, उसका तो इतिहास संविधान का अपमान करने के उदाहरणों से भरा हुआ है।कांग्रेस का संविधान रक्षक वाला नरेटिव फेल हो गया तो विपक्ष की तरफ से सेंगोल के मुद्दे पर फिर संविधान के मुद्दे को नए सिरे से सामने लायाग गया है। बताने की कोसिश की जा रहीह है कि संविधन का सम्मान हम ज्यादा करते हैं।

(लैंसेट ग्लोबल हेल्थ रिपोर्ट) | सुनील कुमार महला

वर्ष 2030 तक होगी साठ फीसदी आबादी अस्वस्थ

हाल ही में शारीरिक गतिविधियों के संबंध में लैंसेट ग्लोबल हेल्थ रिपोर्ट आई है। इस रिपोर्ट के तथ्य अत्यंत चौंकाने वाले हैं। रिपोर्ट में भारतीय व्यस्कों के स्वास्थ्य की स्थिति को चिंताजनक बताया गया है। इस रिपोर्ट के अनुसार भारतीय वयस्कों में अपर्याप्त शारीरिक गतिविधियों का प्रतिशत वर्ष 2000 के 22.3 से बढकर वर्ष 2022 में 49.4 हो गया बताया गया है और यह भी कहा गया है कि यदि इस पर नियंत्रण नहीं किया गया तो वर्ष 2030 तक 60 फीसदी आबादी अस्वस्थ होगी। यह भारत के लिहाज से अत्यंत चिंताजनक है। चिंताजनक इसलिए क्योंकि पर्याप्त शारीरिक गतिविधियां नहीं होने से बीमारियों का खतरा बना रहेगा। यह अत्यंत विचारणीय होने के साथ ही अत्यंत गंभीर है कि भारत की आधी वयस्क आबादी विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के शारीरिक गतिविधियों संबंधी दिशा-निर्देशों को पूरा नहीं करती है। यानी शारीरिक तौर(फिजीकली फिट) पर पूरी तरह फिट नहीं है। बताया गया है कि पुरुषों (42 फीसदी) के मुकाबले महिलाएं (57 फीसदी) शारीरिक गतिविधियों के मामले में ज्यादा निष्क्रिय हैं। कहना गलत नहीं होगा कि भारत में शारीरिक श्रम करने में लोग काफी आलसीपन दिखाते हैं। रिपोर्ट में ये भी कहा गया कि वैश्विक स्तर पर लगभग एक तिहाई लोग (31.3 प्रतिशत) शारीरिक श्रम पर्याप्त रूप से नहीं करते। रिपोर्ट में पाया गया कि ये आंकड़ा वर्ष 2010 के मुकाबले और बढ़ गया है। उस समय के दौरान दुनिया भर में अपर्याप्त रूप से शारीरिक गतिविधि में संलग्न 26.4 प्रतिशत लोग थे, जो अब पांच प्रतिशत अधिक है। दरअसल आज हमारी जीवनशैली में आमूलचूल परिवर्तन आ गये हैं और हमारे देश की आबादी बैठे-बैठे काम करने की प्रवृत्ति की ओर लगातार बढ़ रही है। एक समय था जब ऐसा नहीं था और शारीरिक श्रम पर भी पर्याप्त ध्यान दिया जाता था। बढ़ते मशीनीकरण, आधुनिकीकरण के कारण ऐसा संभव हुआ है। पहले के जमाने की तुलना में हमारे कामकाज के पैटर्न में बदलाव आ गये हैं और आज हर कोई स्क्रीन को अधिक समय दे रहे हैं। पर्यावरण में भी आमूलचूल परिवर्तन आए हैं। ग्लोबल वार्मिंग का प्रभाव भी हमारी जीवनशैली पर पड़ा है। हम वाहनों पर निर्भर हो गये हैं। इस रिपोर्ट के मुताबिक भारत, पाकिस्तान और अफगानिस्तान में महिलाओं में अपर्याप्त शारीरिक गतिविधि चिंता का विषय है। हालांकि, हमारे पड़ोसी बांग्लादेश, भूटान और नेपाल में महिलाएं ज्यादा सक्रिय हैं। इस संबंध में विशेषज्ञों का कहना है कि महिलाओं में निष्क्रियता के लिए घर के कामों में उनकी ज्यादा भागीदारी जिम्मेदार है। इससे उन्हें खुद पर ध्यान देने का कम समय मिलता है। क्या यह सोचनीय व गंभीर नहीं है कि अपर्याप्त शारीरिक गतिविधि (फिजीकल एक्टिविटी) के मामले में हमारा देश भारत 195 देशों में 12वें पायदान पर है ? दुनिया भर में, करीब एक तिहाई (31 प्रतिशत) वयस्क यानी कि करीब 1.8 बिलियन लोगों ने 2022 में शारीरिक गतिविधि के रिकमेंडेड लेवल(अनुशंसित स्तर) को पूरा नहीं किया। सबसे चिंता की बात यह है कि भारतीय वयस्कों में फिजिकली इनएक्टिव होना साल 2000 में 22.3 प्रतिशत से तेजी से बढ़कर 2022 में 49.4 प्रतिशत पहुंच गया। डब्लूएचओ की सिफारिश के मुताबिक, सभी वयस्कों के लिए हफ्ते में कम से कम 150 से 300 मिनट की मीडियम एरोबिक एक्टिविटी जरूरी है। डब्ल्यूएचओ का कहना है कि शारीरिक निष्क्रियता वाले वयस्कों में दिल की बीमारियों जैसे दिल का दौरा, स्ट्रोक, टाइप 2 शुगर, मनोभ्रंश और ब्रेस्ट और कोलन कैंसर का खतरा ज्यादा रहता है। द लैंसेट डायबिटीज एंड एंडोक्रिनोलॉजी जर्नल में प्रकाशित 2023 इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च-इंडिया डायबिटीज (क्ष्टफ-क्ष्ठउक्रअइ) के एक अध्ययन में अनुमान लगाया गया है कि 2021 में भारत में 101 मिलियन लोग मधुमेह से पीड़ित थे और उसी वर्ष लगभग 315 मिलियन लोगों को हाई बीपी था। अध्ययन के अनुसार, इसके अलावा 254 मिलियन लोग मोटापे से ग्रस्त हैं तथा 185 मिलियन लोगों में एलडीएल या 'खराब' कोलेस्ट्रॉल का स्तर उच्च है। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि रिपोर्ट के मुताबिक सबसे ज्यादा शारीरिक निष्क्रियता एशिया-प्रशांत क्षेत्र (48 प्रतिशत) और दक्षिण एशिया (45 प्रतिशत) सामने आई है. अन्य क्षेत्रों में निष्क्रियता का स्तर पश्चिमी देशों में 28 प्रतिशत से लेकर 14 प्रतिशत तक है। रिसर्चर्स का अनुमान है कि यदि ऐसे ही हालात बने रहे तो वो दिन दूर नहीं जब वर्ष 2030 तक करीब 60 प्रतिशत एडल्ट फिजिकली अनफिट हो जाएंगे। रिसर्च में ये भी सामने आया है कि 60 साल की उम्र के महिलाएं और पुरुष शारीरिक गतिविधियों में कम एक्टिव हैं। जानकारी देना चाहूंगा कि वर्ष 2019 में ब्लूमबर्ग हेल्थ इंडेक्स के अनुसार विश्व के दस सबसे स्वस्थ देशों में क्रमशः स्पेन, इटली, आइसलैंड, जापान, स्विट्जरलैंड, स्वीडन, आस्ट्रेलिया, सिंगापुर, नार्वे और इजरायल शामिल थे। ग्लोबल हेल्थ सेक्युरिटी इंडेक्स 2021 के अनुसार विश्व में सबसे ज्यादा स्वस्थ देशों में क्रमशः यूनाइटेड स्टेट्स, आस्ट्रेलिया, फिनलैंड, कनाडा, थाइलैंड, स्लोवेनिया,यूके, जर्मनी, दक्षिण कोरिया और स्वीडन शामिल थे। वास्तव में, मनुष्य की स्वस्थता जीवन प्रत्याशा, अस्पतालों की गुणवत्ता, पर्यावरण, भोजन की पौष्टिकता-पौषकता, जीवनशैली आदि तथ्यों पर निर्भर करती है। अतः इन सब पर्याप्त ध्यान दिया जाना चाहिए। आज भारतीयों का ध्यान योगा, एक्सरसाइज, प्राणायाम, मेडिटेशन पर कम है, भले ही हम योग दिवस मना रहे हैं। हमने दुनिया को योग दिया, लेकिन वास्तव में जितना ध्यान हमें अपने स्वास्थ्य को लेकर देना चाहिए, उतना हम दे नहीं पा रहे हैं। यहां पाठकों को बताता चलूं कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के 1948 के संविधान में स्वास्थ्य को 'पूर्ण शारीरिक, मानसिक और सामाजिक कल्याण की स्थिति के रूप में परिभाषित किया गया है, न कि केवल बीमारी या दुर्बलता की अनुपस्थिति के रूप में' आज हमारी जीवनशैली बदल चुकी है और इसने हमारे स्वास्थ्य को काफी हद तक प्रभावित किया है। यही कारण है कि आज विशेष रूप से हृदय रोग, स्ट्रोक, मधुमेह, मोटापा, चयापचय सिंड्रोम, क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज और कुछ प्रकार के कैंसर हो रहे हैं। हम हमारी फिजिकल फिटनेस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। भागम-भाग भरी जिंदगी में हमारे पास स्वयं के लिए समय नहीं बचा है। आज हमारा ध्यान स्क्रीन टाइम पर ज्यादा है बजाय एक्सरसाइज के। हालांकि, हमारे देश के प्रधानमंत्री ने साल 2019 में 29 अगस्त को इंदिरा गांधी स्टेडियम में 'फिट इंडिया कैंपेन' भी लॉन्च किया था। इसका उद्देश्य फिटनेस को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाना था, लेकिन हम दैनिक कामकाज में इतने व्यस्त हो जाते हैं कि अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देना ही भूल जाते हैं। यह विडंबना ही है कि स्वस्थ जीवनशैली के अनेक लाभों के बावजूद, वयस्कों का केवल एक छोटा सा हिस्सा ही ऐसी दिनचर्या का पालन करता है। वास्तव में, संख्या लगातार घट रही है। यह विडंबना ही है कि स्वास्थ्य और जीवनशैली के बीच संबंध के बारे में लोगों में आज बहुत कम जागरूकता है। बहुत से लोग इस बात से अनजान हैं कि जीवनशैली में बदलाव पुरानी बीमारियों के उभरने में एक महत्वपूर्ण कारक है जो रुग्णता और मृत्यु दर में वृद्धि का कारण बनता है। कहना गलत नहीं होगा कि ' एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ दिमाग निवास करता है।' यदि हमारे देशवासी स्वस्थ होंगे तो वे बेहतर सोचेंगे, एक अच्छा वातावरण बनेगा और देश भी विकास के पथ पर तेजी से चल सकेगा। हमें यह चाहिए कि हम अपनी जीवनशैली में योग, ध्यान, फ्री हैंड एक्सरसाइज, प्राणायाम, श्वास व्यायाम, सूर्य नमस्कार, चलना, दौड़ना, एरोबिक्स, जॉगिंग, नृत्य और खेल आदि को शामिल करें। आज हमारे देश में शारीरिक गतिविधियों को बढ़ावा देने और स्वास्थ्य में सुधार करने के लिए प्रभावी सार्वजनिक स्वास्थ्य उपायों की तत्काल आवश्यकता है।बदलते रहन-सहन और खानपान से बीमारियों और अन्य स्वास्थ्य चुनौतियों के प्रति लगातार आगाह किया जाता रहा है, लेकिन हम इस ओर ध्यान नहीं देते। आज बदलती जीवनशैली जान पर भारी पड़ रही है। इसके बावजूद सबक लेने को तैयार नहीं। प्रतिस्पर्धी दौर में सब एक-दूसरे से आगे निकलने की दौड़ में जुटे हैं। दरअसल, मोबाइल और अन्य इलेक्ट्रानिक संसाधनों पर अधिक समय बिताना, बाहर का खाना विशेषकर ह्यजंक फूडह्ल पर निर्भरता, देर रात सोना और सुबह देर से जागना, पारिवारिक अलगाव, एकाकीपन जैसी समस्याएं आज आम हो गई हैं। इन कारणों से तनाव, उच्च रक्तचाप, मोटापा, हृदय की बीमारियां लोगों को घेर रही हैं। अंत में यही कहूंगा कि शारीरिक गतिविधियों को बढ़ावा देने की चुनौती लोगों के साथ-साथ सरकारों की भी जिम्मेदारी है। आज स्वास्थ्य, खेल व शिक्षा के बीच समन्वय की आवश्यकता है।

आज का राशिफल

मेष राशि-आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज का दिन आपके लिए संपत्ति मिलने का संकेत दे रहा है। आज परिवार में किसी शुभ और मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। जीवनसाथी के साथ आप डिनर करने जायेंगे। आप यदि किसी प्रॉपर्टी में निवेश करने की योजना बना रहे थे, तो आपकी वह इच्छा पूरी होगी और आप दिल खोलकर निवेश कर सकते हैं। किसी नई संपत्ति को खरीदने का सपना पूरा होगा। यदि किसी को धन उधार दिया था, तो वह भी आपको वापस मिल सकता है।

वृष राशि-आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। घर के बड़ों से आगे बढ़ने की राय मिलेगी। जो आगे चलकर आपके काम आयेगी। किसी रायटर की बुक आज पब्लिश होगी जिसके लिए उसको अवार्ड मिलेगा। अपने आपको फिट एंड फाइन रखने के लिए एक्सरसाइज करें। आज कोई भी बड़ा फैसला सावधानी पूर्वक लें। व्यापार के नजरिये से आपका काम अच्छा चलेगा। सरकारी नौकरी के लिए प्रयासरत लोगों को जल्द बेहतर समाचार मिलेगा। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। बच्चे आज अपने मनपसंद ड्रेस की डिमांड करेंगे।

मिथुन राशि- आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। किसी ख़ास मेहमान के स्वागत सत्कार में आप व्यस्त रहेंगे, परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। इलेक्ट्रॉनिक व्यापारियों की आमदनी में बढ़ोतरी होगी। आज आय के नये-नये स्रोत भी आपको मिलेंगे। आज आप पूरे दिन ऊर्जा से भरे रहेंगे। आज अनावश्यक उलझन लेने से आप बचने का प्रयास करें। आपके सगे संबंधी आपके सहयोग के लिए तत्पर रहेंगे। आज आपके बच्चे किसी की मदद करेंगे, जिससे आपको उन पर गर्व होगा।

कर्क राशि- आज आपका दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया से भरा रहेगा। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत बनेगा। आज स्वजनों से स्नेह बढेगा। आज खानपान में रूचि बढ़ेगी। जो लोग कोई कम्पूटर कोर्स ज्वाइन करना चाहते हैं उनके लिए समय अनुकूल रहेगा। कारोबारियों का काम पहले से बेहतर चलेगा। आपकी सेल में बढ़ोतरी होगी। बच्चों के साथ आज अपना समय बितायेंगे। लवमेट में हुई गलत फहमियां आज दूर होंगी।जीवनसाथी आज आपके कार्यों में सहयोग करेंगे। छात्रों के लिए आज का दिन सफलता दिलाने वाला है।

सिंह राशि- आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। राजनीति से जुड़े लोगों को आज जानकार लोगों की सलाह मिलेगी। रियल स्टेट के कारोबारियों की आज कोई प्रॉपर्टी सेल हो सकती है। अगर आप वाहन लेना चाहते हैं तो यह समय आपके लिए अनुकूल रहेगा। आज आपके मनचाहे कार्यों की पूर्ति होगी। आज घर में किसी बात को लेकर हर्षोल्लास का माहौल बन सकता है। किसी पर अधिक विश्वास करके अपनी निजी बातें शेयर न करें। आज आपकी कन्या को सफलता मिलने से घर में उत्सव का माहौल बना रहेगा।

कन्या राशि- आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। राजनीति से जुड़े लोगों को आज कोई भी फैसला जल्दबाजी में नहीं लेना चाहिए। छात्रों को आज अपने प्रोजेक्ट पूरा कर लेना चाहिए। आज आपका सामाजिक दायरा बहुत हद तक बढ़ सकता है। दैनिक कार्यों में आपको पूर्ण रूप से सफलता मिल सकती है। व्यापारिक दृष्टि से आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है, कार्य की गति बढ़ेगी। आज दोस्तों के साथ पार्टी कर सकते हैं इस दौरान खान पान का ध्यान रखना होगा।

तुला राशि-आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज जीवनसाथी के साथ आपकी मीठी नोक-झोक होगी। स्वास्थ्य में चल रही समस्याओं को आप नजरअंदाज ना करें। किसी कठिन परिस्थिति में आपको कुछ लोगों से आसानी से मदद मिल जायेगी। आपके भौतिक सुख-साधनों में बढ़ोतरी होगी। छात्रों के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है। जॉब की तलाश कर रहे लोगों को आज किसी दोस्त की मदद से अच्छी जॉब मिलेगी। अचानक धन लाभ होने से आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी।

वृश्चिक राशि- आज आपका दिन खुशनुमा रहेगा। आज जिस भी क्षेत्र में आप मेहनत करेंगे, उसमे सफलता अवश्य मिलेगी। अगर मन में कोई बात आपको परेशान कर रही है, तो अपने दोस्तों से इस बारे में बात करें, आपको अच्छी सलाह मिल सकती है। आज ऑफिस में पार्टी कर सकते हैं। आज आप दोस्तों के साथ खूब इंजॉय करेंगे। स्वास्थ्य से परेशान लोगों को आज काफी हद तक आराम मिलेगा। भूमि आदि से जुड़ा कार्य जल्द पूरा हो जाएगा। आज किसी मेहमान के आने से उनके आदर सत्कार में व्यस्त रहेंगे।

धनु राशि-आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आपको कोई नया व्यापार शुरू करने का मौका मिलेगा। किसी काम के लिए कई दिनों से की जा रही मेहनत का फल आज आपको मिल सकता है। आज का दिन आपके लिए तरक्की दिलाने वाला रहेगा। परिवार में किसी सदस्य को सफलता मिलने से सभी लोग प्रसन्न रहेंगे। जो लोग नौकरी की तलाश कर रहे हैं, उन्हे कोई शुभ सूचना सुनने को मिल सकती है। आज आप कोई निर्णय जल्दबाजी में ना लें।

मकर राशि-आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए जो भी प्रयास करेंगे उसमें आपको सफलता अवश्य प्राप्त होगी। आपको बिजनेस में बड़ी सफलता मिलने के योग दिख रहे हैं। परिवार में वरिष्ठ सदस्यों के साथ आप कहीं घूमने जाने की योजना बना सकते हैं। संगीत से जुड़े लोगों को किसी अच्छे प्लेटफॉर्म काम करने का मौका मिलेगा। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। किसी टॉपिक को समझने में शिक्षकों का सहयोग मिलेगा।

कुंभ राशि-आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपको किसी व्यक्ति के कहने में आकर कोई निर्णय लेने से बचना चाहिए। आप किसी काम को करने से पहले उसके लिए सोच विचार अवश्य करें। आज आप अपनी आय को बढ़ाने के लिए कुछ नया प्लान बनायेंगे। कहीं निवेश करना चाहते है तो किसी अनुभवी की सलाह जरुर ले लें। आज आपका दाम्पत्य जीवन शानदार रहने वाला है, जीवनसाथी आज आपको उपहार देंगे। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

मीन राशि-आज का दिन आपके लिए भागदौड़ से भरा रहने वाला है। आपके अंदर एक्स्ट्रा एनर्जी रहने के कारण आप अपने रुके हुए कामों को पूरा करने की कोशिश करेंगे, लेकिन आप अपनी उस एनर्जी को सही कामों में लगाएं, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। बच्चों के लिए आप कोई उपहार लेकर आ सकते हैं। माता-पिता के आशीर्वाद से आप किसी नई डील को फाइनल कर सकते हैं। आज आप अपने दिनचर्या में बदलाव करने का मन बनायेंगे। स्पोर्ट से जुड़े लोगों को आज सफलता मिलने के योग बने हुए हैं।

व्यंग्य

कमाल करते हो भाई

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

तलवे चाटने वाली चप्पल जब बनाने वाले की कीमत पर बिकती हो और देश भर का पेट भरने वाला किसान अपना उगाया अनाज किसी और के द्वारा तय की गई कीमत पर बेचता हो, तब वह देश स्टैंडप कॉमेडी करने वालों के लिए स्वर्गधाम कहलाता है। अब ऐसे स्वर्गधाम को छोड़कर नर्क भला कौन जाना चाहेगा। यहाँ तक कि सुबह-सुबह टी.वी. चैनलों में लोगों को लुभाने के लिए अस्सी का पेट्रोल मात्र चालीस में बेचने वाले काने बाबा शुद्ध राजनीति के बीच कभी-कभी भूल से अच्छी बातें भी कह देते हैं। मसलन आत्महत्या करने वाले सीधे नर्क में जाते हैं। अब बाबा जी को कौन बताए कि बढ़ती महंगाई, लूटखोरी, बेरोजगारी, गरीबी और लाचारी के बीच थोड़ा-बहुत नमक-मिर्च खाने वाले को तो गुस्सा आएगा ही। ऐसे में मात्र चुनाव कराने और जीतने वाली सरकार को किसान गुस्से में कुछ कह देते होंगे। अब इतना बड़ा पाप करने वाला भला स्वर्ग कैसे जा सकता है? इस पाप के लिए उसे नर्क की सजा नहीं तो ताजपोशी होगी। हाँ, जहाँ तक स्वर्ग और नर्क के बीच में अटकने की बात है तो वह अधिकार मात्र हरिशंकर परसाई के पात्र भोलाराम के जीव को था। वही आखरी सरकारी बंदा था जिसे मरने के बाद पेंशन देने की बात हुई थी। अब न कोई नौकरी है और न पेंशन। जो कुछ भी है वह बस एक टेंशन है। जिसे हर कोई अपने साथ भर-भरकर रखता है। सुना है जब से भोलाराम के जीव की घटना घटी है तब से चैटर बॉक्स नारद धरती को अपनी यात्रा के ब्लैक लिस्ट में रखकर स्वर्ग में ही घूम रहे हैं। औरों का पेट भरकर खुद भूखा रहने वाला किसान मात्र पत्र-पत्रिकाओं, पुस्तकों में हल पकड़े ठीक लगता है। यथार्थ में वह केवल जहर की बोतल पकड़े उसके नाम पर रिलीज होने वाले करोड़ो-अरबों की आबंटित राशि खाने वाले मंतरी-संतरी और सरकार जैसे सत्तास्वादक के बीच आत्महत्या करने का अपना ही सुख है। एक बार इस अस्थाई दुनिया को छोड़ स्थाई नरक में जाकर खेती करने की चालाकी मन की बात सुनने से भी अधिक मजा देता है। भगवतगीता के संदेशों को पुस्तकों में छोड़कर आचरण में लाना आठवें अजूबे से कम नहीं है। क्या यह धरती का नर्क स्वर्ग के नर्क की तुलना में किसानों को हल पकड़ने की गारंटिड जॉब दिला सकता है। आत्महत्या करने के लिए आत्मा का होना बहुत जरूरी है। कई लोग जीकर मरते हैं तो कुछ लोग मरकर जीते हैं। मरकर जीने को शब्दकोश में किसान कहा गया है। वे यह क्यों भूल जाते हैं कि जीने के लिए जिस बेशर्मी की आवश्यकता पड़ती है, वह तो नेता अपने साथ-साथ हमेशा रखते हैं। ऐसे नेताओं से थोड़ी बेशर्मी, बेहयापन, निर्लज्जता और अपमान ले लें तो उन्हें आत्महत्या करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। सरकार की नजर में बुजदिल किसान आत्महत्या करते हैं, जबकि निडर खेती-बाड़ी की एबीसीडी जाने बिना लाखों डकार जाते हैं और वे ही आगे जाकर सच्चे और आदर्श किसान कहलाते हैं।

शर्मनाक | मनोज कुमार अग्रवाल

संसद में औवैसी के जय फिलिस्तीन नारे पर विपक्ष की शर्मनाक चुप्पी !

हैदराबाद से लोकसभा सांसद और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने सांसद के रूप में शपथ लेने के दौरान फिलिस्तीन के समर्थन में नारा लगा कर मयार्दा विहिन व्यवहार किया है । संसद में ओवैसी के नारे के बाद इस मुद्दे पर विवाद बढ़ गया है। उनकी संसद सदस्यता रद्द किए जाने की मांग जोर पकड़ रही है।

आपको बता दें कि ये वही ओवैसी हैं जिन्हें ह्यजय फिलिस्तीनह्ल कहने में कोई गुरेज नहीं है लेकिन ह्यभारत माता की जयह्ल बोलने में घोर आपत्ति है। असदुद्दीन ओवैसी इससे पहले भी अपने कई बयानों को लेकर विवादों में रहे हैं। कभी उन्होंने भारत माता की जय बोलने से इनकार किया तो कभी भाजपा-आरएसएस को लेकर विवादित बयान दिया। कुछ साल पहले आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा था कि नई पीढ़ी को भारत की शान में नारे लगाने का पाठ पढ़ाया जाना चाहिए। जिसके जवाब में असदुद्दीन ओवैसी ने कहा था कि वो कभी ह्यभारत माता की जय नहीं बोलेंगे भले भी उनकी गर्दन पर कोई छुरी क्यों न रख देह्ल। ओवैसी एक बार यह भी कह चुके हैं कि इस्लाम ही सभी लोगों का घर है। अगर दूसरे धर्म के लोग इस्लाम अपनाते हैं तो यह उनके लिए घर वापसी जैसा होगा। हर बच्चा मुस्लिम होकर ही जन्म लेता है।

ओवैसी ने देश की संसद में फिलिस्तीन का जयकारा लगाकर अपनी प्राथमिकता और निष्ठा स्पष्ट कर दी है। ओवैसी, जिस देश का नमक खा रहे हैं, जिस देश के संसदसदस्य चुने गए हैं, उस देश के लिए मुंह से जयहिंद तक नहीं निकालते ये वही लोग हैं जो जिस थाली में खाते हैं उसी में छेद करते हैं। ओवैसी जैसे लोग अपने समाज और देश के नाम पर कलंक हैं।

सत्ताधारी एनडीए से जुड़े कई नेताओं ने इस पर आपत्ति जताई और उनकी कड़ी आलोचना की। साथ ही उनकी सदस्यता खत्म करने की मांग की गई है और इसके कारण राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को चिट्ठी लिखी गई है। वहीं भाजपा सांसद गिरिराज सिंह ने ओवैसी पर निशाना साधते हुए कहा कि, ओवैसी ने जिस तरह से संसद में शपथ ली है, उससे पूरे देश का अपमान हुआ है ह्वफिलिस्तीन ज़िंदाबाद कहना गलत है, इससे पूरे देश की बदनामी हुई है। उन्हें संसद से बाहर निकाल देना चाहिए। ओवैसी देश को सीरिया बनाना चाहते हैं। वह देश में गजवा-ए-हिंद की अवधारणा स्थापित करना चाहते हैं। गिरिराज ने कहा कि ओवैसी ने इस तरह के नारे लगाकर संसद की गरिमा पर हमला किया है।सवाल यह उठता है कि क्या ओवैसी गाजा से सांसद हैं? जो ह्लजय हिंदह्ल कहने की बजाय ह्लजय फिलिस्तीनह्ल कहा।लेकिन इंडिया गठबंधन के किसी घटक दल के नेता ने औवैसी की इस हिमाकत पर कोई विरोध नहीं जताया।सवाल यह है कि राहुल गांधी और अखिलेश यादव क्यों चुप हैं? हमेशा संविधान बचाने का नारा लगाने वाला विपक्ष अब चुप क्यों है? विपक्ष को भी इस पर स्पष्टीकरण देना चाहिए। हमेशा संविधान की किताब लेकर चलने वाले राहुल गांधी अखिलेश यादव को बताना चाहिए कि जय फिलिस्तीन कहना क्या संविधान का अपमान नहीं है? प्रमुख विपक्षी नेताओं में से किसी ने भी असुददीन औवेसी के इस शर्मनाक व्यवहार पर सवाल उठाने या आपत्ति दर्ज कराने की जरूरत नहीं समझी। यह इस देश के नेताओं के राष्ट्रीय चरित्र में आ रही गिरावट को बताता है।

बिहार सरकार में मंत्री नितिन नवीन ने ओवैसी के बयान पर कहा, ह्लऐसे लोगों पर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज होना चाहिए।ह्व उन्हें संसद से बाहर निकाल देना चाहिए। ये लोग देश में रहने के लायक नहीं हैं, जो व्यक्ति देश की मिट्टी का अपमान करता है, उसे देश में रहने का कोई अधिकार नहीं है ओवैसी जैसे लोगों पर कार्रवाई जरूर होनी चाहिए। ऐसे लोग हमेशा देश के लिए घातक साबित होते हैं। उनके खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा दर्ज होना चाहिए।ह्व

इस बीच वकील हरिशंकर जैन ने संसद सदस्यता खत्म करने को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शिकायत की है। महत्वपूर्ण सवाल यह है कि जिस ओवैसी ने कभी कहा था कि चाहे जो कर लो, भारत माता की जय नहीं बोलूंगा। उसी ओवैसी ने भारत की संसद में सांसद की शपथ लेते हुए ह्लजय फिलिस्तीनह्ल का नारा लगाया। भारत माता से परहेज, तो फिलिस्तीन की जय से क्या संदेश देना चाहते हैं ओवैसी ?विवाद बढ़ने के बाद ओवैसी ने सफाई दी है। ओवैसी ने कहा कि उन्होंने सदन में कुछ भी गलत नहीं कहा। इससे इनकी मंशा समझी जा सकती है।

ओवैसी के नारा लगाते ही एनडीए सांसदों ने कड़ा विरोध जताया था , बीजेपी ने ओवैसी के बयान पर आपत्ति जताते हुए कहा कि मौजूदा नियमों के अनुसार उन्हें संसद से अयोग्य ठहराए जाने का आधार है। बीजेपी ने अनुच्छेद 102 का हवाला देते हुए कहा कि ओवैसी को सदस्यता से अयोग्य ठहराया जा सकता है।

जानकारी के मुताबिक संसद के दोनों सदनों में एक आचार समिति होती है। यह नेताओं के नैतिक आचरण पर ध्यान देने योग्य है। यदि समिति यह सिफारिश करती है कि कोई सदस्य सदन की गरिमा को भंग कर रहा है या सार्वजनिक जीवन में मयार्दा को तोड़ रहा

बस्तर अंचल को कुपोषण मुक्त बनाने मिशन मोड में कार्य करने पर जोर

■ सचिव महिला एवं बाल विकास विभाग शम्मी आबिदी ने विभागीय कार्यों की विस्तृत समीक्षा की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

जगदलपुर 29 जून। महिला बाल विकास विभाग की सचिव श्रीमती शम्मी आबिदी ने शुक्रवार को कलेक्टोरेट के प्रेरणा सभाकक्ष में विभागीय गतिविधियों एवं योजनाओं के क्रियान्वयन स्थिति की विस्तृत समीक्षा बैठक लेकर धरातल पर हो रही प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को मिशन मोड पर कार्य कर बस्तर अंचल को कुपोषण मुक्त बनाने के लिए व्यापक सहभागिता निभाने पर जोर दिया। साथ ही कहा कि माताओं-बहनों को शासन की सभी योजनाओं से शत-प्रतिशत लाभान्वित कर बस्तर ईलाके में विकास की बयार को सोशल सेक्टर में भी बेहतर प्रदर्शन करने कहा।

सचिव श्रीमती आबिदी ने एकीकृत बाल विकास सेवाओं को धरातल में कारगर ढ़ंग से सुलभ कराने के निर्देश देते हुए कहा कि शासन की अन्य कल्याणकारी योजनाओं से भी क्षेत्र के महिलाओं को योजनाबद्ध तरीके से लाभ पहुंचाया जाना है। इस दिशा में सेवाओं को परिणामदायी बनाने हेतु जनजागरूकता लाने सहित सेवाओं की गुणवत्ता एवं सेवाओं के विस्तार के लिए प्रभावी पहल किया जाए। सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि महिला बाल विकास विभाग की महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना, रेडी-टू-ईट, नोनी सुरक्षा योजना का लाभ सभी हितग्राहियों को मिले। उन्होंने गर्भवती, शिशुवती माताओं, बच्चों और किशोरी बालिकाओं का नियमित अंतराल पर स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण और वजन लेने कहा। वहीं स्कूल पूर्व प्रारंभिक शिक्षा, पूरक पोषण आहार तथा पोषण एवं स्वास्थ्य शिक्षा को परिणाममूलक बनाने के लिए संवेदनशीलता के साथ दायित्व निर्वहन किये जाने के निर्देश दिए।

सचिव महिला एवं बाल विकास ने पोषण पुनर्वास केन्द्रों पर कुपोषित बच्चों के उपचार के लिए नियमित रूप से शत-प्रतिशत बिस्तरों के अनुरूप भर्ती करने कहा। इस हेतु प्रत्येक 15 दिवस में भर्ती करने के लिए कुपोषित बच्चों का रोस्टर तैयार कर लाभान्वित किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजनांतर्गत निर्धन जरूरतमन्द महिलाओं को लाभान्वित कर योजना के उद्देश्य की सार्थकता साबित करने कहा। वहीं मिशन वात्सल्य के अंतर्गत बाल देखरेख संस्थाओं में निवासरत बच्चों को नियमित स्कूल या ओपन स्कूल के माध्यम से शिक्षा प्रदान करने एवं उन्हें कौशल विकास प्रशिक्षण देने के लिए कार्ययोजना प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिए। बैठक में बेटी-बचाओ, बेटी-पढ़ाओ सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों पर भर्ती, आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण की स्वीकृति, संचालित एवं प्रगतिरत भवनों इत्यादि की समीक्षा की गई। बैठक में महिला बाल विकास विभाग की संचालक सुश्री तुलिका प्रजापति सहित महिला बाल विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों सहित बस्तर, बीजापुर, दन्तेवाड़ा एवं सुकमा जिले के जिला स्तरीय अधिकारी और बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं सुपरवाइजर्स उपस्थित थे।

बस्तर में काजू, कॉफी, मिर्च और सिसल के उत्पादन को दिया जाए बढ़ावा: सचिव प्रसन्ना

■ वन सहित अन्य विभाग से संबद्ध समूहों के आर्थिक विकास व कार्य योजनाओं पर की चर्चा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

जगदलपुर 29 जून। सहकारिता विभाग के सचिव डॉ. सीआर प्रसन्ना ने कहा कि बस्तर में उत्पादित काजू, कॉफी, मिर्च और सिसल की अन्य मार्केट में अधिक मांग को देखते हुए इन उत्पाद का उत्पादन को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। इनके उत्पादन में सहकारिता विभाग के द्वारा दी जा रही सब्सिडी का उपयोग कर ग्रामीणों को रोजगार और आर्थिक विकास के लिए पहल की जा सकती है। सचिव श्री प्रसन्ना जगदलपुर में जिला पंचायत के सभाकक्ष में एनआरएलएम, सहकारिता, नाबार्ड, वन सहित अन्य विभाग से संबद्ध समूहों- समितियों के सदस्यों के आर्थिक विकास और स्थानीय कृषि उत्पाद हेतु कार्ययोजनाओं पर की चर्चा कर रहे थे। इस अवसर कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. ने बताया कि जिले के बस्तर, बकावंड विकासखंड क्षेत्र में मिर्च, काजू और सिसल का तथा दरभा इलाके में कॉफी का अच्छा उत्पादन होता है। इस पर विभागों के द्वारा व्यापक कार्ययोजना बनाकर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

बैठक में सचिव श्री प्रसन्ना ने कहा कि सहकारिता के साथ जिला के प्रमुख उत्पाद को बढ़ावा देने के लिए पहला स्तर का प्रोसेसिंग प्लांट की पहल की जा सकती है। इसके बाद बाय प्रोडक्ट की ओर बढ़ा जा सकता है।

बस्तर की काजू से फेनी बनाने के लिए गोआ के व्यवसाईयों से और सिसल के रस्सी की मांग बड़े-बड़े पोत निर्माताओं को होती है तो उनसे संपर्क कर उत्पाद का विक्रय बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने मनरेगा के माध्यम से काजू और सिसल का प्लांटेशन बढ़ाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने रेशम धागे हेतु कोकून संग्रहण को भी बढ़ावा देने कहा। इसके अलावा एनआरएलएम, सहकारिता, नाबार्ड, वन विभाग से संबद्ध समूहों- समितियों के कार्यों के संबंध में भी चर्चा किया गया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री प्रकाश सर्वे, वन मंडलाधिकारी श्री उत्तम गुप्ता, राष्ट्रीय सहकारिता विभाग के अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। इसके उपरांत सचिव ने सहकारिता विभाग की समीक्षा करते हुए धान का उठाव, लेखा मिलान, खाद्य-बीज की भण्डारण-वितरण की स्थिति की बस्तर, नारायणपुर, बीजापुर, कोंडागांव, कांकेर के प्रभारियों से की। साथ ही जिले में सहकारिता विभाग के कार्य का फिल्ड विजिट, उद्यानिकी विभाग के पॉम ऑयल प्लांटेशन, काजू और सिसल प्रोसेसिंग यूनिट का भी अवलोकन किया।

सिकल सेल उन्मूलन पखवाड़ा में बांटे जा रहे हैं सिकल सेल जेनेटिक कार्ड

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

उत्तर बस्तर कांकेर, 29 जून। जिले में 19 जून से 03 जुलाई 2024 तक सिकल सेल उन्मूलन पखवाड़ा मनाया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत समस्त विकासखण्ड में प्रचार-प्रसार वाहन के माध्यम से लोगों में सिकल सेल को लेकर जनजागरूकता के साथ स्क्रीनिंग कार्य एवं जेनेटिक सिकल सेल कार्ड का वितरण किया जा रहा है। कलेक्टर श्री नीलेश कुमार क्षीरसागर के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे के नेतृत्व में जिले के 0 से 40 आयु वर्ग के सभी व्यक्तियों की स्क्रीनिंग की जा रही है। जिले में अब तक 04 लाख 83 हजार 760 व्यक्तियों की जांच की जा चुकी है, जिसमें 04 हजार 589 सिकल सेल वाहक एवं 466 सिकल सेल रोगी पाए गए हैं, जिनका नियमित उपचार चल रहा है। धनात्मक पाए गए रोगी को हाइड्रॉक्सीयूरिया की टेबलेट दी जाती है, जो कि सभी सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क उपलब्ध है। जिले में अब कुल 03 लाख 38 हजार 156 सिकल सेल जेनेटिक कार्ड वितरित किए जा चुके हैं। डॉ. अविनाश खरे ने बताया कि सिकल सेल एक अनुवांशिक बीमारी है, इससे रोगी को बार-बार बुखार या जुकाम होना, रोग प्रतिरोधक शक्ति घटने से दूसरी बीमारियों का आसानी से होना इस बीमारी के लक्षण है। यदि रोग का निदान न किया जाए तो जरुरी उपचार न मिलने से बचपन में ही बच्चे की मृत्यु हो सकती है। सिकल सेल मुख्यतः दो प्रकार की होती है। एक रोगी एक वाहक, सिकल सेल रोगी में दोनों जीन खराब होते हैं। जबकि वाहक सिकल सेल में सिर्फ एक जीन ही खराब होती है। यदि माता-पिता दोनों सिकल सेल रोगी हैं तो उनके सभी बच्चे सिकल सेल रोगी होंगे। वहीं माता-पिता में से किसी एक से सिकल सेल दूसरे नार्मल जीन में मिलता है, उन्हें सिकल सेल वाहक कहते हैं। विवाह पूर्व सिकल सेल कुंडली का मिलान किया जाए तो आने वाली पीढ़ी में इस बीमारी के प्रसार को रोका जा सकता है। यदि सिकल सेल वाहक का पता चल जाए तो उनके माता-पिता को काउंसिलिंग कर सकते हैं कि इनका विवाह किसी वाहक या रोगी से न हो।

स्वरोजगार योजनांतर्गत 30 जुलाई तक आवेदन

उत्तर बस्तर कांकेर 29। जिले में निवासरत अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों को स्वयं का रोजगार शुरू करने के लिए ऋण प्राप्त करने हेतु जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति द्वारा 30 जुलाई तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। बैंक प्रवर्तित योजना के तहत अंत्योदय स्वरोजगार योजनांतर्गत अनुसूचित जाति वर्ग एवं आदिवासी स्वरोजगार योजनांतर्गत अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए ऋण प्रदान किया जाएगा। प्रभारी कार्यपालन अधिकारी जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति ने बताया कि ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदक संबंधित जाति वर्ग तथा जिले का मूल निवासी होना चाहिए। आवेदक की पारिवारिक वार्षिक आय शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में 01 लाख 50 हजार रूपये से अधिक न हो। आवेदक की उम्र 18 से 50 वर्ष के बीच होना चाहिए। जन्म तिथि दर्शित 5वीं, 8वीं अथवा 10वीं की अंकसूची, आधार कार्ड, पेन कार्ड, राशन कार्ड एवं मतदाता परिचय पत्र, 02 पासपोर्ट साईज की फोटो एवं बैंक पासबुक की छायाप्रति तथा 10 रूपये के स्टाम्प पर किसी भी बैंक या वित्तीय संस्था से ऋण अनुदान का लाभ नहीं लिए जाने का शपथ पत्र अनिवार्य होगा।

एक नजर

कलेक्टर ने पौधरोपण के संबंध में बैंकर्स की ली बैठक

राजनांदगांव 29 जून। जिले को हरा-भरा बनाये रखने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है और इसके लिए विभिन्न संस्थानों को जिम्मेदारी भी सौंपी भी जा रही है। इस संबंध में कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में बैंकर्स की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि जिले में पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण आवश्यक है और इसके लिए सभी को मिलकर संयुक्त प्रयास करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा बैंकर्स को उन स्थानों की सूची उपलब्ध करा दी जाएगी, जहां पौधरोपण के लिए स्थान रिक्त है। कलेक्टर ने कहा कि पौधरोपण के लिए रिक्त स्थानों पर पौधे लगाने के साथ ही उनकी देखभाल एवं सुरक्षा की भी आवश्यकता है। बैंकर्स द्वारा लगभग 10 हजार पौधरोपण करने की सहमति दी। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता, लीड बैंक मैनेजर श्री सर्वेन्द्र मलिक सहित अन्य अधिकारी व बैंकर्स उपस्थित थे।

कलेक्टर ने ग्राम कलडबरी एवं मुड़पार का किया आकस्मिक निरीक्षण

राजनांदगांव 29 जून। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने घुमका तहसील अंतर्गत ग्राम कलडबरी एवं मुड़पार का आकस्मिक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान पटवारियों द्वारा किए जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कलडबरी के पटवारी द्वारा अभिलेख उद्यतन नहीं रखने, नक्शा बटांकन नहीं किए जाने तथा मृत व्यक्तियों के नाम खाता में पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त की तथा पटवारी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मुड़पार के पटवारी द्वारा नक्शा बटांकन नहीं किए जाने पर अभिलेख शुद्धिकरण तत्काल पूर्ण करने निर्देशि दिए। उन्होंने तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार घुमका को पटवारियों के कार्यों का नियमित निरीक्षण करने कहा तथा 15 दिवस में कार्य में प्रगति नहीं होने पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री अतुल विश्वकर्मा उपस्थित थे।

जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक 2 को

उत्तर बस्तर कांकेर 29 जून। कलेक्टर श्री नीलेश महादेव क्षीरसागर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक 02 जुलाई को अपरान्ह 04 बजे जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। उक्त बैठक में संबंधित अधिकारियों को निर्धारित तिथि में उपस्थित होने कहा गया है।

नियद नेल्लानार योजना: ग्राम हेटारकसा में 45 किसानों को बी-1 खसरा वितरित

उत्तर बस्तर कांकेर, 29 जून। नियद नेल्लानार योजना के अंतर्गत आज जिले के कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के ग्राम हेटारकसा में समाधान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ब्लॉक स्तर के अधिकारियों ने शिविर लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। उक्त शिविर में 45 कृषकों को बी1 खसरा, 1 किसान किताब और 5 जन्म प्रमाणपत्र का वितरण किया गया। साथ ही वन अधिकार पट्टा के लिए 14 और फौती नामांतरण के लिए 3 आवेदन प्राप्त हुए।

समाचार संक्षेप

विभाग की लापरवाही से बेजुबान मवेशियों की होती है मौत

सुकमा 29 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) । ये मामला कहीं और का भी बल्कि सुकमा नगरपालिका क्षेत्र का है जहां नगरीय प्रशासन नगर का कचरा खुले में फेंक रहा जिसमे प्लास्टिक से लेकर पॉलीथिन तक होते है बेजुबान मवेशी वहां पॉलीथिन खाकर बे मौत मर जाते हैं । समय पर कचरों का निपटारा न होने से नगरीय प्रशासन की लापरवाही के चलते कई मवेशियों की मौत हो जाती है कचरे के ढेर वाले इलाके खुले होने की वजह से आज भी व्यवस्था दुरुस्त नही हो पाई ।

बौखलाहट में माओवादी अपने पूर्व साथियों को गद्दार करार दे रहे हैं : फारूख अली

सुकमा 29 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) । नक्सलियों द्वारा पर्चा जारी कर आत्मसमर्पित नक्सलियों को ग़द्दार करार दिया गया वहीं सुकमा पुलिस द्वारा नक्सली डम्प सामग्री और नक़ली नोट बनाने के उपकरण ज़ब्त किए जाने पर नक्सलियों द्वारा उसे एसपी किरण चव्हाण की साज़िश करार दिया गया।नक्सलियों द्वारा इन तमाम आरोपों पर पलट वार करते हुए नक्सल विरोधी फ़ारूख अली ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा नक्सली बौखला गये हैं के स्थानीय भटके आदिवासी युवा मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं जिससे नक्सलियों की खोखली विचार धारा ताश के पत्तों की तरह डह रही है,वहीं फ़ारूख अली ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा नियद नेल्लानार योजना की तारीफ़ करते हुए कहा इस योजना से जहाँ भटके हुए आदिवासियों को नया रास्ता मिल रहा है सुधरने का वहीं ग्रामीणों तक उनके द्वार सुविधा पहुँचाई जा रही है जिससे प्रभावित होकर कई नक्सली मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं। फ़ारूख अली ने आगे कहा नक्सली संगठन की बड़ी साज़िश को नाकाम करने मे पुलिस को सफलता मिली ,नक़ली नोट से देश की अर्थव्यवस्था को ख़तरे मे डालकर आदिवासियों का शोषण कर रहे थे नक्सली जिसे हमारे जवानों ने नाकाम किया इससे नक्सली बौखला गये हैं। फ़ारूख अली ने नक्सलियों पर आरोप लगाते हुए कहा नक्सली बीते दिनों एक पर्चा जारी कर स्कूल खोलने की बात कही,फ़ारूख अली ने कहा नक्सली झूठे और फ़रेबी हैं,स्कूल भवन तोड़ते हैं कई छात्रों की हत्या कर दी क्यों की ओ पढ़ना चाहते थे अब ढोंग कर रहे हैं के स्कूल खुलना चाहिए। फारूख ने आगे कहा नक्सली संगठन ख़ात्मे की ओर है सबको एक होकर नक्सली विचारधारा का विरोध करके उन्हें बस्तर से भगाना है।

आमजनता के लिए अधिक प्रासंगिक सिद्ध होंगे नए कानून: जिला एवं सत्र न्यायाधीश

उत्तर बस्तर कांकेर, 29 जून। भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023 आगामी एक जुलाई से प्रभावी होगा। उक्त अधिनियमों एवं उनमें निहित धाराओं की जानकारी आमजनता को सुलभ कराने के उद्देश्य से आज जिला पंचायत में परिचर्चा का आयोजन किया गया। 'दण्ड संहिता से न्याय संहिता की ओर' विषय आधारित परिचर्चा में मुख्य अतिथि के तौर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश आनंद कुमार ध्रुव, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री नीलेश कुमार क्षीरसागर व पुलिस अधीक्षक श्री इंदिरा कल्याण एलेसेला ने हिस्सा लेकर नवीन अधिनियमों एवं प्रावधानों के संबंध में अपने विचार प्रकट किए। आज दोपहर को आयोजित परिचर्चा में जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री ध्रुव ने भारतीय दण्ड संहिता के इतिहास प्रकाश डालते हुए बताया कि वर्ष 1860 से अब तक अंग्रेजों द्वारा बनाई गई दण्ड संहिता लागू थी।

सामान्य सभा और सामान्य प्रशासन स्थाई समिति की बैठक संपन्न

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

धमतरी 29 जून। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कांति सोनवानी की अध्यक्षता, उपाध्यक्ष श्री नीशू चन्द्राकार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री रोमा श्रीवास्तव की उपस्थिति में सामान्य प्रशासन स्थायी समिति एवं सामान्य सभा बैठक सम्पन्न हुआ। सामान्य प्रशासन स्थायी समिति की बैठक में एजेंडा अनुसार खनिज विभाग, विद्युत विभाग, खाद्य विभाग के कार्यों की तथा सामान्य सभा की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, वन विभाग, शिक्षा विभाग, खनिज विभाग, स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा माननीय सदस्यों द्वारा की गई।

बैठक में उपाध्यक्ष श्री नीशू चन्द्राकार ने जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत क्लस्टर खरेंगा एवं दोनर के ग्राम पंचायत में हितग्राहियों को सामाजिक सहायता कार्यक्रम के तहत पात्र अपात्र की श्रेणी में निराकरण करने कहा। शाला उत्सव कार्यक्रम में जन प्रतिनिधियों को आमंत्रित नहीं किये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि शासन की महती योजनांतर्गत कार्यक्रमों में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को प्राथमिकता के साथ आमंत्रित करने कहा। शासकीय स्कूलों में आहता निर्माण होना निहायत जरूरी है, जिससे पढ़ने वाले बच्चे सुरक्षा महसूस करें। वन सभापति श्रीमती कविता बाबर ने डाही एवं कसावाही स्कूल में शौचालय नहीं होने का ध्यान आकर्षित कराते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को कहा कि जिन स्कूलों में बालक बालिका शौचालय नहीं हैं स्वच्छता एवं सुरक्षा की दृष्टि से तत्काल बनायी जावें। दिव्यांगों को लाभान्वित करने के लिए जनप्रतिनिधियों द्वारा अनुशंसा पत्र प्रेषित की जाती है ऐसे हितग्राहियों का परीक्षण उपरांत आवश्यक उपकरण तत्काल सुविधा मुहैया कराई जावें। इसी तरह ग्राम डांगीमाचा, खिड़कीटोला में आंतरिक विद्युतीकरण के तहत ग्रामीणों द्वारा विद्युत कार्य के लिए निरंतर मांग की जा रही है, संबंधित विभाग समस्या का समाधान करें। सुश्री कांति कंवर, श्रीमती सुमन साहू, श्रीमती कुसुमलता साहू, श्रीमती मीना बंजारे, श्रीमती कविता बाबर एवं अन्य सदस्यों ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत दी जाने वाली खाद्यान्न सामग्री का रख रखाव सही ढंग से करने तथा हितग्राहियों को साफ सुथरा खाद्य सामग्री दी नवीन राशन कार्ड बनाने ग्राम पंचायत के माध्यम से जन समुदायों के लिए व्यापक प्रचार प्रचार करने कहा। ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार विद्युत आपूर्ति बाधित होने से कठिनाइयों के दौर से गुजरना पड़ रहा है। नियमित रूप से विद्युत पूर्ति किये जाने जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कांति सोनवानी ने कहा। जिला पंचायत के सभी माननीय सदस्यों ने अवैध रूप से संचालित रेत खदानों को पूर्णतः बंद करने निर्देशित किया गया। सदस्य खूबलाल ध्रुव ने खनिज विभाग के अधिकारी को कहा कि संबंधित रेत सप्लायरों से ली जाने वाली शुल्क में एकरूपता होनी चाहिए। उन्होंने ग्राम कोटाभर्री में सोलर स्ट्रक्चर को प्राथमिकता से बनाये जाने कहा गया। जिले के 370 ग्राम पंचायतों में 10 हजार 119 हेण्डपंप स्थापित है भूजल स्तर गिरने के कारण 534 हेण्डपंप बंद है के संबंध में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कांति सोनवानी, उपाध्यक्ष श्री नीशु चन्द्राकर, श्रीमती कविता बाबर, श्रीमती सुमन साहू, कुसुमलता साहू, कांति कंवर, गोविंदराम साहू, ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी को कहा कि जल संकट की समस्या को देखते हुए पेय जल की उपलब्धता कराये जावें। पंचायतों में जल जीवन मिशन मद के अंतर्गत नल जल कनेक्शन हेतु गुणवत्तापूर्ण पाईप लाइन का विस्तार किये जावें।

जल जीवन मिशन से ग्राम भोथीपारकला के ग्रामीणों की पेयजल की समस्या हुई दूर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 29 जून। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम पंचायत महाराजपुर के आश्रित ग्राम भोथीपारकला में हर घर में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित हो जाने से ग्रामीण खुश हैं। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की जनकल्याणकारी योजना जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर नल कनेक्शन से हैण्डपंप के सामने लाईन नहीं लगाने से सबसे ज्यादा गांव की महिलाएं प्रसन्न है। कलेक्टर व अध्यक्ष जिला जल एवं स्वच्छता मिशन श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में ग्राम भोथीपारकला में जल जीवन मिशन के तहत 400 मीटर डिस्ट्रिक्यूशन पाइप लाईन बिछाकर गांव के लगभग 135 परिवारों को नल से पेयजल की सुविधा मिल रही है। सरपंच श्रीमती दुलारी बाई ठाकुर ने बताया कि जल जीवन मिशन योजना से गांव के प्रत्येक घर में पानी मिल रहा है, जिससे पूरे गांव में उत्साह का महौल है। वार्ड क्रमांक 11 निवासी श्री विदेशीराम यादव ने शासन के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए बताया कि पहले पानी के लिए दूर तक जाना पड़ता था। पानी के लिए लम्बी लाईन लगानी पड़ती थी। ग्रामीण पानी के लिए बोरिंग एवं कुआ पर निर्भर थे। लेकिन जल जीवन मिशन से उन्हें घर पर ही नल के माध्यम से पर्याप्त मात्रा में शुद्ध पानी मिल रहा है, जिससे उनके समय की बचत भी हो रही है। वार्ड क्रमांक 8 एवं 9 निवासी श्री धनाराम साहू एवं श्रीमती जामुन बाई ने कहा कि पानी की व्यवस्था में ग्रामीण महिलाओं को बहुत समय देना पड़ता था। इससे उनके साथ - साथ उनके पूरे परिवार वालों का भी बहुत समय का बर्बाद होता था, किन्तु जल जीवन मिशन से घर पर नल के माध्यम से पानी मिल रहा है। इससे ग्रामीण महिलाओं एवं उनके परिवार वालों के काम समय पर पूरे हो रहे हैं। ग्रामीणों ने जल जीवन मिशन से पेयजल की समस्या हल होने पर केन्द्र सरकार एवं राज्य शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

एक नजर

श्रमिकों के पंजीयन, नवीनीकरण एवं योजनाओं की जानकारी हेतु आयोजित हो रहे शिविर

रायगढ़, 29 जून। छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल एवं असंगठित कर्मकार कल्याण मण्डल के तहत असंगठित क्षेत्र एवं निर्माण कार्यों में लगे श्रमिकों के पंजीयन/नवीनीकरण एवं योजनाओं के आवेदन हेतु जिले के विकासखण्ड अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों एवं निर्माण स्थलों पर शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सहायक श्रमायुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर के माध्यम से श्रमिकों को पंजीयन एवं योजना संबंधी जानकारी प्रदाय किया जा रहा है। शिविर की जानकारी पूर्व में ही संबंधित ग्राम पंचायत को दिया जाकर मुनादी कराया जाता है। निर्माण कार्य में लगे एवं असंगठित क्षेत्र के श्रमिक शिविर हेतु नियत तिथि को आवश्यक दस्तावेज यथा श्रमिक एवं परिवार के सदस्यों का आधार कार्ड, श्रमिक का खाता विवरण (पासबुक), मोबाइल नंबर ओटीपी हेतु, लाइव फोटो एवं स्व-घोषणा प्रमाण पत्र एवं असंगठित हेतु सरपंच/पार्षद द्वारा जारी आय प्रमाण-पत्र सहित उपस्थित होकर पंजीयन/नवीनीकरण एवं योजना आवेदन करा सकते है। कोई श्रमिक शिविर में आवेदन नहीं कर पाता है तो वह अपने नजदीकी च्वाईस सेंटर, जनपद पंचायत स्थित श्रम संसाधन केन्द्र या स्वयं मोबाइल पर श्रमेव जयते एप के माध्यम से आवेदन कर सकते है। पंजीयन उपरांत हितग्राही श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजना यथा मिनीमाता महतारी जतन योजना, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना, नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना, नौनिहाल छात्रवृत्ति सहायता योजना एवं अन्य सामग्री मूलक योजनाओं में पात्रतानुसार लाभ प्राप्त कर सकते है।

रोज स्कूल आएं और मन लगाकर करें पढ़ाई:डीईओ बाखला

रायगढ़, 29 जून। जिला शिक्षा अधिकारी श्री बी.बाखला विकासखंड खरसिया के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय रानीसागर के निरीक्षण में औचक रूप से पहुंचे। इस दौरान विद्यालय में प्रवेश उत्सव हेतु आवश्यक तैयारी कर ली गई थी, नवागंतुक बच्चों को तिलक-रोली लगाकर उनका स्वागत कराया जा रहा था। जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा नव आगंतुक बच्चों के माथे पर तिलक रोली लगाकर उनका विद्यालय में स्वागत किया गया। सभी छात्रों को पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश का वितरण जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा स्वयं के हाथ से किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा मुख्यमंत्री महोदय के संदेश का वाचन कर सभी छात्रों को सुनाया गया साथ ही उन्हें नए शैक्षणिक सत्र की बधाई देते हुए ध्यान लगाकर लगन से अध्ययन करने का संदेश दिया गया।इंस्पायर अवार्ड हेतु राज्य स्तर पर चयनित मॉडल निर्माण करने वाली कक्षा 8 वीं की छात्रा अंजली नगेशिया को उनके मॉडल के लिए बधाई एवं शुभकामना देकर प्रोत्साहित किया गया। पुरस्कार स्वरूप जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा अपनी कलम छात्रा को भेंट की गई। इस दौरान विद्यालय के प्रधान पाठक, शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं विकास खण्ड स्त्रोत केंद्र समन्वयक प्रदीप कुमार साहू उपस्थित रहे।

टीबी मरीजों को फूड बास्केट का किया गया वितरण

रायगढ़, 29 जून। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन एवं सीएमएचओ डॉ.चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में आज सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ में टीबी मरीजों को फूड बास्केट का वितरण किया गया। टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जिले में टीबी बीमारी से मुक्त रहने को लेकर विकासखण्ड धरमजयगढ़ के टीबी मरीजों के बीच पौष्टिक आहार फूड बास्केट का वितरण स्कैनिया स्टील एंड पावर लिमिटेड पूंजीपथरा, घरघोड़ा के द्वारा किया गया। स्वास्थ्य विभाग ने जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य के सभी जिलों में टीबी उन्मूलन हेतु वर्ष 2025 का लक्ष्य रखा गया है जो कि संयुक्त राष्ट्र संघ के सतत विकास लक्ष्यों के द्वारा निर्धारित समय-सीमा 2030 से पांच वर्ष पहले है। शासन द्वारा राज्य को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में कई कार्यक्रम चलाए जा रहे है।

भाजपा नेता सरकार का डर दिखाकर कांग्रेस पार्षदों का अपहरण करने की कोशिश में लगे हैं: विक्रम मंडावी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर,29 जून। शुक्रवार को ज़िला कांग्रेस कमेटी बीजापुर ने एक प्रेस वार्ता आयोजित कर भाजपा और प्रदेश सरकार पर आरोप लगाया है कि जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है तब से बीजापुर में भारतीय जनता पार्टी के नेताओं की मनमानी अपने चरम पर है और भाजपा नेता जनमत का अपमान करने का काम कर रहे है। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि बस्तर संभाग में भाजपा ने एक नई परिपाटी की शुरुआत की है नगर पंचायत भैरमगढ़ में कांग्रेस समर्थित पार्षदों की पूर्णबहुमत की अध्यक्ष है लेकिन बीते गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के एक कार्यकर्ता ने कांग्रेस पार्षद दुरुपसाय कुपाल को पूजा-पाट करने के नाम से उन्हें उनके घर से ले जाते है और फिर उन्हें ज़बरदस्ती बड़ी गाड़ी में बैठाकर उनका मोबाइल छीनते है और उनका मोबाइल बंद कर देते है और कहीं बाहर ले जाते है वे किसी तरह वहाँ से भाग कर वापस भैरमगढ़ आते है। एक अन्य पार्षद सियाराम नेगी को जगदलपुर की भाजपा नेत्री द्वारा बारसूर में उसके परिवार के सदस्य की तबीयत खराब होने की बात कह कर बारसूर ले जाया गया जहां पर उसे पता चला कि उसे जगदलपुर और रायपुर जाना होगा। वह किसी तरह छुपते - छुपाते पिछले दरवाजे से भाग कर भैरमगढ़ आया। एक अन्य पार्षद सरिता कश्यप को भाजपा के जिला उपाध्यक्ष लव कुमार रायडू ने नगर पंचायत में भाजपा का समर्थन देने के लिए धमकाया गया इन सारी घटनाओं से भैरमगढ़ के पार्षद बुरी तरह से डरे और सहमे हुए हैं। इस पूरे घटना से यही प्रतीत होता है कि भाजपा को चुनाव लड़ने से ज़्यादा जनमत का अपहरण करने में अधिक विश्वास है जो लोकतंत्र में स्वीकार्य नहीं है। विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि भाजपा के जनमत अपहरण करने की घटना से पूरा देश वाकिफ है। गुरुवार को भैरमगढ़ में भाजपाई गुंडों और शासकीय कर्मचारियों ने मिलकर सरकारी और पारिवारिक कार्यक्रम के नाम से वहां के पार्षदों के अपहरण करने की कोशिश की गई। इससे पहले कभी पूरे बस्तर में राजनीतिक अपहरण की घटना नहीं हुई है। यह चिंता का विषय है कि डबल इंजन और अपने आप को जन हितैसी बताने वाली विष्णु देव साय की भाजपा सरकार में गुंडे और बदमाशों के हौसले बुलंद है।

वहीं ज़िला कांग्रेस कमेटी बीजापुर के अध्यक्ष लालू राठौर ने प्रेसवार्ता में कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेता महेश गगड़ा और भाजपा ज़िला अध्यक्ष श्रीनिवास मुदलीयार को यह बताना चाहिए कि यह सब किसके कहने पर किया जा रहा था, गुंडागर्दी और डरा-धमकाकर जनमत को हासिल नहीं किया जा सकता भाजपा को चाहिए कि वे अपने चुनावी वादों पर काम करे और सरकारी योजनाओं का लाभ आम लोगों को दिलाये भाजपा को यह समझना चाहिए कि जनता का जनादेश डराने, धमकाने और गुंडागर्दी करके हासिल नहीं किया जा सकता बल्कि जनता के मत से हासिल किया जाता है यही हमारा लोकतंत्र है। प्रेस वार्ता में जिला कॉंग्रेस कमेटी अध्यक्ष लालू राठौर, जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुडियम, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश कारम, जनपद पंचायत भैरमगढ़ अध्यक्ष दशरथ कुंजाम, नगर पालिका अध्यक्ष बेनहुर रावतिया, जनपद उपाध्यक्ष सोनू पोटाम, नगर पालिका उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम सल्लुर, नगर पंचायत भैरमगढ़ अध्यक्ष श्रीमती शुखमती मांझी, पार्षद शुखदेव नाग, पार्षद दुरुग साय कुपाल, पार्षद श्रीमती सरिता कश्यप,पार्षद श्रीमती सरोज शर्मा, पार्षद सियाराम नेगी, पार्षद श्रीमती शशि प्रभुलिया, नगर अध्यक्ष संतोष गुप्ता,ब्लाक अध्यक्ष लछु मोडियंम,वरिष्ठ कांग्रेसी नकुल ठाकुर,महासचिव जितेंद्र हेमला,पार्षद कविता यादव,कोषाध्यक्ष पुरुषोत्तम खत्री,वरिष्ठ कांग्रेसी गिरधारीलाल राठी सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

दिन हो या चांदनी रात,रेत का कारोबार सांय-सांय

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजिम/फिंगेश्वर,29 जून। राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन द्वारा लगातार अवैध रेत उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर कार्यवाही किए जाने के बाद भी रेत माफियों द्वारा नए नए तरीकों एवं नियमों की आड़ में रात में मनमाने ढंग से चैन माऊटिंग मशीनों से अंधाधुंध अवैध खनन रूक नहीं रहा है। भंडारण की आड़ में पूर्व की भांति परिवहन बेधड़क हो रहा है। फिंगेश्वर विकासखंड में एकमात्र हथखोज खदान स्वीकृत होने के बाद भी लचकेरा की रेत खदान के पास ही खनिज विभाग से सेटिंग कर जिसके पास खदान खनन की स्वीकृति ही नहीं है भंडारण की अनुमति दी गई। ग्राम लचकेरा के ग्रामीणों ने बताया कि यहां किया जा रहा रेत भंडार लचकेरा की नदी से ही अवैध रूप से दिन रात 24 घंटे चैन माऊटिंग मशीन से खनन कर किया जा रहा है। जब लचकेरा रेत खदान से रेत निकालना यानी खनन करना स्वीकृत ही नहीं है तो लचकेरा रेत खदान के नजदीक रेत भंडारण की मंजूरी देना, अनेक शंकाओं के साथ साथ भ्रष्टाचार की ओर इंगित करता है। ग्रामीणों ने कहा कि अभी 2-3 दिन पहले तक लचकेरा के रेत खदान में 90-90, 100-100 हाईवा गाड़ी रात में चैन माऊंटिंग मशीन से भरी जा रही थी। ग्रामीणों ने अनेकों बार प्रशासन, जनप्रतिनिधियों से शिकायत की परंतु इससे न अवैध खनन, उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण में कोई कमी हुई और न ही कहीं से कोई कार्यवाही हुई। इससे ही समझा जा सकता है कि भ्रष्टाचार की नींव कितनी गहरी है और रेत माफिया की जबरदस्त सेटिंग से भी इंकार नहीं किया जा सकता। ग्राम लचकेरा के ग्रामीणों ने बताया कि लचकेरा रेत खदान से उत्खनन एवं परिवहन इस वर्ष 10 जून के बाद अब तक बंद हुआ ही नहीं है। ग्रामीणों के अनुसार बीच बीच में जब अन्य रेत खदानों में कार्यवाही होती है तो 2 दिन 4 दिन के लिए उत्खनन रोक दिया जाता है। इस सीजन में लचकेरा रेत खदान का जितना अवैध खनन कर रेत का मनमाना परिवहन किया गया है उतना अवैध खनन पूरे जिलें में कहीं भी हुआ होगा ऐसा नहीं लगता। लचकेरा में नदी के खनन की स्थिति को देखकर इसे और अच्छी तरह समझा जा सकता है। लचकेरा के ग्रामीण यहां हो रहे अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण से काफी परेशान है। अवैध तरीके से खोदे गए रेत घाट का मुल्याकंन कर खनन कर परिवहन करने वाले चोरों से होने वाले राजस्व नुक़सानी का वसूली की जाए लचकेरा से चारों दिशाओं में जाने वाली सड़कों की हालत बड़ी बड़ी हाईवा ट्रकों में मनमाने ढंग से रेत परिवहन के कारण बद से बदतर हो गई है। इन सड़कों पर पैदल चलना, दो पहिया वाहन चलाना एवं कृषि कार्य के लिए ट्रैक्टर, बैलगाड़ी आदि चलाना काफी मुश्किल के साथ दुर्घटना जन्य हो गया है। अभी वर्तमान में रायपुर, महासमुंद सहित आसपास के क्षेत्रों में खनिज विभाग द्वारा कार्यवाही किए जाने पर लचकेरा में दिन में रेत घाट को रेत माफियाओं द्वारा बंद कर दिया जाता है। शाम के 07 बजे से सुबह 5 बजे तक लगातार 100 से 125 हाईवा लोडकर रात के अंधेरे में रेत के कारोबार को खनिज विभाग की सह पर धड़ल्ले से किया जा रहा है। ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार 04 दिन पहले खनिज विभाग द्वारा लगातार हो रही शिकायत पर कार्यवाही के नाम पर रेत खदान के रास्ते को थोड़ा सा खोद दिया गया था। जिसे रेत माफियाओं द्वारा रास्ते को पुनः बनाकर खनिज विभाग को ठेंगा दिखाया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि रातभर लोडिंग करने के पश्चात् सूर्योदय के समय चैन माऊंटिंग की वापस नदी के ऊपर खेत में लाकर रख दिया जाता है। जिससे खनिज विभाग दिन में आकर कार्यवाही के नाम पर खानापूर्ति करके चले जाते है। जिससे ग्रामीणों में भारी रोष है।

लोगों की समस्यायें सुनने विधायक विक्रम मंडावी लगायेंगे जनदर्शन

बीजापुर, 29 जून। बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने शुक्रवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी है कि बीजापुर ज़िले के लोगों की समस्याओं को सुनने और समस्याओं के समाधान के लिए अब ज़िला मुख्यालय बीजापुर के विधायक कार्यालय में आगामी प्रति सोमवार सुबह 10-30 बजे से सायं 5-00 बजे तक जनदर्शन लगाया जायेगा। जनदर्शन में जिले के लोग अपनी-अपनी समस्याओं को लिखित में या फिर मौखिक रूप से विधायक बीजापुर के समक्ष रख सकते है। विधायक विक्रम मंडावी ने अपने जारी विज्ञप्ति में कहा है कि जनदर्शन में प्राप्त होने वाले समस्याओं को तत्काल निराकरण की कोशिश की जाएगी ताकि शासन की योजनाओं का लाभ आम लोगों को मिले। विधायक विक्रम मंडावी ने जिले के आम जनता और पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं से भी अपील की है कि इस जानकारी को लोगों में अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने में सहयोग देने, ताकि जनता के समस्याओं का त्वरित निराकरण हो सके।

एनएच किनारे नाली निर्माण कछुआ गति से, बारिश का पानी गांव में घुसेगा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

पाडुंका,29 जून। अभनपुर से गरियाबंद तक नेशनल हाईवे 130सी का चौड़ीकरण पहले फेज में राजिम से पोंड तक के लिए कार्य पिछले एक साल से चल रहा हैं। मार्ग का निर्माण कोपरा तक लगभग पूर्ण किया जा चुका हैं। वही, इसी मार्ग के किनारे आबादी क्षेत्र के गांवो में पानी निकासी के लिए बनाए जा रहे नाली निर्माण कार्य मे ठेकेदार द्वारा खुलकर भ्रस्टाचार को अंजाम दिया जा रहा हैं। सुरसाबांधा सहित कुछ गांवों में नाली निर्माण कार्य कछुआ गति से चलने के कारण अभी तक पूरा नहीं किया गया हैं। जबकि मानसून कभी भी दस्तक दे सकता हैं। ऐसे में बारिश का पानी गलियों व मार्ग किनारे घरों में घुसेगा। जिससे लोगों का जीना दूभर हो जाएगा। वही, नाली निर्माण के गुणवत्ता पर अभी से सवाल खड़े होना शुरू हो गया हैं। क्योंकि जहां पर नाली निर्माण हो चुका हैं, वहां की नालियां अभी से टूटना शुरू हो गया हैं। इसी तरह नाली निर्माण में मटेरियल सही तरीके से नही डालने व टूटे सेंट्रिंग प्लेट के उपयोग के कारण निर्माणाधीन नाली में छड़ ऊपर से ही दिखाई दे रहा हैं। जिसका ग्रामीणों द्वारा शिकायत के बावजूद अब तक मरम्मत नही किया गया हैं। मतलब जो छड़ पूरा मटेरियल नही डालने से दिखाई दे रहा हैं, वही छड़ बाद में दुर्घटना का कारण भी बन सकता हैं। वही, अनेक स्थानों पर अभी से ही दरारे पड़ना शुरू हो गया हैं। जिसे छुपाने संबंधित ठेकेदार द्वारा दरार को छुपाने सीमेंट की घोल डाल रहे हैं। वही, इस नाली निर्माण में पानी तराई नही किये जाने के कारण उक्त नाली की गुणवत्ता पर अभी से सवाल खड़े होना शुरू हो गया हैं। यह सब कार्य विभाग के अधिकारियों व इंजीनियर के कार्य स्थल में नही आने के कारण हो रहा हैं। कुछ लोगों ने नाली निर्माण पर शिकायत करते हुए बताया कि नाली निर्माण के पूर्व जमीन को ठीक से खोदा भी नही जा रहा हैं। इससे बारिश के दिनों में पानी निकासी में समस्या होने के साथ मार्ग का पूरा पानी गांवों की गलियों में घुस जाएगा। तब स्थिति ग्रामीणों के लिए भयावह बन सकता हैं। इस संबंध में संबंधित विभाग के सब इंजीनियर एनएस कंवर से संपर्क करने पर उन्होंने कहा कि अभी कार्य प्रगति पर हैं, इस दौरान कुछ शिकायतें तो आएगा ही, जिसे सुधार किया जाता हैं।

सिंचाई विभाग की लापरवाही से आज तक नहीं हुआ नहर का काम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

पाण्डुका, 29 जून। पाण्डुका से कोपरा की ओर जाने वाले नहर भ्रस्टाचार के भेट चढ़ गया इस नहर को बने हुए लगभग 12 से 15 साल होने को है जिसमे किसानों के लिए सिचाई के पानी मिल सके और दूसरी फसल ले सके साथ नहर से पानी दूसरी जगह ले जा सके लेकिन करोड़ो रुपयों की लागत से बने नहर की घटिया निर्माण भ्रस्टाचार की बलि चढ़ गई जो सरकड़ा, कोपरा, पाण्डुका ,नहर के साथ नालियों का टूटा फूटा आँखों से देखा जा सकता है वही निर्माण के समय पतली काली पालीथिन बिछाकर किया गया है और गिट्टी भी पूरी तरह उभरी हुई है साथ ही नहरों में नहाने के लिए सीढ़ी छोड़ी गई है जिसमे भी चिकनाहट नही दिया गया उबड़ खाबड़ नहाने योग्य नही बनाया है।जबकि सरकड़ा,व अन्य गांव के लोग बच्चे, युवा,सभी नहरों में नहाने पहुचते है। नहरों में बड़ी बड़ी घास भी उग गए है जिसे सफाई नही कराया जाता और ज्यादा समय हो गया है उसके बाद भी आज तक बड़ी मात्रा में नहर के टूटने से सिचाई विभाग के कर्मचारियों द्वारा इस ओर कोई ध्यान नही दिया जा रहा।पाण्डुका में ज्यादातर सिचाई विभाग के अधिकारी प्रभार में ही दिया जाता है पाण्डुका में दर्जनों अधिकारी बदले जा चुके है जो ज्यादातर प्रभार में ही रहे है। जो ऑफिस से घर और घर से ऑफिस तक सीमित रहे होंगे इसी के चलते आज तक टूटे हुए जगहों की मरम्मत व मेन्टेन्स का काम नही हुआ जिस पर जिले के अधिकारी को इस ओर ध्यान देना चाहिए।

कूकदा से 212 खट्टी माइनर नाला में बहुत दिक्कते रायपुर से सर्वे टीम बुलाया हु। जहा समस्या है सर्वे कर रही है।अभी टोटल पाण्डुका रेगुलर पोस्टिंग में हुए।

महेश पडोरिया सिचाई विभाग एसडीओ

स्वास्थ्य अधिकारी ने ली बैठक, मातृ मृत्यु के संबंध में हुई विस्तृत चर्चा

रायगढ़, 29 जून। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.बी.के.चंद्रवंशी की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की मातृ-मृत्यु की समीक्षा की गई। जिसमें महिला बाल विकास के समस्त जिला नोडल अधिकारी डॉ. बी.पी.पटेल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैंकरा, आरएमएनसीएचए सलाहकार डॉ.राजेश मिश्रा, विकासखंड के खंड चिकित्सा अधिकारी, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक, एवं महिला एवं बाल विकास के सुपरवायजर, संबंधित क्षेत्र के आर.एचओ महिला/पुरूष, उपस्थित रहें। बैठक में मृत गर्भवती महिलाओं की किन कारणों व किस कमी की वजह से इनकी मृत्यु हुई इनके बारे में गहनता से बिन्दुवार समीक्षा की गई। बैठक में गर्भवती महिलाओं का एनीमिक होना व एनीमिक पाये जाने पर उनका सही ढ़ंग से फालोअप लेना जैसे-आयरन व कैल्शियम की दवा का फालोअप करना, सही ढ़ंग से प्रत्येक एएनसी जांच पर उनका हीमोग्लोबिन, बी.पी, यूरिन शूगर, यूरिन एल्बुमिन की जांच का सही रिपोर्टिंग करना, सही वजन लेना, जिस महिला का हाई रिस्क हो तो उनका समय समय पर फालोअप करना, उनके प्रसव से संबंधित पुराने रिकार्ड की समीक्षा करते हुए उनकी जांच पर विशेष ध्यान देने के लिये व प्रशासनिक रूप से सभी खंड चिकित्सा अधिकारी व चिकित्सा अधिकारी में होने तक मितानिन एएनएम, द्वारा गृह भेंट 1, 3, 7, 14, 28 ,42, 90 दिन तक घर में जाकर उनके स्वास्थ्य के बारें में विस्तृत जानकारी लेने हेतु निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने भोपालपटनम ब्लॉक का किया सघन दौरा

बीजापुर,29 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने भोपालपटनम ब्लॉक का औचक निरीक्षण कर विभिन्न मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली तथा विकास कार्यो में प्रगति लाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान सर्वप्रथम देशी-विदेशी मदिरा दुकान का औचक निरीक्षण कर दुकान खुलने के निर्धारित समय पर ही मदिरा विक्रय करने निर्धारित मात्रा से अधिक का मदिरा विक्रय नहीं करने तथा निर्धारित राशि से अधिक मूल्य पर मदिरा विक्रय नहीं करने के सख्त हिदायत दी।सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अवलोकन के दौरान अस्पताल में मरीजों को मिलने वाली सुविधाएं, स्वास्थ्य सेवाओं, अस्पताल परिसर की स्वच्छता संबंधी आवश्यक निर्देश दिए। वहीं अस्पताल परिसर में उपलब्ध पुराने जनरेटर का अपलेखन कर नए जनरेटर स्थापित करने के निर्देश दिए।भ्रमण के दौरान सहकारी सेवा समिति में खाद-बीज का वितरण किया जा रहा था। कलेक्टर ने खाद-बीज का वितरण समुचित मात्रा में समय-सीमा पर किसानों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।तत्पश्चात भोपालपटनम के तारलागुड़ा के कोत्तूर पंचायत में तेन्दूपत्ता संग्राहकों को पारिश्रमिक राशि का नगद भुगतान कार्यक्रम में शामिल होकर संग्राहकों से आवश्यक चर्चा करते हुए शासन की विभिन्न योजनाओं से अवगत कराते हुए शतप्रतिशत योजनाओं का लाभ लेने प्रोत्साहित किया गया एवं शासन की योजनाओं से लाभान्वित होने के लिए बैंक खाता, आधार कार्ड इत्यादि की उपयोगिता को विस्तृत रूप से बताया गया।भद्रकाली में 133 केव्ही सब स्टेशन निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए अनावश्यक विलंब पर ठेकेदार के ऊपर सख्त कार्रवाई की जाएगी।कलेक्टर श्री पाण्डेय ने इस दौरान इन्द्रावती नदी घाट का अवलोकन घाट में साथ-सफाई एवं स्वच्छता के लिए निर्देश दिए। आम नागरिकों के मांग पर इन्द्रावती नदी पर आरती कार्यक्रम के आयोजन पर सकारात्मक चर्चा भी किया। बरसात के मौसम को मद्देनजर रखते हुए इन्द्रावती नदी के बहाव पर सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए। वहीं नदी के इस पार सामुदायिक भवन के समीप रेत का वृहद स्तर पर भंडारण का अवलोकन करते हुए मौके पर उपस्थित राजस्व अधिकारी को जांच के निर्देश दिए।भ्रमण के दरमियान एक्सिस बैंक शाखा का औचक निरीक्षण करते हुए स्व सहायता समूह, केसीसी एवं अन्य व्यक्तिमूलक, हितग्राहीमूलक प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।इस दौरान डिप्टी कलेक्टर श्री दिलीप उईके, एसडीएम भोपालपटनम वाय के नाग, सीईओ जनपद पंचायत सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

भैरमबाबा मंदिर परिसर में पौधारोपण

बीजापुर,29 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। नगर पंचायत भैरमगढ़ के वार्ड क्रमांक 12 स्थित भैरमबाबा मंदिर परिसर में वृहद रूप वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें आंवला, नीबू, मुनगा, आम, काजू, कटहल आदि देशी पौधों का वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान सभी ने पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए यह शपथ ली गई कि हम सभी लोग एक-एक पौधा अपने घर और आस-पास के क्षेत्र में लगाएंगे और उस पौधे का नियमित देखभाल करेंगे।इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी भैरमगढ़ श्री विकास सर्वे, सीएमओ, तहसीलदार, सीईओ, बीईओ सहित अन्य अधिकारीगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

नए कानूनों पर कार्यशाला का आयोजन

बीजापुर,29 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिला कलेक्टर कार्यालय के इन्द्रावती सभाकक्ष में भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य संहिता 2023 तीन नए कानूनों के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु कार्यशाला आयोजित हुआ। उक्त कार्यशाला में कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री ताजूद्दीन आसिफ कुरैशी, पुलिस अधीक्षक डा. जितेन्द्र यादव ने नए कानून के उद्देश्य उनकी उपयोगिता पर विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया । तीनों कानूनों में हुए बदलाव का पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुतिकरण किया गया। उप पुलिस अधीक्षक श्री विनीत साहू, उप पुलिस अधीक्षक सुश्री गरिमा दादर एवं लोक अभियोजन अधिकारी श्री गणपति जांगड़े ने सारगर्भित ढंग से सामान्य शब्दों में पुराने कानून में हुए बदलाव को समझाया। पुराने कानून और नए कानून का तुलनात्मक रूप से समीक्षा करते हुए उनके उपयोगिता जैसे इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों का प्रयोग, समयबद्ध प्रक्रिया,औपनिवेशिक कानूनों में सुधार को स्पष्ट किया गया। कार्यशाला में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार, अति0पुलिस अधीक्षक ऑप्स श्री वैभव बैंकर, अति0पुलिस अधीक्षक श्री चंद्रकांत गवर्ना, संयुक्त कलेक्टर श्री कैलाश वर्मा, एसडीएम बीजापुर श्री जागेश्वर कौशल, एसडीएम भैरमगढ़ श्री विकास सर्वे, डिप्टी कलेक्टर श्री उत्तम सिंह पंचारी, डीएसपी श्री तुलसीराम लेकाम सहित जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारीगण, मीडिया प्रतिनिधि, अधिवक्तागण सहित गणमान्य नागरिकगण उपस्थित थे।

सीएमएचओ ने जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा रथ को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

रायगढ़, 29 जून। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं ग्रामीण स्तर पर प्रचार के लिये मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बी.के.चंद्रवंशी ने जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा 24 जुलाई 2024 तक चलाया जायेगा। जिसमें प्रथम चरण मोबालाइजेशन फेस(दंपत्ति संपर्क पखवाड़ा) 10 जुलाई तक तथा द्वितीय चरण जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा 24 जुलाई तक चलेगा। इस अवसर पर जिला टीकाकरण नोडल अधिकारी डॉ.बी.पी.पटेल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैंकरा, आरएमएनसीएच सलाहकार डॉ राजेश मिश्रा, प्रभारी मीडिया अधिकारी श्रीमती उमा महंत उपस्थित रही। राष्ट्रीय परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़े में परिवार नियोजन का व्यापक प्रचार-प्रसार एवं लक्ष्य दंपत्तियों को आवश्यकता अनुरूप परिवार नियोजन के स्थायी एवं अस्थायी साधनों के उपयोग हेतु अपील की जाएगी।

सपनों का आशियाना पाकर खुश है नंदलाल का परिवार

देवकुंवर को अब पानी लाने नहीं जाना पड़ता है घर से दूर, घर में ही मिल रहा है पर्याप्त पानी, छोटे-छोटे खर्च अब स्वयं से वहन कर लेती है देवकुंवर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बालोद, 29 जून। यह है नंदलाल का परिवार उनके घर में शासन की योजनाओं से आई है खुशियां अपार। बालोद जिले के ग्राम जुंगेरा में निवास करने वाले नंदलाल ने बताया कि वह रोजी-मजदूरी कर जीवन बसर कर रहा है। वह अपनी पत्नी और अपने बेटे के साथ अपने सपनों के आशियाने में रहता है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत बना यह आवास उसके जीवन में खुशियों का पिटारा लेकर आया है। उसने बताया कि पहले वह कच्चे मकान में काफी लंबे समय से रहता था, पक्का मकान बनाना उसके लिए एक सपने जैसा था, उस सपने को पूरा प्रधानमंत्री आवास योजना ने किया है। योजना के तहत मिली राशि और स्वयं के द्वारा बचत किए हुए पैसे को मिलाकर उसने अपने सपनों का आशियाना बनाया है, जिसमे में वह अब अपने परिवार के साथ खुशी-खुशी रहता है। नंदलाल ने बताया कि आवास बनते ही उसके घर में उसकी बेटी के लिए रिश्ता आया और इसी वर्ष उसने अपनी बेटी की पारंपरिक रितिरिवाज से विवाह कराकर, उसे खुशी-खुशी अपने घर से विदा किया है। आवास बनने से उसके घर में आए मेहमानों के रुकने के लिए अच्छी व्यवस्था हो गई है। नंदलाल के पत्नी देवकुंवर ने खुशी-खुशी बताया कि उनके घर में जल जीवन मिशन के तहत् नल कनेक्शन लगाया गया है। जिससे प्रतिदिन सुबह और शाम भरपूर मात्रा में पानी आता है, इससे अब उन्हें पेयजल और निस्तारी के लिए पर्याप्त पानी मिल रहा है। पहले वह सिर्फपेयजल के लिए ही घर से दूर कुंए से पानी लाती थी, जिससे उसे शारीरिक रूप से थकान व समस्याएं होती थी। लेकिन जल जीवन मिशन के तहत अब घर में ही पानी की सुविधा मिलने से वह काफी खुश है। देवकुंवर ने बताया कि उसे शासन की महतारी वंदन योजना का लाभ भी प्रतिमाह मिल रहा है, जिससे वह घर के छोटेदृछोटे खर्च स्वयं वहन कर लेती है। उसने कहा की शासन की यह योजना महिलाओं के लिए बहुत अच्छी है, जो प्रतिमाह उन्हें 01 हजार रूपये उनके बैंक खाते में सीधे दिया जा रहा है। घरेलु महिलाओं के लिए यह योजना बहुत बहुत ही मददगार साबित हो रहा है। नंदलाल का बेटा ललेश्वर कुमार अभी महाविद्यालय में अध्यनरत है, उसने बताया कि शासन की योजनाओं से उनका परिवार काफी खुश है। उन्हें शासन की योजनाएं बहुत अच्छी लगती है, उसका क्रियान्वयन जमीनी स्तर पर अच्छे से हो रहा है, जिसका परिणाम है कि हमारे जैसे परिवार में अब खुशियां आई हुई है।

समाचार संक्षेप

चाकू से वारकर प्राणघातक चोट पहुंचाने वाले आरोपी गिरफ्तार

बलौदाबाजार, 29 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। प्रार्थी अश्विनी द्वारा थाना सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 27 जून को मैं अपने भांजे को अपने नाश्ता भजिया बनाने वाले होटल की देखरेख करने को कहकर सामान लेने के लिए बलौदाबाजार चला गया था। सायं लगभग 06:00 बजे वापस होटल आने पर देखा कि मेरे भांजा राजेंद्र के सांथ आरोपी चंद्र प्रकाश, लेखराम एवं एक अन्य आरोपी द्वारा अश्लील गाली गलौज करते हुए लड़ाई झगड़ा किया जा रहा था। मेरे द्वारा मना करने पर आरोपियों द्वारा एक राय होकर जान से मारने की नीयत से मेरे ऊपर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया गया, जिससे मेरे सिर, पसली, जांघ, दाहिना आंख के पास आदि जगह चोंट आया है। बीच बचाव करने आए मेरे भांजा राजेंद्र एवं राहुल के ऊपर भी आरोपियों द्वारा चाकू से जानलेवा हमला किया गया, जिससे उन्हें भी शरीर में कई जगह गंभीर चोटे आई हैं। घटना कारित करने के पश्चात तीनों आरोपी मौके से भाग गए। कि रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 415/2024 धारा 307, 294, 34 भादवि 25, 27 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में थाना सिटी कोतवाली से सहायक उप निरीक्षक राजेंद्र पाटील के साथ पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए घटना के 12 घंटे के भीतर तीनों आरोपियों को पकड़ लिया गया। आरोपियों से पूछताछ पर तीनों आरोपियों द्वारा लड़ाई झगड़ा करना एवं चाकू से प्रार्थी एवं उसके रिश्तेदारों के उपर जानलेवा हमला करना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में चंद्र प्रकाश सहित तीनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

11 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ 2 कोचिए पकड़ाए

लवन, 29 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। थाना लवन पुलिस द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले शराब कोचियों के विरुद्ध कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में 26 जून को थाना लवन से म0प्र0आर0 सुमित्रा जाटवर व हमराह स्टाफकी पुलिस टीम द्वारा ग्राम मरदा में घेराबंदी कर अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 02 शराब कोचिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपीगण से कुल 11 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमत 2200 जप्त किया गया है। आरोपीगण के विरूद्ध थाना लवन में अप.क. 278, 279/24 धारा 34(2) आब0 एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध की गई है।

एक नजर

राजेश छाबड़िया प्रदेश सचिव व नंदलाल तनवानी प्रदेश मंत्री

भाटापारा, 29 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत की प्रदेश कमेटी की घोषणा संत शिरोमणि सांई युद्धिष्ठिर लाल जी की पावन उपस्थिति में प्रदेश अध्यक्ष महेश दरयानी द्वारा की गई, जिसमें पूज्य सेन्ट्रल सिंधी पंचायत भाटापारा के महासचिव, बजरंग वार्ड के पार्षद व संत कंवरराम सेवा मंडल के अध्यक्ष राजेश हजारीलाल छाबड़िया को प्रदेश सचिव एवं पूज्य सेन्ट्रल सिंधी पंचायत भाटापारा के कार्यकारिणी सदस्य व सक्रिय समाजसेवी नंदलाल तनवानी को प्रदेश मंत्री मनोनित किया।दोनों नवनियुक्त पदाधिकारीयों द्वारा प्रदेश अध्यक्ष महेश दरयानी, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष महेश रोहरा व प्रदेश कोषाध्यक्ष कैलाश बालानी का आभार व्यक्त करते हुए समाज द्वारा दिये गए सम्मान व जवाबदारी को पूर्ण निष्ठा के साथ निभाने की बात कही है।इस नियुक्ति पर पूज्य सेन्ट्रल सिंधी पंचायत भाटापारा के अध्यक्ष इंदरलाल थारानी, पूज्य बिरादरी पंचायत के अध्यक्ष भीषम गुरयानी, अनिल रोचलानी, सुदामा मंधान, रहंदा गेहाणी, श्रीचंद छाबड़िया, राकेश मंधान, रूपेश किंगरानी, रंजित दावानी, राजेश थारानी, गुरूमुख गंगवानी, किशोर दावानी, प्रताप ठाकुर, विक्की छाबड़िया, गोलू थारानी, महेश चंदानी, आत्माराम जोतवानी, नितिन भोजवानी, सच्चानंद थदवानी, जगदीश लालवानी सुरेश वाधवानी, मंगलानी, श्रीचंद भिरानी सहित नगरजनों ने बधाई प्रेषित की है।

ररुहा राम वर्मा माध्यमिक शाला में न्योता भोज का आयोजन

तिल्दा-नेवरा, 29 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। ररुहा राम वर्मा पूर्व माध्यमिक शाला तिल्दा में शादी की सालगिरह के अवसर पर अग्रवाल आभूषण तिल्दा नेवरा के विशाल अग्रवाल और श्रेया अग्रवाल ने न्योता भोज का आयोजन कर सबसे पहले सरस्वती माता का वंदन किया। उसके बाद वे बच्चों के बीच पहुंचे और उन्हे बैठकर थाली लगाई। उसके बाद पूडी, सब्जी, दाल, चावल और खीर परोसा। इसके बाद बच्चों को केक भी खिलाया। बच्चों को शाला परिसर में तिलक लगाकर, गणवेश, पुस्तक, बैग और चॉकलेट बांटी गई। समाज सेवी गौरव अग्रवाल ने कहा न्योता भोजन का उद्देश्य समुदाय के बीच अपनेपन की भावना का विकास, भोजन के पोषक मूल्य में वृद्धि तथा सभी समुदाय वर्ग के बच्चों में समानता की भावना विकसित करना है. इस न्योता भोज का उद्देश्य सामाजिक सदभाव बढ़ाने के साथ बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना है।

देर शाम बलौदाबाजार पहुंचे मुख्य सचिव व पुलिस महानिदेशक

कलेक्टोरेट बिल्डिंग का लिया जायजा बैठक में अधिकारियों का बढ़ाया मनोबल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 29 जून। प्रदेश के मुख्य सचिव अमिताभ जैन एवं पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा आज देर शाम जिला मुख्यालय बलौदाबाजार पहुंचे। उन्होंने आगजनी की घटना के बाद कलेक्ट्रेट बिल्डिंग के पूर्ण हो चुके रेस्टोरेंशन कार्य का जायजा लिया तथा अधिकारियो की बैठक लेकर सामान्य ढंग से पुनः बेहतर दायित्व निर्वहन के लिए उनका मनोबल बढाया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अमित गुप्ता, रायपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक अमरेश कुमार मिश्रा भी उपस्थित थे।

मुख्य सचिव जैन ने कहा कि घटना बहुत ही दुर्भाग्यजनक है। इससे भौतिक एवं मानसिक प्रभाव पड़ा है। भौतिक प्रभाव से जल्द पार पाया जा सकता है लेकिन मानसिक स्थिति सामान्य होने में समय लगता है। जिला प्रशासन ने भवन का रेस्टोरेंशन बहुत कम समय में पूर्ण कर लिया है और सभी अधिकारी कर्मचारी सामन्य रूप से काम कर रहे हैं तथा मानसिक स्थिति सामान्य बनाने के सार्थक प्रयास हुए हैं। उन्होने कहा कि जो भी क्षति हुई है उसके लिए राशि के लिए शासन पूरा सहयोग करेगी। उन्होंने कहा कि आम जनता से सीधा संवाद करने तथा उनकी समस्या का तत्काल निराकरण करने के लिए जनसमस्या निवारण शिविर शुरू किया जा सकता है। सभी अधिकारी - कर्मचारी घटना से उबर कर खुश व प्रसन्न रहें तथा इस जिले को जन हितैषी जिला बनाने का संकल्प लें।

पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा ने कहा कि इस घटना की पुनरावृति न हो। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा जो भी निर्देश दिए जा रहे हैं उसका पालन सुनिश्चित करें। इस घटना से अधिकारी कर्मचारी का मनोबल कम हुआ है लेकिन उससे जल्दी उबरना होगा। उन्होने कहा कि लोक सेवक का कर्तव्य है कि उसका लोगों के साथ सम्पर्क व संवाद होती रहे। संवादहीनता बिलकुल न आने दें। अधिकारी अपने कक्ष में कम से कम 2-से 3 घंटे जरूर बैठें और लोगों से मिलें। उन्होंने कहा कि घटना में जिनके विरुद्ध साक्ष्य मिल रहे हैं उन पर ही कानूनी कार्रवाई हो।

कलेक्टर दीपक सोनी ने पावर पॉइंट प्रेजेटेशन के माध्यम से अब किये गए कार्यवाहियों की सिलसिलेवार जानकारी दी। उन्होने बताया कि क्षति का आकलन कर लिया गया है जिसमें करीब 12 करोड़ रूपये का नुकसान हुआ है। पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त वहानो के बीमा दावा राशि का भुगतान शुरू हो गया है। 24 घण्टे सोशल मीडिया मॉनिटरिंग

की जा रही है। नकरात्मक पोस्ट वाले एकाउन्ट को बलॉक किया जा रहा है। उन्होने मुख्य सचिव को विश्वास दिलाया कि बैठक में जो भी निर्देश दिए गए है उसका पालन सुनिश्चित की जाएगी तथा बेहतर कार्य करने सभी का प्रयास होगा।

पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने बताया कि मुख्य आयोजक एवं उसके सहयोगियों सहित अब तक 153 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। संदेहियों की लगातार जाँच की जा रही है। बैठक में में डीएफओ मयंक अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति गौते सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

सिर्वे पीएमश्री स्कूल में प्रवेश उत्सव में अतिथि हुए शामिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

तिल्दा-नेवरा, 29 जून। तिल्दा ब्लॉक के पीएमश्री विद्यालय सिर्वे में प्रवेश उत्सव मनाया गया। नवप्रवेशी बच्चो को पुस्तक, गणवेश, के साथ मिठाई खिलाकर आज अतिथियों के साथ साथ पालक, शिक्षक ने नन्हे बच्चे का स्वागत किया।

सीईओ गोस्वामी, बीइओ जाहिरे बीआरसीसी संतोष कुमार शर्मा, भाजपा के ज़िला महामंत्री अनिल अग्रवाल, शहर मंडल महामंत्री सौरभ जैन, वरिष्ट भाजपा नेता नरेंद्र शर्मा, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष दीपक वर्मा, सरपंच श्रीमति विद्या अनिल वर्मा, राजकुमार वर्मा, सुखचंद यादव, अकबर यादव, रेवा राम धीवर,नोडल प्राचार्य डहरिया जी,समन्वयक एनके वर्मा, प्रधान पाठक शिव वर्मा, एनके वर्मा , शाला प्रबंधन समिति और पालकगण विद्यालय में हो रहे कार्यों से प्रसन्न हुए। ज़िला महामंत्री अनिल अग्रवाल ने विद्यालय के लिए प्रार्थना शेड निर्माण की माननीय मंत्री टंक राम वर्मा से अनुमोदन कराने की घोषणा की। प्रधान पाठक ओपी वर्मा ने प्रतिभाशाली बच्चो और शिक्षको की जानकारी दी तथा उन्हें सम्मानित किया गया। अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

सरकारी स्कूल की इस तरह से कायाकल्प पर सभी अतिथियों ने प्रधान पाठक, शिक्षक सहित पूरे ग्रामवासियों को बधाई शुभकामनाएं दी और भविष्य में विद्यालय को सहयोग देने की बात कही। समन्वयक एनके वर्मा ने अतिथियों का आभार प्रकट करते हुए विद्यालय परिवार को बधाई दी।

1 जुलाई से लागू हो रहे तीन महत्वपूर्ण कानूनों की दी जा रही है जानकारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बालोद, 29 जून। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार बालोद जिला प्रशासन द्वारा जिले के आम नागरिकों को 01 जुलाई 2024 से देश में लागू हो रहे तीन महत्वपूर्ण कानून भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय न्याय संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के संबंध में विभिन्न माध्यमों से निरंतर जानकारी दी जा रही है। जिससे कि जिले के आम नागरिकों को तीनों नए कानूनों के संबंध में भली-भाँति जानकारी हो सके। इसके अंतर्गत जिला मुख्यालय के अलावा जिले के सभी थाने आदि निर्धारित स्थानों में बैनर पोस्टर, पाम्पलेट, रैली, जागरूकता अभियान तथा कार्यशाला आयोजित कर इन तीनों नवीन कानूनों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। जिला एवं पुलिस प्रशासन द्वारा राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले के जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों, मीडिया प्रतिनिधियों, अधिवक्ताओं एवं व्यापारियों सहित समाज के सभी वर्ग के लोगों को नए कानूनों के संबंध में जानकारी प्रदान करने हेतु अलग-अलग तिथियों में कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।

इसके अंतर्गत बुधवार 26 जून को जिला पंचायत के सभाकक्ष में दोपहर 12 बजे से 01.30 बजे तक जनप्रतिनिधि, मीडिया प्रतिनिधियों, अधिवक्ता एवं व्यापारी संघ के सदस्यों को इस नए कानूनों के संबंध में जानकारी प्रदान करने हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इस कार्यशाला में जिले के विधायक, पूर्व विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, नगर पालिका अध्यक्ष एवं पार्षदगण उपस्थित रहेंगे।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सुकमा, जिला-सुकमा (छ.ग.)

// जोनल निविदा प्रथम आमंत्रण सूचना//

क्रमांक/193/NIT-01/व.ले.लि./ग्रा.यां.सेवा/2024-25 सुकमा, दिनांक 26/06/2024

1. एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित विकासखण्ड सुकमा, छिन्दगढ़ एवं कोन्टा अंतर्गत सिविल एवं आंतरिक विद्युतीकरण कार्य कराये जाने हेतु जोनल निविदा जोनवार आमंत्रित की जाती है:-

कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रू. लाख में)
1	2
(1) जोनल निविदा विकासखण्ड सुकमा, छिन्दगढ़ एवं कोन्टा अंतर्गत विभिन्न मदों में स्वीकृत रू. 10.00 लाख एवं इससे कम लागत के भवन/मंच/पुलिया/बाउंड्रीवाल/नाली/सड़क एवं अन्य प्रकार के निर्माण कार्य हेतु (वि.ख. सुकमा हेतु 3 जोन, छिन्दगढ़-4 जोन एवं वि.ख.कोन्टा-3)	प्रत्येक जोन हेतु 40.00 लाख
(2) जोनल निविदा विकासखण्ड सुकमा, छिन्दगढ़ एवं कोन्टा अंतर्गत विभिन्न मदों में स्वीकृत भवन निर्माण कार्य जिसमें रू.10.00 लाख एवं इससे कम लागत के आंतरिक विद्युतीकरण कार्य हेतु	प्रत्येक वि.खण्ड हेतु 10.00 लाख

निविदा डाउनलोड एवं डी.डी. बनाने की अंतिम तिथि 08.07.2024

2. उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट http://res.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियन्ता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सुकमा
जिला-सुकमा (छ.ग.)

जी-242500678/4

जिला जल एवं स्वच्छता मिशन समिति की बैठक सम्पन्न

जल जीवन मिशन के कार्यों की गुणवत्ता पर समझौता बर्दाश्त नहीं : कलेक्टर

- पाईप लाईन बिछाने खोदे गए गड्ढों को भरने अभियान चलाने के निर्देश
- कार्य पूर्ण हो चुके गाँवों में हर- घर जल का क्रियान्वयन होगा शीघ्र

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 29 जून। कलेक्टर दीपक सोनी की अध्यक्षता में शुक्रवार को जल जीवन मिशन अंतर्गत जिला जल एवं स्वच्छता मिशन समिति की बैठक का आयोजन संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में किया गया। बैठक में जल जीवन मिशन अंतर्गत जिले में कार्य प्रगति एवं गुणवत्ता के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा कर जरुरी निर्देश दिए गए। कलेक्टर सोनी ने सभी इंजीनियर एवं निरीक्षकों को दो टूक कहा कि जल जीवन मिशन के कार्य में गुणवत्ता को लेकर कोई समझौता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सम्बंधित पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि जल जीवन मिशन अंतर्गत विभिन्न योजना के तहत गांव में बन रहे ओवर हेड टैंक का निर्माण गुणवत्तापूर्ण हो। तकनीकी निरीक्षक के निरीक्षण में यदि निर्माण में कोई कमी बताई जाती है और ठेकेदार द्वारा कार्य में सुधार कर दिया जाता है उसके पश्चात विभागीय इंजीनियर एवं तकनीकी निरीक्षक संयुक्त रूप से सुधार कार्य की जाँच करें। उन्होंने कहा कि तकनीकी

निरीक्षक गुणवत्ता मानक के अनुसार निर्माण कार्य का सखूती से जाँच करें तभी गुणवापूर्ण निर्माण हो सकेगा। उन्होने जिस संस्थान द्वारा तकनीकी आकलन एवं डिजाइन तैयार किया गया है उससे पूरे निर्माण कार्य का लगभग 15 प्रतिशत कार्य का रैण्डम जाँच कराने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण काम करने पर ही ठेकेदारों को राशि भुगतान करें, उनके कामो पर कड़ी निगरानी रखें। ठीक से काम नही करने पर पेनाल्टी के साथ भुगतान करें।

कलेक्टर ने कहा कि जल जीवन मिशन अंतर्गत पाईप बिछाने के लिए सडक किनारे खोदे गए गड्ढों को लम्बे समय तक नहीं भरने से सबसे ज्यादा समस्या गांव वालों को हो रही है। बरसात शुरू होने से और दिक्कत बढ़ेगी। सड़क किनारे खोदे गए गड्ढों को एक सप्ताह में भरने के लिए अभियान चलाएं। किसी भी गांव में गड्ढों में जलभराव की समस्या नही आनी चाहिए। जिन ग्रामों में शतप्रतिशत कार्य पूर्ण हो गए हैं वहाँ हर- घर जल की क्रियान्वयन शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्य पूर्ण होने पर 6 माह तक ठेकेदार द्वारा पंप संचालन का कार्य किया जाएगा।उसके पश्चात व्यवस्थित संचालन के लिए ठेकेदार द्वारा प्रशिक्षण दिए गए गांव के ही व्यक्ति को जल मित्र के रूप में चयन करें।बताया गया कि जिले के करीब 740 गांव में जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर जल पहुँचाना है। अब तक 128 गांव में काम पूरा हो गया है और 71गाँव में हर घर जल पहुँच गया है। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, पीएचई के कार्यपालन अभियंता मनोज सिँह ठाकुर, सीएमएचओ डॉ एम पी महिश्वर, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास टी के जाटवर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड नारायणपुर, जिला-नारायणपुर
(जल जीवन मिशन)
ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

निविदा क्र. 07, 08, 09, 10, 11, 12, 13, 14, 15, 16, 17, 18, 19, 20 21,/त.शा./का.अ./लो.स्वा.यां.वि./2023/
नारायणपुर,/दिनांक 27.06.2024

छत्तीसगढ़ राज्य के राज्यपाल की ओर से जिला नारायणपुर में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

क्र.	सिस्टम क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (लाख में)
01	155501	सोलर आधारित नलजल प्रदाय योजना कन्हारगांव	34.46
02	155504	सोलर आधारित नलजल प्रदाय योजना बड़गांव	8.46
03	155508	सोलर आधारित नलजल प्रदाय योजना छोटेसुहनार	8.43
04	155509	सोलर आधारित नलजल प्रदाय योजना मड़ागड़ा	7.88
05	155510	सोलर आधारित नलजल प्रदाय योजना माहका	7.76
06	155511	सोलर आधारित नलजल प्रदाय योजना झारा	5.48
07	155512	सोलर आधारित नलजल प्रदाय योजना कोकपाड़	9.40
08	155514	सोलर आधारित नलजल प्रदाय योजना गरदापाल	22.92
09	155515	सोलर आधारित नलजल प्रदाय योजना टेमरूगांव	17.17
10	155516	सोलर आधारित नलजल प्रदाय योजना सुलेंगा	9.94
11	155517	सोलर आधारित नलजल प्रदाय योजना कोंगेरा	19.98
12	155519	सोलर आधारित नलजल प्रदाय योजना माहका	16.84
13	155520	सोलर आधारित नलजल प्रदाय योजना बिंजली	20.93
14	155521	सोलर आधारित नलजल प्रदाय योजना कुम्हारीछोटा	13.67
15	155522	सोलर आधारित नलजल प्रदाय योजना खोड़गांव	5.69

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 05.07.2024 है।

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी ई-प्रोक्यारेमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
नारायणपुर, (छ.ग.)

जी-242500647/3

एक नजर

अहिवारा के विधायक कोर्सेवाड़ा को मंत्री बनाए जाने की चर्चा

रायपुर, 29 जून(मुख्य नगर संवाददाता)। विष्णु देव सरकार में मंत्रिण्डल के विस्तार की चर्चा चल रही है। मुख्यमंत्री हाईकमान से चर्चा करने के लिए दिल्ली गए हुए हैं। राज्य में सतनामी समाज की राजनीति पर पकड़ बनाने के लिए सतनामी समाज के विधायक को मंत्री पद देने की चर्चा है। दुर्ग जिले के अहिवारा क्षेत्र के विधायक मदनलाल कोर्सेवाड़ा को मंत्री बनाए जाने की चर्चा है। इसका प्रमुख कारण हाल ही में बलौदाबाजार क्षेत्र में सतनामी समाज में उपजे आक्रोश को शांत करना है। वर्तमान में दयालदास बघेल नवागढ़ के विधायक हैं। वे सतनामी समाज का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। मुख्यमंत्री आज राजधानी लौटने वाले हैं। मंत्री परिषद के विस्तार को लेकर चर्चा चल रही है लेकिन अभी तक किस विधायक को मंत्री बनाया जाएगा यह स्पष्ट नहीं है। राजधानी सहित नई दिल्ली तक सभी विधायक अपने-अपने राजनीतिक आकाओं से संपर्क बनाए हुए हैं।

नौकरी के नाम पर 18 लाख की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

रायपुर 29 जून। राजधानी रायपुर में नौकरी के नाम पर पैसों की ठगी का मामला सामने आया है। यहां एक व्यक्ति ने विद्युत विभाग में नौकरी लगाने का झांसा देकर दो भाईयों से 18 लाख रुपए की ठगी कर ली। फ़िलहाल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला गुढियारी थाना क्षेत्र का है, जहां आरोपी ने विद्युत विभाग में जूनियर इंजीनियर की नौकरी लगवाने की बात कहकर परीक्षा में चयन कराने की गारंटी लेते हुए पैसे की ठगी की। जब दो बार परीक्षा दिलाने के बाद भी लिस्ट में नाम नहीं आया तब दोनों भाइयों को ठगी का शक हुआ और गुढियारी थाना में मामला दर्ज करवाया। बहरहाल पुलिस ने आरोपी अविनाश सिंह ठाकुर को धारा 420 के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में छग को मिला सम्मान

रायपुर 29 जून। विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित आयुष्मान भारत, गुणवत्ता स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य के बलौदाबाजार के आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केन्द्र सहसा व जिला चिकित्सालय कोंडागांव की टीम का दिल्ली में सम्मान किया गया । विदित हो कि स्वास्थ्य सेवाओं के गुणवत्ता पूर्ण प्रदायगी व राष्ट्रीय स्तर कड़े मानकों पर खरा उतरने वाले अस्पतालों को ही केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा गुणवत्ता प्रमाण-पत्र जारी किए जाते हैं। छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों ने अभूतपूर्व प्रदर्शन करते हुए बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदायगी व अस्पताल की सेवाओं और संतुष्टि स्तर पर खरा उतरते हुए यह सम्मान प्राप्त किया है ।

नौकरी दिलाने का झांसा देकर 2 लाख की ठगी

रायपुर, 29 जून। स्वास्थ्य विभाग में नौकरी दिलाने का झांसा देकर 2 लाख की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ीर का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अमित जायसवाल 25 वर्ष झंडा चौक संजयनगर का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी मानवेन्द्र सिंह बैस, राधिका बैस व वरूण बैस ने प्रार्थी को स्वास्थ्य विभाग में नौकरी दिलाने का झांसा देकर 2 लाख रुपए ऐंठ लिया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

पार्किंग में खड़ी बाइक पार

रायपुर, 29 जून । गुरुघासीदास प्लाजा पार्किंग के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी त्रिभूवन उपाध्याय 49 वर्ष विमला विहार अपार्टमेंट भाठागांव का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एचजेड 8101 को गुरुघासीदास प्लाजा के पार्किंग में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

युवक से मारपीट

रायपुर, 29 जून । साहू किराना दुकान के पास मांढर में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक ने दूसरे युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सन्नी साहू 32 वर्ष मांढर का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी मांढर में ही साहू किराना दुकान के पास गया था, तभी पुरानी रंजिश के चलते आरोपी अजय साहू ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294,506,323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

बीएसयूपी कालोनी में पुलिस का छापा

100 सदस्यीय पुलिस टीम ने ली तलाशी

रायपुर 29 जून। पुलिस अपराधों की रोकथाम, अपराधियों पर नकेल कसने सहित सुरक्षा व शांति व्यवस्था के मद्देनजर आज वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम डी.आर.पोर्ते के नेतृत्व में नगर पुलिस अधीक्षक आजाद चौक अमन कुमार झा (भा.पु.से.) एवं नगर पुलिस अधीक्षक पुरानी बस्ती श्री राजेश देवांगन के नेतृत्व में 07 थाना प्रभारियों एवं थानों की टीम सहित लगभग 100 सदस्यीय पुलिस टीम द्वारा आज तड़के प्रातः 06:00 बजे थाना पुरानी बस्ती क्षेत्रांतर्गत भाठागांव स्थित बी.एस.यू.पी. कालोनी में गुण्डा बदमाश, निगरानी बदमाश, संदिग्ध व्यक्ति, असमाजिक तत्वों एवं अपराधों में संलिप्त व्यक्तियों सहित पुराने अपराधियों के विरूद्ध छापेमारी कार्यवाही किया गया।

छापेमार कार्यवाही के दौरान सैकड़ो मकानों को चेक किया। बी.एस.यू.पी. कालोनी में निवासरत गुण्डा बदमाश, निगरानी बदमाश, संदिग्ध व्यक्ति, असमाजिक तत्वों एवं अपराधों में संलिप्त व्यक्तियों सहित पुराने अपराधियों को अपराधों से दूर रहकर शांति पूर्वक अपने परिवार के साथ जीवन यापन करने, पुलिस द्वारा जब भी उन्हें उपस्थित होने कहा जाता है तो तत्काल उपस्थित होने तथा क्षेत्र में सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने सख्त हिदायत दिया गया तथा 02 संदेहियों को थाना पुरानी बस्ती लाकर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। इसके साथ ही बी.एस.यू.पी. कालोनियों के मकानों में निवासरत व्यक्तियों व किरायेदारों का सत्यापन किया गया एवं किरायेदार का फॉर्म किरायेदारों को देकर फॉर्म भरकर थाना में जमा करने निर्देशित करने के साथ ही बाहर से आए बाहरी व्यक्तियों का भी सत्यापन कर पूछताछ की गई।



मंगल मिलन और सम्मान समारोह में बृजमोहन अग्रवाल हुए शामिल

रायपुर 29 जून। लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल नरेन्द्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर दिल्ली में सम्पूर्णा संस्थान द्वारा आयोजित मंगल मिलन और सम्मान समारोह विकसित भारत 2047 में शामिल हुए। कार्यक्रम में संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजीजू, इंदौर सांसद शंकर लालवानी एवं आगरा सांसद समेत तमाम गणमान्य उपस्थित रहे। बृजमोहन अग्रवाल ने कहा इस अवसर पर 'मोदी जी20 ड्रीम्स मीट डिलीवरी' के जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 20 वर्षों के राजनीतिक जीवन को देखने और समझने का मौका मिला।

मानसून सत्र में लगेगी प्रश्नों की झड़ी

- उद्योगपतियों की जमीन फ्रीहोल्ड करने का मामला उठेगा

मुख्य नगर संवाददाता

रायपुर, 29 जून। विधानसभा के मानसून सत्र के लिए उद्योग विभाग सहित अन्य 20 विभागों के प्रश्न बड़ी संख्या में लगने शुरू हो गए हैं। उद्योगपतियों ने औद्योगिक क्षेत्रों में जमीन को फ्रीहोल्ड करने एवं अन्य सुविधाएं देने की मांग की है। इस पर विधायकों ने अनेक प्रश्न लगाए हैं।

विधानसभा सचिवालय से मिली जानकारी के अनुसार मानसून सत्र में अब प्रश्नों की झड़ी लग रही है। आज शनिवार और रविवार होने के कारण ऑनलाईन प्रश्न नहीं लग पा रहे हैं। उद्योग, शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग से संबंधित अनेक प्रश्न लगाए गए हैं। उद्योग विभाग उद्योगपतियों को जमीन लीज पर देता है जिसके कारण उद्योगपतियों को बैंक से लोन लेने एवं अन्य कार्यों के लिए काफी परेशानी होती है। विधानसभा में लगाए गए प्रश्न में यह भी पूछा गया है कि अभी तक कितने उद्योग लगाए गए हैं। ये उद्योग सिर्फ कागज में है या जमीनी स्थिति कुछ और है। प्रश्न लगने के बाद उद्योग विभाग के अधिकारी मौके पर जाकर वस्तुस्थिति की जानकारी ले रहे हैं।

वर्तमान में उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन हैं जो कि कुछ और विभागों का भी दायित्व संभाल रहे हैं। सीएसआईडीसी में भी उन्होंने अधिकारियों की बैठक लेकर उद्योगों की जानकारी ली है। उद्योग विभाग से जुड़े पर्यावरण विभाग लो लेकर भी प्रश्नों की भरमार है। औद्योगिकी क्षेत्र में निरंतर प्रदूषण को लेकर अनेक शिकायतें हैं। वर्तमान में रायपुर, भिलाई, बिलासपुर में औद्योगिक इकाईयां स्थापित हैं। कोरबा तथा रायगढ़ में भी उद्योग लग रहे हैं। शिक्षा विभाग में शिक्षकों की कमी एवं भवनों की दुर्दशा को लेकर विधायकों द्वारा अनेक प्रश्न लगाए गए हैं।

महाविद्यालयों में प्राध्यापकों की कमी संबंधी प्रश्न लगाए गए हैं। वर्तमान में मुख्यमंत्री ही शालेय शिक्षा एवं उच्च शिक्षा विभाग का कार्यभार देख रहे हैं। विधानसभा में शासन के 45 विभागों के संबंध में पूछे गए प्रश्नों को खंडवार बांटा गया है। इनमें से कई मंत्रियों को अलग-अलग दिन जवाब देना होगा। प्रदेश में गिरती कानून व्यवस्था, खनिज माफिया एवं शराब के ओवर रेट के मामले को लेकर भी काम रोको प्रस्ताव लाए जाने की रणनीति विपक्ष बना रहा है।

अर्पण दिव्यांग स्कूल में राउंड टेबल ने बनावाए दो स्मार्ट क्लास रूम

- सभापति प्रमोद दुबे ने किया उद्घाटन, कहा- मानव सेवा ही माधव सेवा

रायपुर 29 जून। अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल बजाज कॉलोनी न्यू राजेन्द्रनगर में शुक्रवार को दो नवीन क्लास रूम का लोकार्पण हुआ। अनुकरणीय बात ये है कि इसके लिए राशि जुटाने रायपुर कैपिटल राउंड टेबल 241 के सदस्यों द्वारा आनंद मेले जैसे आयोजनों से फंड एकत्रित किया गया था। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रायपुर नगर निगम के सभापति श्री प्रमोद दुबे तथा संस्था के एरिया चेयरमैन श्री सुमीत बरडिया विशेष अतिथि थे। संस्था को इस मुकाम तक ले जाने में गोदावरी पावर व इबलू का भी विशेष सहयोग रहा है।

इस मौके पर श्री प्रमोद दुबे ने कहा कि दिव्यांग बच्चों को शिक्षा देने के मकसद से इस स्कूल की शुरुआत की गई थी तब लग रहा था बड़ी चुनौती है, लेकिन लोग स्वमेव जुड़ते गए और सहयोग के लिए हाथ बढ़ाया तो आज सर्वसुविधायुक्त इस स्कूल को देखकर गर्व से कह सकते हैं कि पूरे छत्तीसगढ़ के लिए यह एक बड़ा उदाहरण है। यहां अध्ययनरत्त बच्चों का भविष्य संवर रहा है और वे किसी भी नामचीन स्कूल से पीछे नहीं हैं। जरूरत के हिसाब से लगातार स्कूल का विस्तार भी किया जा रहा है, इसी कड़ी में आज दो नवीन क्लास रूम का लोकार्पण हुआ। श्री सुमीत बरडिया ने कहा कि आगे भी स्कूल की जो जरूरतें होंगी हमारी संस्था सहयोग करने तैयार है।

रायपुर कैपिटल राउंड टेबल 241 के अध्यक्ष शास्वत सराफ और सचिव अक्षत टंडन के विशेष रूचि लेने के कारण काफी कम समय में दो क्लास रूम, 2 वाश रूम, टायलेट के साथ लगभग डेढ़ लाख रुपए की टेबल कुर्सी, बिजली, पंखे, पानी इत्यादि की सुविधा भी मुहैया करायी गई है। उन्होने कहा कि ऐसे बच्चों के स्कूल को मदद करने में एक अलग ही सुखद अनुभूति होती है। संस्था के सभी सदस्य आगे भी हर सहयोग करने तत्पर रहेंगे। इस अवसर पर रायपुर कैपिटल राउंड टेबल 241 के अध्यक्ष शास्वत सराफ और सचिव अक्षत टंडन के अलावा उमंग जुनेजा (इमीडेट चेयरमैन), प्रतीक बेनीवाल (वाइस चेयरमैन), अक्षय बरडिया (ट्रेजरर), नैतिक पारख और मृणाल गोलछा (प्रोजेक्ट मैनजर), अर्पण कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रकाश शर्मा, कोआर्डिनटर सीमा छाबड़ा व गणमान्य जन प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

स्कूलों में छत्तीसगढ़ी भाषा लागू करने की मांग को लेकर प्रदर्शन

रायपुर 29 जून। एम ए छत्तीसगढ़ी छात्र संगठन ने एक दिवसीय सांकेतिक प्रदर्शन तूता धरना स्थल मे आयोजित किय। छत्तीसगढ़ी छात्र संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ऋतुराज साहू ने बताया कि छत्तीसगढ़ी भाषा की विभिन्न मांगों को लेकर ये प्रदर्शन आयोजित किया गया. छात्र संगठन ने सरकार से मांग की है कि छत्तीसगढ़ी भाषा स्कूली शिक्षा मे लागू करे, ज़ब राजभाषा छत्तीसगढ़ी बन चुकी है तो उसे सरकार काम - काज की भाषा बनाये. आठवीं अनुसूची के लिए राज्य सरकार के माध्यम से केंद्र सरकार और गृह विभाग राजभाषा आयोग दिल्ली तक जोड़ने के लिए ठोस कदम उठाए जाये साथ ही जैसे सरकार योग दिवस, विभिन्न दिवस का आयोजन करती है उसी प्रकार 28 नवंबर छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस प्रदेश के सभी संस्थानों, स्कूलों कालेजों में जलसा के रूप में मनाया जाये. छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग को भाषाई स्वरूप प्रदान कर छत्तीसगढ़ी राजभाषा आयोग करके पूरे जिलों में इसका विस्तार किया जाये इसके साथ ही साथ एम ए छत्तीसगढ़ी डिग्रीधारी के लिए जो घोषणा विधानसभा में की गई है उसे अविलम्ब पूरा किया जाए। डिग्रीधारियों को एक साथ रोजगार दिया जाये क्योंकि छत्तीसगढ़ी मे रोजगार विगत तेरह वर्षों में आज तक नहीं मिल पाया है राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत इसी वर्ष से स्कूली शिक्षा मे छत्तीसगढ़ी लागू की जाये. पीएम श्री मे स्थानीय भाषा के तहत छत्तीसगढ़ी को जोड़ा जाये। आगे साहू ने बताया कि लगातार हम छत्तीसगढ़ी की मांग को सरकार तक पहुंचाने का कार्य कर रहे है उसके बाद भी अब तक छत्तीसगढ़ी के लिए कोई खास पहल सरकार कि ओर से नहीं की जा रही है आज इस सत्र का स्कूल चालू हो गए है परन्तु छत्तीसगढ़ी लागू नहीं है स्कूलों में हमारा दुर्भाग्य है कि छत्तीसगढ़ी के इन सारी मांगो को लेकर हमें प्रदर्शन करना पड़ रहा है जबकि सरकार को स्वमेव इसे दिया जाना चाहिए।छात्र संगठन ने सरकार को सांकेतिक रूप से चेतावनी दिया है ।

श्रीमद् भागवत कथा कलश यात्रा के साथ प्रारम्भ

रायपुर 29 जून। सरयूपारीण ब्राह्मण सभा द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत ज्ञान सप्ताह का प्रारम्भ आज प्रातः कलश यात्रा के साथ प्रारम्भ हुवा।प्रातः समाज की मातृशक्तियो व समाज के लोगों के द्वारा समीप के हनुमानजी के मंदिर तक कलश के साथ जाकर पूजन अर्चन कर श्रीमद्भागवत जी को आव्हान कर तुलसी कक्ष में विराजित कर व्यास पीठ की पूजा की गई। नवग्रहों की स्थापना पूजन के साथ ग्राम देवता व सभी की आराधना की गई।कथा के प्रमुख यजमान विष्णुदत्त मिश्रा परिवार हैं।व्यासपीठ में प्रसिद्ध कथावाचक पंडित शिवेंद्रमणि त्रिपाठी विराजमान हैं।कथा प्रतिदिन शाम 3 बजे से प्रारम्भ होगी।आरती पश्चात भंडारे की व्यवस्था है। कलश स्थापना में सर्व श्री डॉ सुरेश शुक्ला, कैलाश तिवारी,रामलोटन द्विवेदी, राजेन्द्र शर्मा,डॉ विजयशंकर मिश्रा, कल्याण प्रसाद पान्डेय,राजेश त्रिपाठी के एस शुक्ला,रजनीश गौत्तम , उमेश तिवारी, द्वारिका प्रसाद पान्डेय, शुशील तिवारी, नितिन शर्मा, महिला अध्यक्ष श्रीमती सुमन पांडे,सुनीति जी सुमन जी आदि उपस्थित थे।

निगम चुनाव, फ्लैक्स की राजनीति शुरू

- जन्मदिवस बधाई के बहाने शहर में लग रहे फ्लैक्स
- परिसीमन को लेकर सियासी तकरार

मुख्य नगर संवाददाता

रायपुर, 29 जून। नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियां अब शासन स्तर पर शुरू हो गई है। महापौर पद के दावेदारों ने अब जन्मदिवस के बहाने अपना प्रचार शुरू कर दिया है। प्रफुल्ल विश्वकर्मा के पश्चात अब सूर्यकांत राठौर ने भी पूरे शहर में जन्मदिवस के उपलक्ष्य में अपने फ्लैक्स लगवा दिए हैं। ज्ञात रहे महापौर के पद का आरक्षण लॉटरी पद्धति से होगा।

रायपुर नगर निगम के चुनाव 6 माह पश्चात होने वाले हैं। इसके लिए वार्डों का परिसीमन किया जाएगा। नियमानुसार पार्षदों एवं महापौर पद के लिए आरक्षण की प्रक्रिया अपनाई जाएगी लेकिन महापौर पद के लिए सत्तारूढ़ दल के संभावित दावेदारों ने अपना शक्ति प्रदर्शन करना शुरू कर दिया है। नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष रहे पूर्व पार्षद सूर्यकांत राठौर ने भी अप्रत्यक्ष रूप से अपनी दावेदारी कर दी है। राजधानी के प्रमुख चौक चौराहों एवं सड़कों पर जन्म दिवस के अवसर पर अपना पोस्टर लगवा दिया है। राज्य में भाजपा की सत्ता है इसलिए महापौर पद के दावेदार सामने आ रहे हैं। इधर कांग्रेस के संभावित दावेदार चुप्पी साधे हुए हैं। ज्ञात रहे वर्तमान में कांग्रेस का महापौर है। कांग्रेस और भाजपा के पार्षदों की संख्या में कोई विशेष अंतर नहीं है।

परिसीमन की कार्रवाई शुरू

नगर निगम रायपुर में वार्डों के विस्तार के लिए परिसीमन की कार्रवाई शुरू हो गई है। एमआईसी सदस्य श्रीकुमार मेमन ने बताया कि अभी तक शासन के द्वारा समिति गठित नहीं की गई है। इस समिति में शासन की ओर से नोडल अधिकारी देवेन्द्र वर्मा है। निगम प्रशासन की ओर से नगर निवेशक निशिकांत वर्मा तथा सभी जोन कमिश्नरों को रखा जाएगा। शासन द्वारा परिसीमन की प्रक्रिकया शुरू कर दी गई है जो कि 15 जुलाई तक चलेगी। राज्य में परिसीमन को लेकर सियासी तकरार शुरू हो गई है। कांग्रेस ने नगरीय निकाय चुनाव बैलेट पेपर के माध्यम से कराने की मांग की है। भाजपा नेताओं ने इसका विरोध किया है। 15 जुलाई तक परिसीमन का कार्य किया जाना है। राज्य शासन इस पर अंतिम निर्णय लेगा।

सदन में कांग्रेस का मकसद चर्चा नहीं हंगामा करना है: बृजमोहन अग्रवाल

रायपुर 29 जून। लोकसभा में कांग्रेस व अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों की 'नीट' परीक्षा में कथित अनियमितता पर चर्चा कराने की मांग को लेकर हंगामे के कारण लोकसभा की कार्यवाही सोमवार 1 जुलाई सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। जिसपर रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। सांसद अग्रवाल ने कहा कि आज के दिन राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होनी थी। लेकिन विपक्ष राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा नहीं करना चाहता था। विपक्ष चाहता तो अभिभाषण पर चर्चा में जो भी कहना चाहते वो कह सकते थे। लेकिन कांग्रेस समेत विपक्षी दलों ने नियमों के विरुद्ध जाकर और हंगामा करके लोकसभा की कार्यवाही को स्थगित करवा दिया। कांग्रेस का मकसद चर्चा करना नहीं है बल्कि हंगामा करना है। उन्होंने कहा कि 18वीं लोकसभा का यह पहला सत्र है जब देश भर से चुनकर आए नए सांसद भी कार्यवाही को जानना और समझना चाहते हैं। ऐसे समय हंगामा करके लोकसभा की कार्यवाही को बाधित करना सही नहीं है। नीट मामले का राष्ट्रपति जी ने पहले ही अपने भाषण में उल्लेख किया है। लेकिन विपक्ष ने मामले में हंगामा करके देश की जनता की जन आकांक्षा को तोड़कर चर्चा से भाग गए यह निंदनीय है।

विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव के बाद कांग्रेस ने निकाय चुनाव से पहले हार मानी: संजय श्रीवास्तव

रायपुर 29 जून। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा है कि महापौर एजाज ढेबर को अभी से निकाय चुनाव में हार का डर सताने लगा है। महापौर एजाज ढेबर की कुर्सी जाती हुई दिखाई दे रही है इसलिए बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग की है उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ती है। जिन राज्यों में कांग्रेस की सरकार नहीं बनती है वहां पर ईवीएम हैक हो जाती है और जिन राज्यों में उनकी सरकार बनती है वहां की ईवीएम मशीन ठीक रहती है। ईवीएम मशीन से चुनाव होने पर कांग्रेस पार्टी को फर्जी जीत नहीं मिल पाएगी इसलिए कांग्रेस पार्टी हमेशा ईवीएम के बजाय बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग करती है। भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने लोकसभा चुनाव में जो 99 सीटों में जीत मिली हैं क्या वे फर्जी तरीके से इन लोकसभा सीटों में जीत हासिल किए हैं? ईवीएम से चुनाव न हो इसके लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी बार-बार बयान दे रहे हैं। कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से हताशा में चली गई है। उन्होंने कहा कि जिस तरह छत्तीसगढ़ की जनता ने विधानसभा चुनाव एवं लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को सबक सिखाया है उसी तरह आगामी निकाय चुनाव में भी कांग्रेस पार्टी का सूपड़ा साफ होने वाला है। कांग्रेस का निकाय चुनाव में हारना तय है। जिसको लेकर अभी से महापौर एजाज ढेबर हार का बहाना ढूंढ रहे हैं। कांग्रेस पार्टी विधानसभा चुनाव एवं लोकसभा चुनाव में हार के बाद भी अभी तक हार का जिम्मेदार कौन है यह पता नहीं लगा पायी है और हर बार की तरह इस बार भी निकाय चुनाव में हार के लिए अभी से बहाना ढूंढ रही है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26